रक्सौल/पू.च/सं। केसीटीसी महाविद्यालय परिसर में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की ओर से आयोजित इग्नू सत्रांत 2024 की परीक्षा गुरूवार को शांतिपूर्ण संपन्न हो गयी। इग्नू समन्वयक सह परीक्षा नियंत्रक डा. प्रो. इंद्र भूषण ने बताया कि 2 दिसम्बर से शुरू हुई परीक्षा के अंतिम दिन तक शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संपन्न हो गया।

हर हाल में अपराधी होंगे सलाखों के पीछे : एसपी

क्राइम मीटिंग में थानेदार सहित पुलिस पदाधिकारी को दिए जरूरी निर्देश

मोतिहारी/सं। अपराध और अपराधियों से निपटने के लिए एसपी ने क्राइम मीटिंग के दौरान पुलिस पदाधिकारी को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्हें कहा कि किसी भी हाल में क्राइम करने वाले बक्से नहीं जाएंगे। साथ ही शराब तस्करी वह मादक पदार्थ के तस्करी को हर हाल में बंद करने को लेकर भी उन्होंने जरूरी निर्देश दिए। पुलिस कप्तान स्वर्ण प्रभात ने कहा कि नियमित गस्ती व वाहन चेकिंग चलनी चाइये। उन्होंने अभियुक्त व वारंटी की गिरफ्तारी के साथ ही कांडों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा। इसके अलावे पुलिस कप्तान ने कहा कि इश्तेहार तामिला व कुर्की की कार्रवाई में स्थिलता बर्दाश्त नही की जाएगी। क्राइम मीटिंग गुरुवार शाम से शुरू हुआ जो रात तक चला। मौके पर सभी डीएसपी , सर्किल इंस्पेक्टर। व थाना अध्यक्ष उपस्थित रहे।

भाजपा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष को बधाईयों का तांता

हरसिद्धि/पू.च/सं। भाजपा के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष पवन राज को बधाईयों का तांता लगा है। चढ़रहिया के रहने वाले शिक्षाविद् अधिवक्ता प्रभाकर तिवारी के छोटे पुत्र पवन बाल्यकाल से ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े रहे। वे मृदु स्वभाव से पार्टी में सभी के चहते बने रहे। लिहाजा उनके कार्यकलाप को देख 20 वर्ष की उम्र में ही हरसिद्धि प्रखंड के युवा मोर्चा का अध्यक्ष की कमान सौंप दी गई। पवन पार्टी में वर्ष 2006 से लगातार विभिन्न पदो पर रहकर पार्टी को मजबूत करने में जुटे रहे, लिहाजा उन्हे जिलाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुन लिया गया। इस संदर्भ में नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष पवन ने कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेवारी को बखूबी निभाएंगे। सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह के पार्टी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्ग दर्शन पर पार्टी के लिए हर कार्य किया जायेगा। वहीं बधाई देने वाले में गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान, विधायक सुनील मणि तिवारी, विधायक पवन जायसवाल, विधायक श्यामबाबू यादव, विधायक लालाबाबू प्रसाद, पूर्व विधायक सचिंद्र प्रसाद सिंह, निवर्तमान जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, उप मेयर डॉ. लालबाबू प्रसाद, देवेश कुमार सिंह, मातंर्डेय नारायण सिंह, ई. राकेश गुप्ता, ई. कुंदन पासवान, दीपक शर्मा, शंभू प्रसाद, अनिल ठाकुर, राहुल कुमार तिवारी, दिलीप गुप्ता, प्रदीप गुप्ता सहित अनेक शामिल है।

रिशु सिंह गौतम बने जदयू छात्र प्रकोष्ट के जिलाध्यक्ष

चकिया/पू.च/सं। बिहार प्रदेश छात्र जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राधे श्याम ने रिशु सिंह गौतम को जदयू छात्र प्रकोष्ट का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। श्री सिंह चकिया प्रखंड के चिंतामनपुर गांव निवासी है। इनके मनोनयन से पार्टी कार्यकताओं में हर्ष है। वही मनोनयन पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा व छात्र प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राधे श्याम को साधुवाद दिया है। जिलाध्यक्ष के मनोनयन पर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि उनके जीवन का आज ऐतिहासिक दिन है। पार्टी ने जो दायित्व दिया है, उसे बखूबी निर्वहन किया जायेगा। वहीं मनोनयन पर कईयो ने बधाई दी है। इनमें जदयू जिला अध्यक्ष मंजू देवी, विधायक शालिनी मिश्रा, विधान पार्षद डॉ. खालिद अनवर, विधान पार्षद डॉ. वीरेंद्र नारायण यादव, पूर्व विधायक मो. ओबैदुल्ला, पूर्व विधायक रजिया खातून, प्रदेश उपाध्यक्ष अक्षय कुमार, प्रदेश सचिव नीरज कुमार, पूर्व अध्यक्ष भुअन पटेल, प्रखंड अध्यक्ष लखन पटेल, पूर्व प्रमुख विश्वनाथ पासवान, सुनील यादव, टुन्ना पाठक, संजय मोदी सहित अन्य कईयों के नाम शामिल है।

रक्सौल भटक कर आये नेपाली नाबालिग लड़का परिजन के हवाले

रक्सौल/पू.च/सं। नेपाल से भटक कर रक्सौल पहुंचे एक नेपाली नाबालिग लड़के को गुरूवार के दिन उसके परिजनों को सौंप दिया गया। नेपाल के महागढ़ीमाई नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 बनिहार बलुआ निवासी रामू महतो का पुत्र 11 वर्षीय अभय कुमार महतो बुधवार की शाम भटक कर रक्सौल पहुंच गया था। यहां रक्सौल स्टेशन पर काम करने वाली संस्था चाइल्ड लाइन के द्वारा बच्चें को अकेला देख उसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गयी। लिहाजा पता चला कि वह भटक कर रक्सौल आ गया है। लड़के के द्वारा बताये गये पता के आधार पर चाइल्ड लाइन, राजकीय रेल पुलिस व स्थानीय प्रेस प्रतिनिधियों के द्वारा महागढ़ीमाई नगरपालिका के मेयर उपेंद्र यादव से संपर्क किया गया। तत्पश्चात गुरूवार की सुबह जीआरपी पुलिस के द्वारा बच्चें को हैंडओवर कर दिया गया। इस मामले में जीआरपी थानाध्यक्ष पवन कुमार, चाइल्ड हेल्पलाइन की स्वंयसेविका चांदनी कुमारी की भूमिका की सराहना की जा रही है।

कनछेदवा से रात में बाइक की चोरी

हरसिद्धि/पू.च/सं। थाना क्षेत्र के कनछेदवा गांव से एक बाइक की चोरी हो गई है। पीड़ित बाइक मालिक चंदेश्वर सिंह का पुत्र रूपेश कुमार सिंह है। बताया है कि प्रतिदिन के भांति घर में बाइक लगाकर सो गया। सुबह जगा तो बाइक नही देख खोजबीन किया, लेकिन नहीं मिला। पुलिस मामले में तहकीकात कर रही है।

मुरारपुर में निजी कंपनी के कर्मी से हथियार के बल पर लूटे 81 हजार रुपये

हरसिद्धि/पू.च/सं। थाना क्षेत्र के मुरारपुर ब्रह्मस्थान से बड़हरवा जाने वाली रास्ते में अपराधियों ने एक निजी कंपनी के सेल्स ऑफिसर से हथियार का भय दिखाकर करीब 81 हजार रुपए लूट लिये गये। लूट के शिकार सेल्स ऑफिसर पश्चिम चंपारण जिले के मझौलिया थाना के मझरिया गांव निवासी राकेश कुमार बताये गये है। उसने पुलिस को बताया है कि वह मोतिहारी आईआईएफएल समस्ता कंपनी लिमिटेड में सेल्स ऑफिसर के रूप में कार्यरत है। गाड़ी से मुरारपुर से बड़हरवा जाने के दौरान दो बाइक सवार चार अपराधियों ने गाड़ी रोकर पिस्टल भिड़ाकर कलेक्शन की 81000 रुपए लूट कर फरार हो गए। 112 नंबर की पुलिस गाड़ी को फोन पर सूचना दी। पुलिस आकर मामले की तहकीकात की। पुलिस लुटेरों की पहचान कर पकड़ने के लिए छापेमारी में जुटी हुई है।

सरकारी जमीन आज होगा अतिक्रमण मुक्त

कोटवा/पू.च/सं। प्रखंड के बड़हरवा कला पश्चिमी पंचायत में 8 डिसमिल भूखण्ड शुक्रवार को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। इसके लिए एसडीओ सदर के स्तर से आदेश जारी किया गया है। जिसमे दंडाधिकारी सीओ कोटवा मोनिका आनन्द एवं एक सहयोगी कृषि समन्वयक रवि कुमार के अलावे भारी संख्या में सुरक्षा बलो की तैनातगी की गई है। इस अभियान में कोटवा थाने के पुलिस पदाधिकारी व बल मौजूद होंगे। इसके अलावे जिला से 35 पुरुष एवं 10 महिला सिपाही की तैनातगी वहां रहेगी।

व्यावसायिक खेती का डीएम ने किया निरीक्षण

पपीता रेड लेडीताईवानी 786 का पौध की खेती कर रहे किसान राजेश कुमार से ली जानकारी

मोतिहारी/सं। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने पीपराकोठी प्रखंड के परौलिया ग्राम में गांव की बागवानी, गौरव की कहानीह्व के तहत व्यवसायिक खेती का निरीक्षण किया। उद्यान विभाग से अनुदानित दर पर पपीता रेड लेडीताईवानी 786 का पौध प्राप्त कर खेती कर रहें किसान राजेश कुमार से मुलाकात कर उन्होने कई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त किया। श्री कुमार ने बताया कि उद्यान विभाग से प्रशिक्षण एवं समय-समय पर कृषि विज्ञान केन्द्र, के वैज्ञानिक का मार्ग दर्शन प्राप्त कर खेती करना शुरू किया। नतीजतन आमदनी में बढोतरी हुई, जिसमें एक एकड़ में लागत हटाकर प्रति वर्ष 10 लाख तक की आमदनी होती है। इस खेती को बढ़ावा देने हेतु उद्यान विभाग द्वारा ह्यह्यकलस्टर में बागवानी की योजना-।। (पपीता की खेती) के लिए भी चयन किया गया है, जिसमें 25 एकड़ की कलस्टर बनायी गई है। जिसमें मेरे साथ 17 ग्रामीण पुरूष एवं महिलाएं जुड़ी है। प्रति एकड़ 1 लाख रुपए अनुदान का प्रावधान है, जिसमें पौध रोपण सामग्री, ड्रीप, घेराबंदी सम्मिलित है। जिले के बाहर एवं जिले के अन्दर से पपीता की खेती हेतु इच्छुक किसान एवं महिलाएं भी जानकारी प्राप्त करने के लिए आ रहें है। निरीक्षण के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक निदेषक उद्यान, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी, प्रखंड तकनिकी प्रबंधक, सहायक तकनिकी प्रबंधक, कृषि समन्वयक एवं किसान सलाहकार उपस्थित थे।

जना स्मॉल फाइनैंस बैंक (एक अधिसूचित वाणिज्यिक बैंक)
पंजीकृत कार्यालयः दि फेयरवे, भूतल एवं पहली मंजिल, सर्वे नं.-10/1, 11/2 एवं 12/2बी, ऑफ डोमलुर, कोरामंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के आगे, छल्लाघाटा, बंगलोर-560071

स्वर्ण आभूषणों की नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना

कई बार स्मरण कराए जाने के बावजूद नीचे उल्लेखित कर्जदारों ने निर्धारित समय के अंदर ऋण की रकम चुकता करने तथा स्वर्ण आभूषणों को मुक्त कराने में विफल हो चुके हैं। नीचे सूचीबद्ध कर्जदारों द्वारा संबंधित ऋण खातों के अधीन गिरवी पर रखे गए स्वर्ण आभूषणों/जेवरातों को हमारे शाखा परिसर में **दिनांक 24-01-2025 को सुबह 10.30 बजे** सार्वजनिक/ऑन लाइन/निजी नीलामी के जरिए बिक्री की जाएगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों से शाखा से सम्पर्क करने का अनुरोध किया जाता है। बैंक के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार अथवा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। कृपया ध्यान दें कि उसी दिन नीलामी के सम्पन्न नहीं होने पर उसे अगले दिन समान नियम एवं शर्तों के आधार पर जारी रखा जाएगा। ग्राहक के देहांत होने की स्थिति में नीलामी से संबंधित सभी शर्तें उनके नोमिनी/वैध उत्तराधिकारी के लिए लागू होंगी। एतद्द्वारा कर्जदारों को नीलामी की तारीख से पहले अद्यतन ब्याज तथा आनुषंगिक व्यय का भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, अन्यथा गिरवी पर रखे गए स्वर्ण आभूषणों की बिक्री कर दी जाएगी तथा शेष बकाया रकम, यदि कोई हो, ब्याज तथा लागत के साथ वसूली जाएगी। किसी भी तरह के प्रश्न तथा नियम एवं शर्तों के लिए शाखा से सम्पर्क करें। शाखा के पते के विवरण के लिए **www.janabank.com** देखें।

क्र. सं.	ऋण खाता सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम	गिरवी पर रखे गए स्वर्ण आभूषण का सकल वजन
1	31338730025260	वीरेन्द्र कुमार	3.86
2	31338730025218	अभिषेक कुमार आनंद	9.12
3	31338730025027	नीरज कुमार	12.02
4	31338730025030	नीरज कुमार	11.05
5	31338730025001	सुनीता चौधरी	7.76
6	31338730023136	रवि प्रकाश	14.67
7	31338730023047	कंचन देवी	6.79
8	31338730022860	संतोष कुमार	12.7
जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लि., पहली मंजिल, श्री रतन सारदा सदन, मेन रोड, गोला रोड, दानापुर, पटना-801503			
9	31348740000881	मनोज कुमार गुप्ता	32.72
10	31348730035133	ममता देवी	4.53
11	31348740000816	आरोही सिंह	22.44
जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लि., पहली मंजिल, मदर्स बिल्डिंग, यूनियन बैंक के सामने, मछुआटोली, पटना, बिहार-800004			
12	45418730013160	दीनेश कुमार	10.32
13	45418730013121	अभिषेक कुमार	4.95
14	45418730013131	अभिषेक कुमार	25
जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लि., पहली मंजिल, प्रिया कॉम्प्लेक्स, राजा बाजार, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण, बिहार-845401			
15	31378730026420	मो. ताहिर	32.59
16	31378730026357	चिंता देवी	4.7
17	31378730026305	दीपा कुमारी	6
जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लि., पहली मंजिल, वार्ड नं. 49, थाना नं. 410, शिव मंदिर के सामने, बेला रोड, मिठनपुर मुजफ्फरपुर डाकघर, मुजफ्फरपुर, बिहार-842002			
18	45558730004245	पवन कुमार गिरी	4.77
जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लि., अपूर्वा टावर, महाजन टोली, सदर अस्पताल रोड के निकट, भोजपुर, बिहार-802301			
19	33318730005292	ब्रज किशोर खिराहरी	9.8
20	33318730005303	ब्रज किशोर खिराहरी	35.1
जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लि., भारत टावर्स, एनएच-31, जेल चौक, पूर्णिया डाकघर, पूर्णिया-854301, बिहार, भारत			
21	31368730012608	सरोज कुमार	7.7
22	31368730011670	मधु कुमारी	6.6
23	31368730011555	सीता देवी	12.3
जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लि., भूतल, इंदु मोहन स्मृति, आर.बी.एस.एस. सहाय रोड, भागलपुर, बिहार-812001			
24	45038730003890	विपुल चौधरी	19.3
जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लि., भूतल, माँ सुमन प्लाजा, प्लॉट नं. 378, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मार्ग, मौजा हाजीपुर, भागलपुर, बिहार-812001			
25	33008730019970	रणजीत कुमार	15.86
26	33008730019753	अकेश्वर नाथ	3.8
27	33008730018612	रूपा कुमारी	10
28	33008730018180	कुंदन कुमार	5.97
जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लि., भूतल, एन. लाल टावर, बड़ी बादल पुर, लखपुर, खगौल, फुलवारीशरीफ मेन रोड, थाना फुलवारी, खगौल, पटना, बिहार-801105			
29	45058730010055	विकास कुमार	7.05
जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लि., यमुना कॉम्प्लेक्स, भूतल, मीठनपुरा, चौक, मुजफ्फरपुर, बिहार-842002			

स्थानः बिहार
तारीखः 10.01.2025
हस्ता/- अधिकृत अधिकारी
जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड

रांची, वर्ष : 16, अंक : 265 | RNI NO - JHAHIN/2009/28606 | शुक्रवार | 10 जनवरी 2025 | TV, E-Paper&News : www.live7tv.com | सुझाव या शिकायत directorsanmarg@gmail.com पर मेल करें

पृष्ठ : 12 मूल्य ₹ 3.00 पेज: 10

राजस्व की चोरी कतई बर्दाश्त नहीं...

पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार और झारखंड का सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी दैनिक, टेलीफोन नंबर - 0651- 2212677,3242120,2212476 फैक्स नं : 2212679, 2212678

प्रकाशन का 78वां वर्ष

ऋ।। श्री हरि ।। ऋ

सन्मार्ग

email : sanmargjharkhand@gmail.com

नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः

पेज: 06

पक्षी और इनका जीवन: पक्षी ठण्ड के....

संक्षिप्त

प्रशांत किशोर की सेहत में सुधार

पटना : जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। पटना स्थित मेदांता अस्पताल के आईसीयू से गुरुवार अपराह्न उन्हें आइसोलेशन वार्ड में शिफ्ट किया गया। बिहार में शिक्षा-परीक्षा और रोजी-रोजगार के मुद्दे पर पीके दो जनवरी से आमरण अनशन पर हैं। उसी क्रम में सात जनवरी को प्रशांत किशोर को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था। इस बीच गुरुवार को प्रेस-वार्ता कर जसुपा के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज भारती ने पुलिस-प्रशासन पर ज्यादती का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दुर्भावना से प्रेरित होकर मामले दर्ज हुए हैं और ऐसी-वैसी धाराएं लगाई गई हैं।

सुरक्षाबलों ने सुकमा में तीन नक्सलियों को किया ढेर

रायपुर : तीन दिन के भीतर बीजापुर नक्सली हमले का बदला सुरक्षाबलों ने ले लिया है। छत्तीसगढ़ के सुकमा में सुरक्षा बलों ने तीन नक्सलियों को ढेर कर दिया है। मारे गए नक्सलियों के शव भी बरामद हो गये हैं। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि सुकमा में नक्सल रोधी अभियान में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। मीडिया से बात करते हुए राज्य के डिप्टी सीएम ने कहा कि गुरुवार को तीन नक्सलियों के शव बरामद हो चुके हैं, तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

तमिलनाडु: ट्रक-बस के बीच जोरदार टक्कर, 4 की मौत

चेन्नई : तमिलनाडु के रानीपेट में गुरुवार को ट्रक और बस के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और 30 घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रानीपेट पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मंजूनाथ, कृष्णप्पा, शंकरन और सोमशेखरन के रूप में हुई है। घायलों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां तीन की हालत गंभीर बताई गई है। मृतकों के शव रानीपेट सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कर्नाटक राज्य परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

कोरोना वायरस जैसे एचएमवीपी के देश में 11 केस

नई दिल्ली : कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के गुरुवार को 2 केस मिले हैं। पहला मामला उत्तर प्रदेश का है। लखनऊ में 60 साल की महिला पॉजिटिव पाई गई है। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. सुशील चौधरी ने इसकी पुष्टि की। वहीं, गुजरात के हिम्मतनगर में 7 साल के एक बच्चे की एचएमपीवी रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। हालांकि, यह रिपोर्ट प्राइवेट अस्पतला की लैब की है। सरकारी रिपोर्ट शाम तक आएगी। देश में वायरस से जुड़े कुल 11 मामले हो गए हैं। महाराष्ट्र में 3, गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और यूपी में एक-एक केस सामने आए हैं।

पटना हाइकोर्ट पहुंचा बीपीएससी री-एग्जाम का मामला

पटना : बीपीएससी द्वारा आयोजित 70वीं संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) में कथित तौर पर हुए पेपर-लीक की जांच और पुनः परीक्षा कराने को लेकर पटना हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। इस याचिका को पप्पू कुमार एवं अन्य ने अधिवक्ता प्रणव कुमार के माध्यम से दायर किया है। गुरुवार को प्रणव ने बताया कि याचिका की प्रति महाधिवक्ता कार्यालय में दे दी गई है। याचिका में आरोप लगाया है कि परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली हुई और अनियमितताएं बरती गईं।

धनबाद में वर्चस्व को लेकर खूनी संघर्ष

दो गुटों में फायरिंग, बमबारी और सांसद का दफ्तर फूंका

संवाददाता

धनबाद/कतरास : धनबाद जिले की खरखरी कोलियरी में आउटसोर्सिंग पर काम करने वाली एक कंपनी में वर्चस्व को लेकर गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और झामुमो नेता कारू यादव के समर्थकों के बीच गुरुवार को खूनी संघर्ष हो गया। दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग और बमबारी की गई। इसमें 10 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। संघर्ष को रोकने पहुंची पुलिस भी उपद्रवियों का निशाना बनी। बाघमारा के एसडीपीओ पुरुषोत्तम सिंह सिर पर चोट लगने से जख्मी हो गए हैं। उपद्रवियों ने मधुबन थाना क्षेत्र में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के दफ्तर में आग लगा दी। हिंसक झड़प में कम से कम 10 बाइक भी आग के हवाले कर दी गईं। बताया जाता है कि धनबाद जिले के बाघमारा इलाके में बीसीसीएल (भारत कोकिंग कोल लिमिटेड) की खरखरी कोलियरी में हिलटॉप राइज

नामक कंपनी आउटसोर्सिंग के आधार पर काम करती है। यहां कंपनी की ओर से बाबूडीह स्थित एक परिसर में बाउंड्री निर्माण कराया जा रहा था। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थक बाउंड्री निर्माण का विरोध कर रहे थे, जबकि कारू महतो के समर्थक बाउंड्री का निर्माण शुरू कराने पर अड़े थे। दरअसल, दो दिन पहले सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने बीसीसीएल जीएम से मिलकर कहा था कि स्थानीय लोगों को नौकरी दिए बिना काम शुरू नहीं कराया जाए। दूसरी तरफ गुरुवार को कारू महतो के समर्थक काम शुरू कराने पहुंचे थे। इसे लेकर टकराव हुआ। दोनों पक्ष >> शेष पेज 11 पर

पुलिस पर हमला एसडीपीओ गंभीर

वहीं घटना के बाद पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ताबड़तोड़ छापामारी कर रही है। इस दौरान पुलिस की एक टीम खरखरी तालाब के समीप अवस्थित झामुमो नेता कारू यादव के मार्केट परिसर पहुंची। पुलिस दुकानदारों से कारू यादव व उसके समर्थकों के बारे में पूछताछ करने लगी। बताया जा रहा है कि इसी बीच कारू यादव के समर्थकों ने पुलिस टीम पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस घटना में बाघमारा एसडीपीओ पुरूषोत्तम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें पहले अशर्फी हास्पिटल में भर्ती कराया गया लेकिन उनकी स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें मिशन हास्पिटल रेफर किया गया है।

ठंढ के साथ सरसराती हवाओं ने परेशानी बढ़ाई

आज कई जिलों में रहेगा घना कोहरा

वरीय संवाददाता

रांची : झारखंड में ठंड पूरे तेवर में है। दिन भर चली रही ठंडी हवाओं ने लोगों के जनजीवन पर गहरा प्रभाव डाला है। स्थिति ये है कि लोग शाम होते ही अपने अपने घरों में कैद हो जाते हैं। मौसम विभाग का कहना है कि अभी न्यूनतम तापमान में और गिरावट होगी। इससे राजधानी समेत कई जिलों का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 12 जनवरी तक पश्चिमी विक्षोभ से राहत मिलने की कोई संभावना नहीं है। झारखंड में पिछले 24 घंटे में मौसम शुष्क रहा। राज्य में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा देखा गया। 10 जनवरी को घना कोहरा छाया रहेगा। इसका असर कई जिलों में देखने को मिलेगा। यह जानकारी रांची मौसम केंद्र ने 9 जनवरी को दी। मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में अगले 2 दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले 3 दिनों में धीरे-धीरे न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है। केंद्र के अनुसार 10 जनवरी को राज?य के कुछ इलाकों में सुबह में हल?के से मध?यम दर्जे का कोहरा छाया रहेगा। इसके बाद आसमान साफ रहेगा। केंद्र के अनुसार 10 जनवरी को राज?य के उत्तरी भागों में कहीं-कहीं घना कोहरा छाया रहेगा। इसका असर गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, >> शेष पेज 11 पर

राज्य कर्मियों के लिए खुशखबरी

जल्द मिलेगा स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ, सीएम ने दी सहमति

05 लाख रुपए प्रतिवर्ष की अधिसीमा के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाएगा

गंभीर बीमारियों के मामलों पर 10 लाख रुपए तक मिलेगा हेल्थ कवरेज

वरीय संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किए जाने के प्रस्ताव पर सहमति दे दी है। प्रस्ताव पर शीघ्र मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की स्वीकृति के बाद योजना लागू कर दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के 31 जुलाई 2023 के संकल्प द्वारा राज्य के कार्यरत, सेवानिवृत्त कर्मियों , पदाधिकारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिए जाने का प्रस्ताव है। पूर्व में कुछ त्रुटियां रहने के कारण उक्त योजना का लाभ राज्य कर्मियों को नहीं मिल पा रहा था। अब स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन सभी त्रुटियों का पूर्ण निराकरण कर लिया गया है। शीघ्र यह योजना झारखंड में लागू कर दी जाएगी। योजना अंतर्गत राज्य विधान सभा के वर्तमान सदस्य, राज्य की सभी सेवाओं के कर्मियों, सेवानिवृत कर्मियों तथा उनके परिवार के उनपर आश्रित सदस्यों, जिनमें उनके पति,पत्नी,पुत्र,वैध दत्तक पुत्र (25 वर्ष की आयु तक बशर्ते बेरोजगार हो), पुत्री (अविवाहित,विधवा, परित्यक्ता पुत्री) नाबालिग भाई एवं अविवाहित बहन एवं आश्रित माता-पिता (प्रतिमाह 9000 और उस पर तत्समय अनुमान्य महंगाई राहत से कम पेंशन प्राप्त करने वाले) सम्मिलित होंगे, को सम्मिलित रूप से 05 लाख रुपए प्रतिवर्ष की अधिसीमा के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाएगा। राज्य कर्मियों, सेवानिवृत कर्मियों के दिव्यांग आश्रितों को आजीवन स्वास्थ्य बीमा का लाभ प्रदान किया जाएगा।

गंभीर बीमारियों के मामलों में 10 लाख रुपए तक हेल्थ कवरेज : राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना >> शेष पेज 11 पर

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्यपाल से की मुलाकात, आज लेंगे भाजपा की सदस्यता

रांची : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। यह औपचारिक मुलाकात बताया गया। बता दें कि 10 जनवरी को रघुवर दास दोबारा बीजेपी की सदस्यता लेंगे। कुछ दिनों पहले ही उन्होंने ओड़िशा के राज्यपाल के पद से इस्तीफा दिया है। दोबारा सदस्यता लेने के बाद वह फिर से सक्रिय राजनीति में एंट्री करेंगे। रघुवर दास के सक्रिय राजनीति में लौटने के बाद कई तरह के कयास लगाए जा रहे है कि उन्हें पार्टी की तरफ से कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। जानकारी के अनुसार रघुवर दास शुक्रवार को अपराह्न 12.15 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी की विधिवत सदस्यता ग्रहण करेंगे।

दो दिवसीय झारखंड दौरे पर कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी, कहा

खनन क्षेत्र में नई तकनीक का उपयोग कर बढ़ाया जा रहा है उत्पादन

देश का पहला कोयले के लिए हाईटेक डिजिटल प्रयोगशाला का उद्घाटन किया

वरीय संवाददाता

रांची: दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आए कोयला मंत्री किशन रेड्डी ने सौगातों की बरसात की। पहले दिन केंद्रीय कोयला मंत्री ने रांची स्थित गांधीनगर में सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र का ना केवल उद्घाटन किया बल्कि मल्टी लेवल आवासीय परिसर की आधारशिला भी रखी। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने कहा कि सीसीएल के अलग-अलग क्षेत्र में प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया है। वहीं मल्टीलेवल आवासीय परिसर की भी

आधारशिला रखी गई है। उन्होंने कहा कि कोल मंत्रालय के द्वारा कोल सेक्टर में अलग-अलग रिफॉर्म भी लाया जा रहा है। वहीं खनन क्षेत्र में नई-नई टेक्नोलॉजी यूज कर की जा रही है। कोयला मंत्रालय के 5जी प्रौद्योगिकी से युक्त 5जी यूज केस प्रशिक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन करते हुए कोयला मंत्री ने कहा कि यह देश का पहला कोयले के लिए हाईटेक डिजिटल प्रयोगशाला है। इसके माध्यम से सीसीएल क्षेत्र के खदानों में मजदूर काम कैसे कर रहे हैं इसकी >> शेष पेज 11 पर

ओरमांझी में उग्रवादियों ने क्रशर में मचाया उत्पात

दो वाहनों में लगाई आग, कामगारों को पीटा

टीपीसी के विक्रांत जी ने लेटर भेजकर लेवी की मांग की थी

संवाददाता

ओरमांझी : ओरमांझी के गुंजा स्थित एक क्रेशर (एनईपीएल) में हथियारबंद अपराधियों ने

जमकर उत्पात मचाया और दो वाहनों में आग लगा दी। जलाए गए वाहनों में एक हाईवा और एक पोकलेन है। उन्होंने साइट पर काम करने वाले मजदूरों की पिटाई भी की। वारदात बुधवार-गुरुवार देर रात की है। इसकी सूचना मिलने पर ओरमांझी थाने की पुलिस गुरुवार को मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार टीपीसी नामक उग्रवादी संगठन ने वारदात को अंजाम दिया है। मामला लेवी का है। कुछ दिन पहले टीपीसी के कमांडर विक्रांत जी ने पत्र भेजकर लेवी की मांग की गई थी। जानकारी के अनुसार कंपनी द्वारा पहल >> शेष पेज 11 पर

'परीक्षा पे चर्चा' के 8वें संस्करण ने बनाया शानदार रिकॉर्ड

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उल्लेखनीय पहल परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी), परीक्षा से जुड़े तनाव को सीखने और जश्न के पर्व में परिवर्तित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में निरंतर प्रगति कर रही है। पीपीसी 2025 के 8वें संस्करण ने भारत और विदेश के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से 2.79 करोड़ से अधिक पंजीकरण के साथ एक अभूतपूर्व उपलब्धि अर्जित की है। यह उल्लेखनीय प्रतिक्रिया एक सच्चे जन आंदोलन के रूप में कार्यक्रम की बढ़ती लोकप्रियता को प्रदर्शित करती है। पीपीसी 2025 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण माईगोवडॉटइन पर 14 दिसंबर 2024 से प्रारंभ हुआ और 14 जनवरी 2025 तक जारी रहेगा।

ओडिशा में बोले पीएम मोदी

अप्रवासियों के दिल में भारत धड़कता है

इससे दुनिया में मेरा सिर ऊंचा रहता है

एजेंसी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन में शामिल हुए। मोदी ने कहा- अप्रवासी जहां जाते हैं उसे अपना बना लेते हैं। इसके बावजूद उनके दिल में हमेशा भारत धड़कता है। इसी के चलते दुनिया में मेरा सिर ऊंचा रहता है। पीएम ने आगे कहा कि, भारत मेड इन इंडिया फाइटर जेट बना रहा है। वो दिन दूर नहीं जब आप (अप्रवासी भारतीय) किसी मेड इन इंडिया प्लेन से ही प्रवासी भारतीय दिवस मनाने आएंगे। इस कार्यक्रम को त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू ने भी वर्चुअली संबोधित किया। मोदी ने प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को भी हरी झंडी भी दिखाई। यह भारतीय प्रवासियों के लिए स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन है, जो दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से चली और तीन सप्ताह तक कई टूरिस्ट प्लेसेज तक जाएगी। विदेश मंत्रालय की प्रवासी तीर्थ दर्शन योजना के

तहत इसका संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम के लिए 70 देशों से 3 हजार से ज्यादा प्रतिनिधि ओडिशा पहुंचे हैं। यह सम्मेलन 10 जनवरी तक चलेगा। राषअट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसके समापन सत्र में शामिल होंगी और प्रवासी भारतीय पुरस्कार प्रदान करेंगी।

आरक्षण में क्रीमीलेयर को अलग करने की जरूरत: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि पिछले 75 सालों को ध्यान में रखते हुए आरक्षण का लाभ ले चुके ऐसे व्यक्तियों को आरक्षण से बाहर रखा जाना चाहिए जो दूसरों से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं, लेकिन इस पर फैसला कार्यपालिका और विधायिका को लेना होगा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस अगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ ने पिछले साल अगस्त में सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविधान पीठ द्वारा दिए गए एक फैसले का जिक्र करते हुए एक याचिका पर यह टिप्पणी की। संविधान पीठ ने बहुमत के फैसले में कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जातियों (एससी) के भीतर उप-वर्गीकरण करने का संवैधानिक अधिकार है, जो सामाजिक रूप से विषम वर्ग है, ताकि उन जातियों के उत्थान के लिए आरक्षण प्रदान किया जा सके जो सामाजिक और शैक्षणिक रूप से अधिक पिछड़ी हैं। जस्टिस गवई भी संविधान पीठ का हिस्सा थे और उन्होंने एक अलग निर्णय लिखा था। उन्होंने कहा था कि राज्यों को एससी और अनुसूचित जनजातियों के भीतर भी क्रीमीलेयर की पहचान करने की नीति बनाई जानी चाहिए। उनमें जो लोग सक्षम हैं, उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं देना चाहिए।

डोंबारी बुरू: झारखंड में यहां हुआ था जलियांवाला बाग जैसा नरसंहार

125वीं बरसी पर लोगों का लगा जमावड़ा

संवाददाता

रांची: भारत की आजादी की लड़ाई का जो इतिहास हम किताबों में पढ़ते हैं,उसमें जलियांवाला बाग हत्याकांड को अंग्रेजी हुकूमत का सबसे क्रूर और सबसे बड़ा नरसंहार बताया जाता है, लेकिन सच तो यह है कि झारखंड की डोंबारी बुरू पहाड़ी पर अंग्रेजी सेना ने जलियांवाला बाग से भी बड़ा कत्लेआम किया था। गुरुवार को डोंबारी बुरू नरसंहार की 125वीं बरसी मनाई गई और इस मौके पर पहाड़ी पर बने शहीद स्तंभ पर सैकड़ों लोगों ने शीश नवाया। वह 9 जनवरी 1900 की तारीख थी, जब इस पहाड़ी पर विद्रोही आदिवासी नायक बिरसा मुंडा के नेतृत्व में सैकड़ों मुंडा आदिवासी जुटे थे। बिरसा मुंडा ने झारखंड के एक बड़े इलाके में अंग्रेजी राज के खात्मे और अबुआ राज यानी अपना शासन का ऐलान कर दिया था। उनसे घबराई अंग्रेजी हुकूमत ने उस

रोज पहाड़ी पर जुटे लोगों को घेरकर भीषण गोलीबारी की थी। मुंडा आदिवासियों ने तीर-धनुष से उनका जवाब दिया था। झारखंड में जनजातीय इतिहास के अध्येताओं और शोधकर्ताओं का कहना है कि इस नरसंहार में चार सौ से ज्यादा लोग मारे गए थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, देश की आजादी और हक-अधिकार की लड़ाई में झारखंड के असंख्य वीर पुरखों ने अपना बलिदान दिया है। लेकिन, इतिहास के पन्नों में इन बलिदानों को कहीं भुला दिया गया। हमें साथ मिलकर अपने वीर पुरखों के बलिदानों को उचित स्थान दिलाना होगा। डोंबारी बुरु गोलीकांड की घटना ऐसी ही एक वीभत्स घटना है, जहां झारखंडी अस्मिता, हक-अधिकार और जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों से लोहा लेते हुए हमारे असंख्य वीर पुरखों ने बलिदान दिया था। हमारे वीर पुरखों के बलिदान को कभी भूलने नहीं दिया जाएगा। डोंबारी बुरु गोलीकांड के अमर वीर शहीदों की शहादत को शत-शत नमन। झारखंड सरकार के ट्राइबल रिसर्च >> शेष पेज 11 पर

खरखरी में घटी घटना : झामुमो नेता और आजसू सांसद के बीच वर्चस्व की लड़ाई का परिणाम

एसएसपी, ग्रामीण एसपी और कई डीएसपी कर रहे हैं घटनास्थल पर कैंप

संवाददाता

धनबाद/कतरास: धर्माबांध ओपी अंतर्गत बीसीसीएल के गोविंदपुर क्षेत्र के खरखरी में संचालित हिलटॉप आउटसोर्सिंग परियोजना में आज घटी घटना झामुमो और आजसू नेता के बीच वर्चस्व का परिणाम है। इसे लेकर झामुमो समर्थक तथा गिरिडीह के आजसू सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी के समर्थकों में खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान गोली व बम के धमाके से पूरा इलाका दहल उठा। दोनों ओर से जमकर पत्थरबाजी भी हुयी। कहा जा रहा है कि इस दौरान सैकड़ों राउंड फायरिंग और दर्जनों बम फोड़े गए हैं। सूचना पाकर एसएसपी एच पी जनार्दन, ग्रामीण एसपी कपिल



चौधरी,धनबाद लॉ एन्ड आर्डर डीएसपी नौशाद आलम सही जिला के सभी डीएसपी के अलावा मधुबन, सोनारडीह, कतरास, धर्माबांध, खरखरी, कपुरिया, धनबाद, धनसार पुलिस सहित जिला मुख्यालय से अतिरिक्त बल बुलाया गया है। फिलहाल स्थिति पुलिस के नियंत्रण में है परन्तु आसपास के पूरे क्षेत्र में तनाव व्याप्त है। पुलिस घटनास्थल सहित आसपास इलाकों में कैंप किए हुए है।

यह है पूरा मामला : बीसीसीएल के बंद पड़े खरखरी कोलियरी में एमओडी मोड पर कोयला खनन का जिम्मा आउटसोर्सिंग कंपनी हिलटॉप को मिला है। कंपनी द्वारा लगभग डेढ़ किलोमीटर के दायरे में अपना कैंप बनाया जा रहा है। इसी को लेकर चहारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा था। जिसका स्थानीय रैयतों ने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में विरोध किया जा रहा था। रैयतों की मांग है कि पहले कंपनी हमारे जमीं के बदले नियोजन और मुआवजा दे इसके बाद चारदीवारी निर्माण कराये। इसी बात को लेकर बीते दो दिनों से उक्त स्थान पर धरना प्रदर्शन चल रहा था। गिरिडीह सांसद भी इस मुद्दे को लेकर बीसीसीएल दो दिन पहले स्थानीय बीसीसीएल के जीएम से वार्ता कर चुके थे। सांसद का आरोप था कि आउटसोर्सिंग कंपनी बिना कार्य आदेश के ही निर्माण कार्य कर रही है उन्होंने कहा था कि कंपनी पहले कार्य आदेश दिखाए और रैयतों संग वार्ता करे जिसके बाद ही निर्माण कार्य कराया जाए। फिलहाल चारदीवारी निर्माण कार्य बंद था। गुरुवार को आउटसोर्सिंग कंपनी के समर्थन में झामुमो नेता कारण यादव के समर्थक निर्माण कार्य चालू कराने पहुंचे थे इसी बीच दोनों में हिंसक संघर्ष शुरू हो गया।

गिरिडीह सांसद का जलाया स्थानीय कार्यालय : घटना के बाद झामुमो नेता करू यादव के समर्थकों ने खरखरी स्थित सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी के स्थानीय कार्यालय में जमकर तोड़फोड़ किया और इसके बाद कार्यालय को आग के हवाले कर दिया। वहीं आग की सूचना पर पुलिस वहां भी पहुंची जिसके बाद उपद्रवी भाग निकले। दमकल की मदद की से सांसद कार्यालय में लगी आग को बुझा गया। कहीं पर्दे के पीछे कोई और तो नहीं, क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म खरखरी में घटी घटना में सीधे रूप से झामुमो नेता कारू यादव और गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी के समर्थकों के बिच तो दिख रही है पर इसका मुख्य केंद्र कहीं और बताया जा रहा है। घटना के बाद से क्षेत्र में कई तरह की चचाएं तैर रही है। एक चर्चा यह है कि हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी जो नया परियोजना चालु करने जा रही है उसमे सांसद ढुलू महतो की हिस्सेदारी बतायी जा रही है। इसके इतर एक चर्चा यह भी है की खरखरी व आसपास के क्षेत्र में झामुमो नेता कारण यादव का जबरदस्त वर्चस्व है। बिना कारण यादव को साथ लिए कोई भी कंपनी और नेता उस इलाके में कार्य नहीं कर सकता। इसी के तहत सांसद ढुलू और कारू यादव में नजदीकियां बेहद गयी है और सांसद ढुलू के रजामंदी से चहारदीवारी निर्माण के लिये ठेका कार्य कारू यादव को मिला है। इलाका गिरिडीह लोकसभा के क्षेत्र में आता है इसके बावजूद इस आउटसोर्सिंग परियोजना में फिलहाल गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी की धमक नहीं है। इसी को लेकर अंदरखाने दोनों सांसद में अनबन होने की बात कही जा रही है। इसी अनबन के कारण अब दोनों इस आउटसोर्सिंग में अपना वर्चस्व कायम करना चाहते हैं। कहा जा रहा है कि एक पक्ष से गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी स्थानीय रैयतों के कंधे पर बंदूक रख अपना निशाना साध रहे हैं तो दूसरी ओर सांसद ढुलू महतो झामुमो नेता कारू यादव व उनके समर्थकों पर के कंधों पर बंदूक रख अपना निशाना साध रहे हैं।

हर साल बढ़ायेंगे मनरेगा मजदूरों का मानदेय तैयार करें योजना का प्रारूप : दीपिका पांडेय

वरीय संवाददाता

रांची : मनरेगा के तहत वर्षवार मजदूरी दर में वृद्धि करने के लिए आवश्यक योजना बनायी जायेगी। वर्तमान सरकार के द्वारा मनरेगा श्रमिकों के लिए न्युनतम मजदूरी दर 350 रुपए निर्धारित किया जाना है, जिसके लिए वर्षवार मजदूरी दर में वृद्धि करने के लिए आवश्यक योजना का गठन करने का निर्देश ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने अधिकारियों को दिया है। गुरुवार को मंत्री की अध्यक्षता में एफएफपी भवन के प्रथम तल स्थित सभागार में समीक्षा बैठक की। मंत्री ने अधिकारियों को मनरेगा योजना में स्वीकृत पदों के विरुद्ध रिक्त पदों पर नियुक्ति की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण कर जनवरी माह में नियुक्ति पत्र वितरित करने का निर्देश दिया। मनरेगा योजना के तहत विगत वित्तीय वर्ष 2023-24 में किए गए रोजगार सृजन एवं योजनाओं की पूर्णता के समरूप वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी लक्ष्य प्राप्त करने का कार्य करें। मनरेगा योजना से मिट्टी- मोरम पथ की स्वीकृति प्रदान किए जाने का सुस्पष्ट दिशा-निर्देश विभाग स्तर से निर्गत किया जाए। ताकि सभी गांवों,कस्बों और टोलों को आवागमन के लिए सुविधा प्रदान की जा सके। बिरसा हरित ग्राम योजना अन्तर्गत पौधों के चयन के संबंध में एक मार्गदर्शिका निर्गत हो। मनरेगा के तहत कार्यान्वित योजनाओं में

नियमानुसार पेयजल की व्यवस्था और औषधि की व्यवस्था किया जाना है। इससे संबंधित व्यवस्था सभी योजना स्थल पर हो। इसके लिए नियमित रूप से निगरानी व अनुश्रवण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

सभी मैदानों में शौचालय व चेंजिंग रूम बनायें : मंत्री ने कहा कि वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान के तहत समतलीकरण कार्य मनरेगा योजना से सम्पादित किया गया है परन्तु इन सभी मैदानों में शौचालय एवं चेंजिंग रूम की व्यवस्था अब तक नहीं हो पाई है। इसलिए शौचालय एवं चेंजिंग रूम का निर्माण के लिए एक मैपिंग करा लिया जाए। मनरेगा योजना में सामग्री मद की राशि संबंधित वेंडर्स के बैंक खातों में हस्तांतरित किया जा रहा है परन्तु, क्षेत्रीय स्तर पर वेंडर्स के विरूद्ध कई प्रकार की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इसलिए सामग्री मद की राशि सीधे लाभुक के खातों में हस्तांतरित करने के लिए एक एसओपी तैयार कराया जाए। मंत्री ने कहा दीदी बगिया की संख्या में वृद्धि की जाए। राज्य स्तर पर एक बड़ा नर्सरी की स्थापना के लिए योजना गठित की जाए। उन्होंने सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका की सुविधा उपलब्ध कराने का भी आदेश दिया है।

आवास निर्माण के लिए सात दिनों में राशि जारी करें : मंत्री ने अबुआ आवास योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि अबुआ आवास योजना के लाभुकों को तृतीय किस्त की राशि विमुक्त करने में सात दिनों से अधिक विलम्ब करने वाले संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों से स्पष्टीकरण पूछा जाएगा। उन्होंने निमार्णाधीन आवासों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया है। मंत्री ने जनजातीय एवं अनुसूचित जाति से संबंधित क्षेत्रवार आंकड़ा तैयार कर उपलब्ध कराने, आवास योजनाओं के प्रभावी रूप से कार्यान्वयन के लिए निश्चित अंतराल में समीक्षा करने एवं वरीय पदाधिकारियों के द्वारा क्षेत्र स्तर पर निरीक्षण करने की बात कही।

स्किल डेवलेपमेंट सेंटर के गठन पर जोर : मंत्री ने कहा राज्य में स्वयं सहायता समूहों की संख्या में वृद्धि की आवश्यकता है। इसके लिए एक विशेष अभियान चलाकर सभी गांवों में योग्य महिलाओं का स्वयं सहायता समूह गठित करने की कार्यवाही इसी वित्तीय वर्ष में सुनिश्चित की जाए। मंईयां योजना से अच्छादित लाभुकों की सूची प्राप्त कर तदनुरूप एसएचजी के गठन को गति देने का आदेश मंत्री ने दिया। विश्व बैंक सम्पोषित जोहार योजना के लिए ससमय प्रस्ताव समर्पित नहीं किये जाने कारण मंत्री द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। इस संदर्भ में अविलंब कार्रवाई करने का आदेश दिया। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई महिलाओं को नियुक्ति प्रक्रिया में विशेष प्रोत्साहन देने की बात कही है। उन्होंने नाबार्ड से दीदी बाड़ी का निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने एवं जेएसएलपीएस के लिए स्वीकृत कार्यबल के विरूद्ध रिक्त पदों की समीक्षा करते हुए शीघ्र नियुक्ति के निमित एजेंसी के पैनलीकरण संबंधी कार्यवाही पूर्ण करने को कहा है। राज्य एवं जिला स्तर पर स्किल डेवलेपमेंट सेंटर का गठन करने को लेकर कार्य योजना तैयार करने को कहा। राज्य के लिए जलछाजन की आवश्यकता पर बल देते हुए योजना के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त करने के लिए आगामी माह में योजना का निरीक्षण करने की बात कही। उन्होंने सौर ऊर्जा संचालित सिंचाई संयत्रों की सुविधा अधिकतम किसानों को उपलब्ध कराने के निमित्त आवश्यक कार्यवाही करने और रिक्त पदों पर अविलम्ब नियुक्ति के लिए प्रक्रिया पूर्ण करने की बात कही।

श्रद्धालुओं से करोड़ों की ठगी मामले की हो उच्चस्तरीय जांच : भाजपा

रांची : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने बाबा धाम, देवघर में हुए साइबर फ्रॉड की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक नौ हजार से अधिक श्रद्धालुओं से साढ़े चार करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी की जा चुकी है। यह मामूली घटना नहीं है। इतने बड़े स्तर पर ठगी एक दिन में या एक व्यक्ति द्वारा संभव नहीं है। निश्चित रूप से इस धोखाधड़ी में कई लोग शामिल होंगे। बाबा धाम न केवल झारखंड, बल्कि पूरे भारत के लिए आस्था का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। ऐसे पवित्र स्थल पर साइबर ठगी होना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि इतनी बड़ी घटना को रोकने में प्रशासन पूरी तरह असफल रहा। इस मामले का खुलासा भी पुलिस प्रशासन ने नहीं, बल्कि शिव भक्तों ने किया। श्री साह ने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार के शासन में साइबर अपराधियों से लेकर चोर और डकैत तक सभी सक्रिय हो गए हैं। अपराधियों के मन से कानून का डर खत्म हो गया है। पहले ही झारखंड 'जामताड़ा मॉडल' के कारण साइबर अपराध के लिए बदनाम था और अब बाबा धाम जैसे अत्यंत पवित्र स्थल के नाम पर हो रही ठगी ने पूरे झारखंड के शिव भक्तों का सिर शर्म से झुका दिया है।

भाजपा कार्यालय पहुंचे कोयला मंत्री, हुआ स्वागत

रांची : केंद्रीय कोयला मंत्री जी कृष्ण रेड्डी गुरुवार की देर शाम प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचे। झारखंड के सरकारी दौरे पर पहुंचे श्री रेड्डी का भाजपा प्रदेश कार्यालय में स्वागत किया गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री श्री रेड्डी ने नेता-कार्यकर्ताओं से अनौपचारिक चर्चा की। केंद्रीय मंत्री का स्वागत करने वालों में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, प्रदेश कार्यालय मंत्री हेमंत दास, राकेश भास्कर, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, युवा मोर्चा अध्यक्ष शशांक राज सहित अन्य नेता-कार्यकर्ता शामिल थे।

कांग्रेस पार्टी को बाबा साहब पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं : अमर बाउरी

'संविधान की मूल भावनाओं के साथ कांग्रेस ने लगातार किया खिलवाड़'

वरीय संवाददाता

रांची : भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं संविधान गौरव अभियान के प्रदेश संयोजक अमर कुमार बाउरी की अध्यक्षता में अभियान की प्रदेश एवं जिला टोली की बैठक संपन्न हुई। सभी सांगठनिक जिलों से अभियान से जुड़े जिला संयोजक एवं सह संयोजक शामिल हुए। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश के सह संयोजक राकेश भास्कर, नंद जी प्रसाद,अमरदीप यादव उपस्थित थे। बैठक में आगामी कार्ययोजना, सभी जिला,मंडल स्तर पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, गोष्ठियों पर क्षेत्रीय एवं प्रदेश संगठन महामंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए अमर कुमार बाउरी ने कहा कि आगामी 11 से 25 जनवरी तक भाजपा द्वारा देश भर में संविधान गौरव अभियान चलाया जाएगा। झारखंड में पार्टी का सदस्यता अभियान कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं की व्यस्तता को देखते हुए यहां यह अभियान 15 जनवरी से 25 जनवरी तक होगा। उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब भीम राव अंबेडकर पर बोलने का नैतिक अधिकार खो दिया है। ये वही कांग्रेस पार्टी है जिसने बाबा साहब को चुनाव में हराने का प्रयास किया था। दलितों के प्रति कांग्रेस की सोच कैसी थी यह कांग्रेस पार्टी के इतिहास से पता चलता है। अपने परिवार के नेताओं के लिए बड़े बड़े स्मारक बनाने वाली कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के लिए दिल्ली में दो गज जमीन भी उपलब्ध नहीं कराया। कांग्रेस पार्टी को आज अंबेडकर जी की याद आ रही है। ये वही कांग्रेस है जिसने संसद में बाबा साहब के तैल चित्र तक नहीं लगाए। कांग्रेस पार्टी ने जीवित अवस्था में ही पंडित जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी को भारत रत्न से सम्मानित किया। राजीव गांधी को भी भारत रत्न दिया गया, लेकिन बाबा साहब को भारत रत्न से कांग्रेस पार्टी ने वंचित रखा। बाबा साहब को भाजपा समर्थित वीपी सिंह की की सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित किया। श्री बाउरी ने कहा कि भाजपा संविधान गौरव अभियान के तहत हर जिलों, मंडलों में जनता को कांग्रेस पार्टी द्वारा बाबा साहब भीम राव अंबेडकर को किए गए अपमान को बताएगी। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार ने कैसे बाबा साहब के नीतियों विचारों को सींचने का प्रयास किया है उसे बताएगी।

संजय सेठ ने सांसद मद से 25 लाख की योजनाओं का किया शिलान्यास

वरीय संवाददाता

रांची : वीर बिरसा नगर सरना समिति ईस्ट जेल रोड में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के सांसद मद से 15 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है। गुरुवार को सांसद ने रांची विधायक सीपी सिंह के साथ सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। वहीं बूटी मोड़ स्थित एकता नगर में 10 लाख की लागत से एक सड़क का शिलान्यास किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डा. जीतू चरण राम, महानगर महिला मोर्चा की अध्यक्ष पायल सोनी, मंडल अध्यक्ष रणधीर सिंह आदि उपस्थित थे। ईस्ट जेल रोड में कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के मुख्य संरक्षक रवि मुंडा ने किया एवं बिरसा नगर के सभी नागरिक उपस्थित हुए। मौके पर संजय सेठ ने कहा कि अपनी धरोहर की रक्षा एवं उसे सुरक्षित करने के लिए सामुदायिक भवन का होना अति आवश्यक है। इसमें महिलाएं आपस में बैठक कर समाज एवं पारिवारिक एवं सामाजिक मुद्दों की चर्चा कर सके। मौके पर सीपी सिंह ने कंबल का वितरण किया। उन्होंने ने कहा कि सामुदायिक भवन होने से आदिवासी बच्चों को मांदर, ढोल, नगाड़ा इत्यादि चीजों की शिक्षा दी जा सकती है। इस मौके पर मुख्य रूप से मोनू लकड़ा, पूनम टोप्पो, अशोक, रवि लकड़ा, अमित मुंडा, गुड्डन, शीलू देवी, इत्यादि उपस्थित थे।

जनवादी मुद्दों की क्रांति के लिए सीपीआईएम को मजबूत करें : बृन्दा

शहीदों को श्रद्धांजलि देने के साथ माकपा का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन नामकुम में हुआ शुरु

वरीय संवाददाता

रांची/नामकुम : मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का 8वां झारखंड राज्य सम्मेलन एटीसी नामकुम में पूर्व केन्द्रीय कमेटी सदस्य जीके बक्सी के द्वारा पार्टी का लाल झंडा फहराकर किया गया। इस मौके पर पूर्व महासचिव सीताराम येचुरी, पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य, राज्य कमेटी सदस्य शहीद सुभाष मुंडा सहित पार्टी के दिवंगत नेताओं के प्रति शहीद बेदी पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इससे पूर्व सदाबहार चौक से सैकड़ों किसान मजदूरों ने लाल झंडा हाथों में लेकर एक विशाल जुलूस निकाला। सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन करते हुए पार्टी की झारखंड प्रभारी और पोलिट ब्यूरो सदस्य कॉमरेड बृन्दा करात ने कहा कि झारखंड में सांप्रदायिक फांसीवादी ताकतों को राज्य की जनता ने शिकस्त दिया है। दिल्ली के चुनाव में भाजपा को भी ऐसा ही झटका लगेगा। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। सारे सरकारी संस्थाओं में आरएसएस के लोगों को बैठा दिया गया है। देश में विकास के नाम पर नफरत फैलाया जा रहा है। इसके खिलाफ संघर्ष ही रास्ता है। उन्होंने जनता की जनवादी क्रांति के लिए सीपीआई (एम) को मजबूत करने का आह्वान किया। इसके पूर्व खुला सत्र में सर्वप्रथम स्वागत समिति के अध्यक्ष और प्रसिद्ध साहित्यकार डॉक्टर रणेन्द्र कुमार ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि फांसीवाद का मुकाबला सिर्फ वामपंथी दल ही कर सकते हैं। वहीं माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने वामदलों की एकता पर जोर दिया। सभा को पोलिट ब्यूरो सदस्य रामचंद्र डोम, राज्य सचिव प्रकाश विप्लव और फादर टॉम ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता स्वागत समिति के सचिव प्रफुल्ल लिंडा ने किया। जबकि संचालन पूर्व प्रमुख सुरेश मुंडा ने किया।

गणतंत्र दिवस समारोह की झांकी में दिखेगी मंईयां सम्मान योजना की झलक, मुख्य सचिव का निर्देश

झांकी में झारखंड का चरित्र और चेहरा झलकना चाहिए

वरीय संवाददाता

रांची : गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह की झांकी में झारखंड का चरित्र और चेहरा झलकना चाहिए। उन्होंने झांकी में मंईयां सम्मान योजना और सड़क सुरक्षा को भी जोड़ने का निर्देश दिया। कहा कि झांकियों के चयन के लिए एक कमिटी भी होनी चाहिए, जो उसके थीम और प्रजेंटेशन को फाइनल करे। बैठक में ही तीन सदस्यीय कमिटी का गठन भी किया गया, जिसमें कृषि सचिव अबू बक्कर सिद्दिकी, पर्यटन सचिव मनोज कुमार और सूचना एवं

जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बख्शी को शामिल किया गया। बैठक में तय हुआ कि समारोह में कुल 12 से 13 विभागों की झांकियों का प्रदर्शन कमिटी के अनुमोदन के बाद किया जाएगा। मुख्य सचिव ने उपायुक्त दुमका और रांची को निर्देशित किया कि वे गणतंत्र दिवस समारोह के लिए आमंत्रण पत्र की छपाई और वितरण ससमय सुनिश्चित करेंगे। वहीं रांची और दुमका में स्थापित महत्वपूर्ण प्रतिमा स्थलों की सफाई और प्रतिमाओं पर माल्यार्पण की व्यवस्था, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को समारोह स्थल तक लाने की व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल पर पंडाल, बैरिकेडिंग व बैठने की व्यवस्था, समारोह स्थल पर ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं स्वच्छता इत्यादि की व्यवस्था, समारोह स्थल तक जाने वाले मुख्य मार्गों पर यातायात और पार्किंग की व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल पर चिकित्सा की व्यवस्था, अग्निशमन की व्यवस्था, पुरस्कार- सम्मान पत्र का वितरण, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य जिला मुख्यालयों पर गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर बैठक में विस्तृत चर्चा हुई और निर्णय लिए गये।

मोरहाबादी मैदान में लगे एलइडी स्क्रीन की क्वालिटी सुधारें : मुख्य सचिव ने मोरहाबादी मैदान के पास लगे एलइडी स्क्रीन की क्वालिटी सुधारने का निर्देश दिया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक के प्रस्ताव पर झांकी में झारखंड के वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी को अनुमोदित किया गया। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने झांकी में साइबर सुरक्षा को भी शामिल करने का सुझाव दिया। वहीं तय हुआ कि गणतंत्र दिवस परेड में सेना, सीआइएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी, जैप, जिला बल, एनडीआरएफ, फायर ब्रिग्रेड के प्लाटून के साथ सेना, सीआरपीएफ और जैप के बैंड भाग लेंगे। इसका रिहर्सल 18 जनवरी से 24 जनवरी के बीच सुनिश्चित कर लेने का निर्देश दिया गया। बैठक में गृह सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव मस्तराम मीणा, कृषि सचिव अबू बक्कर सिद्दिकी, पर्यटन सचिव मनोज कुमार, परिवहन सचिव कृपानंद झा, ग्रामीण विकास सचिव के निवासन, दक्षिणी छोटानागपुर के आयुक्त अंजनी मिश्रा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बख्शी, आइजी अभियान एबी होमकर समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बढ़ी मुख्य व सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की संभावना

झारखंड में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति का मामला

वरीय संवाददाता

रांची : सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर कड़ा कदम उठाया है। नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द शुरू करने का निर्देश सरकार को दिया है। इससे अब राज्य में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति का रास्ता साफ होने की संभावना है। कोर्ट ने इसके लिए राज्य की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी भाजपा को विधायक दल का नेता नामित करने को कहा है। ताकि आयुक्तों के लिए बनने वाली चयन कमेटी में उन्हें शामिल किया जा सके। यह प्रक्रिया दो सप्ताह में पूरी करने को कोर्ट ने कहा है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद भाजपा पर राज्य विधानसभा में विधायक दल के नेता का जल्द चयन करने का नैतिक दबाव बढ़ गया है। विधानसभा चुनाव-2024 का परिणाम 23 नवंबर को आया था। इसमें झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन (आइएनडीआइए) की जीत हुई और हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी। 25 सीटों के साथ यहां विधानसभा में भाजपा मुख्य विपक्षी पार्टी है। सरकार गठन के डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी विपक्षी दल भाजपा ने यहां अपने विधायक दल के नेता का चयन नहीं किया है। इससे विधानसभा का पहला सत्र बिना नेता प्रतिपक्ष के ही संचालित हुआ। पिछली सरकार में भी भाजपा के तत्कालीन विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को स्पीकर द्वारा तकनीकी कारणों से नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता नहीं देने के कारण लगभग तीन वर्षों तक बिना नेता प्रतिपक्ष के ही सदन चला था।

2020 से आयोग निष्क्रिय, सभी पद रिक्त : सुप्रीम कोर्ट में झारखंड ने कहा है कि राज्य में नेता प्रतिपक्ष नहीं होने की वजह से सूचना आयोग में नियुक्ति पर निर्णय लेने वाली चयन कमेटी की बैठक नहीं हो पाई है। झारखंड में वर्ष 2020 से ही राज्य में सूचना आयोग निष्क्रिय है। मुख्य सूचना आयुक्त और

सूचना आयुक्तों के सभी पद रिक्त हैं। सुनवाई पूरी तरह ठप है। आयोग में दर्ज सभी अपील व शिकायतें भी लंबे समय से लंबित हैं। इन पदों पर नियुक्ति को लेकर झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता शैलेश पोद्दार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ ने निर्देश दिया। झारखंड विधानसभा की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी भाजपा सूचना आयुक्तों की नियुक्ति पर निर्णय लेने वाली चयन कमेटी के लिए अपने किसी निर्वाचित सदस्य को दो सप्ताह के भीतर विपक्ष के नेता के तौर पर नामित करे। इसके बाद उम्मीद की जा रही है कि भाजपा दो सप्ताह के अंदर विधायक दल के नेता के नाम की घोषणा कर देगी। पार्टी अगर ऐसा नहीं भी करती है तो भी सूचना आयोग चयन समिति के लिए भाजपा किसी विधायक को नामित जरूर करेगी। इस बीच झारखंड विधानसभा का बजट सत्र भी 24 फरवरी से शुरू होने वाला है। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष का चयन तय माना जा रहा है। वर्ष 2023 से 2024 तक नेता प्रतिपक्ष रहे भाजपा के अमर बाउरी 2024 में विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। ऐसे में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी फिर पार्टी के विधायक दल के नेता चुने जा सकते हैं। 24 फरवरी 2020 को भाजपा ने विधानसभा में बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता बनाया था। स्पीकर ने बाबूलाल को विधायक दल के नेता के तौर पर मान्यता नहीं दी। सत्ता पक्ष के विधायक और विधानसभा अध्यक्ष भाजपा को मरांडी के अलावा किसी और का नाम नेता प्रतिपक्ष के तौर पर नामित करने को कह रहे थे, जबकि भाजपा के विधायक जिद पर अड़े थे। इस खींचतान में तीन साल गुजर गए। बाद में 4 जुलाई, 2023 को बाबूलाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने और 15 अक्टूबर 2023 को अमर बाउरी विधायक दल के नेता बने। इसके बाद भी सूचना आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर गंभीर प्रयास नहीं हुए और कुल मिलाकर पांच साल बर्बाद हो गए।

अब तक तीन बार मांगे जा चुके हैं आवेदन : आरटीआई एक ऐसा कानूनी हथियार जिसके जरिए आप शासन प्रशासन के कामकाज को लिखित तौर पर जान सकते हैं। मगर झारखंड में यह संवैधानिक अधिकार आम लोगों से दूर है। हालत यह है कि 8 मई 2020 को तत्कालीन प्रभारी मुख्य सूचना आयुक्त हिमांशु शेखर चौधरी के कार्यकाल समाप्त होते ही राज्य सूचना आयोग में सुनवाई पूरी तरह से ठप है। सुनवाई नहीं होने की वजह से आयोग में काफी अपील लंबित हैं। हर दिन जिला स्तर से करीब 100 अपील याचिका ऑनलाइन और ऑफलाइन आयोग के दफ्तर में पहुंचती हैं। आयुक्तों की नियुक्ति के इंतजार में ये सारी अपील यूं ही आयोग में पड़ी हुई हैं। राज्य सरकार के द्वारा सूचना आयुक्तों के खाली पदों को भरने के लिए अब तक तीन बार आवेदन मांगे जा चुके हैं। इसके बाबजूद चार वर्षों में सरकार नियुक्त नहीं कर पाई है। सबसे पहले जनवरी 2020 में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार के समय कार्मिक प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग ने मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों के रिक्त पदों के लिए विज्ञापन निकाला था। आवेदन प्राप्त होने के बाद सरकार के द्वारा विधानसभा में मामला उठने पर यह भी जवाब दिया गया था कि एक मुख्य सूचना आयुक्त और पांच सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए समिति गठित है। मुख्य सूचना आयुक्त के लिए 63 आवेदक को शॉर्टलिस्ट किया गया था। पांच सूचना आयुक्त के लिए 354 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसके बाद एक बार फिर नये सिरे से आवेदन 2022 में मांगे गए। सरकार इन आवेदनों को भी मूर्तरूप देने में सफल नहीं हुई। चयन समिति में नेता प्रतिपक्ष नामित नहीं होने की बात कही गई। इन सबके बीच विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही एक बार फिर सरकार को सूचना आयोग की याद आने लगी। कार्मिक ने चुनाव आयुक्तों के पद को भरने की कवायद शुरू करते हुए 31 जुलाई 2024 तक नए सिरे से आवेदन मांगा। लेकिन उसका भी कोई प्रतिफल नहीं निकला। राज्य में विस चुनाव समाप्त हुए भी लगभग डेढ महीने बीत गये लेकिन इन पदों को भरने की सुगबुगाहट नहीं हुई। इसी बीच सुप्रीम कोर्ट का आदेश आने से पदों को भरने की कवायद तेज हो सकती है। चर्चा है कि एक बार फिर नये सिरे से आवेदन आमंत्रित किये जा सकते हैं। इसको लेकर फाइल भी आगे बढ़ने की चर्चा है। सूचना आयुक्तों के खाली पद को भरने के लिए सरकार पर न्यायपालिका का भी दबाव लगातार बना हुआ है।

सूचना आयुक्तों की नियुक्ति, सैलरी और सुविधाएं

सूचना आयोग दो लेवल पर होते हैं। पहला केंद्रीय और दूसरा राज्य स्तरीय। राइट टू इंफॉर्मेशन एक्ट 2005 के तहत देश में केंद्रीय और राज्य सूचना आयोगों का गठन किया गया है। इन आयोगों में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से लेकर उनकी सैलरी और मिलने वाली सुविधाएं अक्सर चर्चा का विषय रहती हैं। केंद्रीय सूचना आयोग का गठन राइट टू इंफॉर्मेशन एक्ट 2005 के तहत होता है। इसमें मुख्य सूचना आयुक्त और अधिकतम 10 सूचना आयुक्त होते हैं। इनकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति की सिफारिश पर की जाती है। इस समिति में लोकसभा में विपक्ष के नेता और एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल होते हैं। वहीं, राज्य सूचना आयोगों का गठन राज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति की सिफारिश पर किया जाता है। स्टेट इंफॉर्मेशन कमीशन में भी एक मुख्य सूचना आयुक्त और अधिकतम 10 सूचना आयुक्त होते हैं। राज्य सूचना आयोग का गठन संबंधित राज्य में राइट टू इनफॉर्मेशन अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए किया जाता है। केंद्रीय और राज्य सूचना आयुक्त बनने के लिए उम्मीदवार को लीगल, साइंस, टेक्नोलॉजी, सोशल सर्विस, मैनेजमेंट, जर्नलिज्म, मास मीडिया या एडमिनिस्ट्रेशन में एक्सपीरियंस होना चाहिए। इसके अलावा आयु सीमा 65 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। इन मापदंडों के आधार पर कैंडिडेट का सिलेक्शन किया जाता है। केंद्रीय मुख्य सूचना आयुक्त को प्रति माह 2,50,000 रुपये सैलरी मिलती है, जबकि अन्य सूचना आयुक्तों की सैलरी 2,25,000 रुपये मंथली होती है। राज्य सूचना आयुक्तों को भी यही वेतनमान दिया जाता है। इसके अलावा आयुक्तों को गाड़ी, सरकारी आवास और अन्य भत्तों जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं।केंद्रीय और राज्य सूचना आयुक्तों का मुख्य कार्य जनता को राइट टू इंफॉर्मेशन अधिनियम के तहत जानकारी प्रदान करना है। वे इंफॉर्मेशन के लिए की गई अपीलों और शिकायतों का निपटारा करते हैं। साथ ही, वे सुनिश्चित करते हैं कि सरकारी विभाग और अधिकारी पारदर्शिता बनाए रखें। सूचना आयोगों का उद्देश्य शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। ये आयोग राइट टू इंफॉर्मेशन एक्ट के तहत जनता को उनकी जानकारी तक पहुंचने में मदद करते हैं। सूचना आयुक्तों की सख्त निगरानी से सरकार और जनता के बीच विश्वास का संबंध मजबूत होता है।

एक झलक

सीएम ने मेडिका में कड़िया मुंडा का जाना हाल

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मेडिका अस्पताल पहुंच कर लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा के स्वास्थ्य तथा इलाज से संबंधित जानकारी ली। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत पत्रकार राणा गौतम व खुर्शीद परवेज सिद्दिकी के निधन पर शोक जताया

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वरिष्ठ पत्रकार राणा गौतम व फारूकी तंजीम अखबार के संपादक खुर्शीद परवेज सिद्दिकी के निधन पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मओं की शांति व परिजनो को दुख की इस घड़ी में सहनशक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री से मिले कोयला व खान मंत्री जी किशन रेड्डी

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने गुरुवार को उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान राज्य सरकार के अधिकारियों व कोयला मंत्रालय, कोल इंडिया और इसकी अनुषंगी इकाइयों के वरीय पदाधिकारियों के बीच कोयला खनन से जुड़े विभिन्न विषयों व मुद्दों पर उच्चस्तरीय बैठक हुई।

सीएम से बोकारो डीसी व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष मिले

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवासीय कार्यालय में बोकारो जिले की उपायुक्त विजया जाधव और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष शशिकर सामंता ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान, उन्होंने मुख्यमंत्री को नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने भी दोनों अधिकारियों को नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दीं और उनके आगामी कार्यों के लिए सफलता की कामना की।

वरिष्ठ पत्रकार राणा गौतम का हुआ अंतिम संस्कार

वरीय संवाददाता

रांची : राजधानी रांची के वरिष्ठ पत्रकार राणा गौतम का अंतिम संस्कार गुरुवार को हरमू मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके सात वर्षीय पुत्र ने दी। इस मौके पर उनके परिजन और काफी संख्या में पत्रकार उपस्थित थे। इसके पूर्व प्रेस क्लब में राणा गौतम के शव को श्रद्धांजलि के लिए लाया गया। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास, केंद्रीय राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सहित काफी संख्या में पत्रकारों व अन्य लोगों ने वरिष्ठ पत्रकार राणा गौतम के

संजय सेठ व रघुवर दास ने प्रेस क्लब में दी श्रद्धांजलि

मृत परिवार को 5 लाख की सहायता राशि दे राज्य सरकार : रघुवर

पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर रघुवर दास ने कहा कि राणा गौतम के निधन से पत्रकारिता क्षेत्र को बड़ी क्षति हुई है। बाबा बैद्यनाथ से उनकी आत्मा को शांति और उनके परिजनों को यह आघात सहने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने राज्य सरकार से मांग किया कि राणा गौतम के परिवार को कम से कम पांच लाख रुपये की सहायता राशि दे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को पत्रकार व उनके परिजनों को आयुष्मान स्कीम से जोड़ना चाहिए, ताकि उचित इलाज में उन्हें कोई परेशानी नहीं हो। वहीं लटकी हुई पेंशन की फाइल को जल्द से जल्द निबटारा किया जाना चाहिए। मालूम हो कि रांची प्रेस क्लब के कार्यकारणी सदस्य राणा गौतम का निधन बुधवार को हो गया था। कुछ दिनों पहले से वह कैंसर से जूझ रहे थे। उन्होंने कई मीडिया संस्थानों में काम किया था।

चावल कारोबारी हत्याकांड में फरार राशिद सहित दो गिरफ्तार

जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद एक साल से फरार था सजायाफ्ता राशिद

वर्ष 2018 में रोस्पा टावर के समीप कारोबारी की गोली मारकर हुई थी हत्या

वरीय संवाददाता

रांची : चावल कारोबारी नरेन्द्र सिंह की हत्या व डकैती मामले में फरार राशिद अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में सजायाफ्ता राशिद जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद बीते एक साल से फरार था। वह डोरंडा के दर्जी मोहल्ले का रहने वाला है। डोरंडा पुलिस ने आर्म्स एक्ट के एक मामले का फरार अभियुक्त चंकु देवा उर्फ समद मेराज को भी गिरफ्तार किया है। वह नोई मोहल्ला, युनुस चौक डोरंडा का रहने वाला है। इस संबंध में मीडिया को जानकारी डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 रोस्पा टावर के नजदीक चर्चित चावल व्यवसायी नरेंद्र सिंह की हत्या के बाद डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था। अपराधी उनसे तीन लाख रुपये ले गये थे। पुलिस जांच में पता चला था कि इस घटना को अंजाम देने में 11 अपराधियों की भूमिका थी। इस मामले में राशिद भी गिरफ्तार हुआ था। वह करीब 5 साल जेल में बंद रहा। जमानत में पर निकलने के बाद दिसम्बर 2023 में कोर्ट ने उसे भी आजीवन कारावास का सजा सुनायी थी। इसके बाद से ही वह फरार चल रहा था। न्यायालय ने आजीवन कारावास एवं 10,000 हजार रुपये जुर्माने की सजा भी सुनाई थी। इसके बाद से पुलिस उसकी तलाश में लगी हुई थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार किया। राशि को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा, डोरंडा इंस्पेक्टर रितेश कुमार पांडेय, पुअनि पवन कुमार यादव, पुअनि संतोष कुमार रजक व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

परीक्षा को बोझ नहीं बनाएं यह उत्सव है : संजय सेठ

11 जनवरी को रांची में होगी पेंटिंग व ड्राइंग प्रतियोगिता

परीक्षा पे चर्चा से पूर्व आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे हजारों विद्यार्थी

वरीय संवाददाता

रांची : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रत्येक वर्ष परीक्षा से पूर्व परीक्षार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम किया जाता है, ताकि विद्यार्थी तनाव मुक्त माहौल में अपनी परीक्षाएं दे सकें। परीक्षा को एक उत्सव के रूप में मना सके। इस कार्यक्रम को लेकर परीक्षा पे चर्चा से पूर्व पेंटिंग और ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन रांची में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के द्वारा किया जा रहा है। 11 जनवरी को सुबह 9.00 से यह प्रतियोगिता टेंडर हर्ट स्कूल में आयोजित की जाएगी। बच्चों को तनावमुक्त और उत्सवपूर्ण माहौल मिल सके, इस उद्देश्य के साथ यह पेंटिंग और ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें रांची के विभिन्न विद्यालयों से हजारों की संख्या में 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थी भाग लेंगे। इस बाबत रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में बच्चे परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। यह कार्यक्रम बच्चों के जीवन को नई दिशा प्रदान कर रहा है और परीक्षा में शामिल होने को लेकर उन्हें उत्साहित कर रहा है। रक्षा राज्य मंत्री ने बच्चों से यह भी आग्रह किया है कि प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करें।

इन विषयों पर होगी प्रतियोगिता : परीक्षा पे चर्चा से पूर्ण होने वाली पेंटिंग और ड्राइंग प्रतियोगिता को लेकर कई विषय तैयार किए गए हैं। जिस पर बच्चे अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इसमें परीक्षा से पूर्व तैयारी के लिए समय सारणी का प्रदर्शन, पसंदीदा खेल का चित्रण, पसंदीदा त्योहार को प्रदर्शित करने वाला चित्र, परीक्षा भी एक त्यौहार है इसका चित्रण, योगासन की विभिन्न मुद्राओं का चित्रण, अपनी कल्पना भविष्य की अपेक्षा और विकसित भारत पर पोस्टर बनाना।

13 को ओटीसी मैदान में नमो पतंग उत्सव की दिखेगी झलक

भारतीय संस्कृति की परंपरा है पतंग उत्सव : संजय सेठ

वरीय संवाददाता

रांची : श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची के सानिध्य में सोमवार 13 जनवरी को ओटीसी ग्राउंड (रातू रोड) में नमो पतंग उत्सव का आयोजन किया जायेगा। प्रेस वार्ता में रांची सांसद व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया पतंग उत्सव की शुरुआत 2006 में अरगोड़ा मैदान से की गयी थी, जो निरंतर अब प्रत्येक वर्ष होता आ रहा है। 19 साल से हिंदू भारतीय संस्कृति में आने वाली पीढ़ियों को जागृत करने के लिए, हिंदू धर्म के संग हमारी भारतीय संस्कृति का पूर्ण निर्वाह करते हुए आज भी हम पतंग उत्सव, मकर संक्रांति, लोहड़ी, टुसू सहित अन्य त्योहारो को बड़े ही धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। समिति द्वारा मकर संक्रांति व लोहड़ी के पावन मंगल शुभअवसर पर नमो पतंग उत्सव का भव्य आयोजन 13 जनवरी को ओटीसी ग्राउंड में प्रातः 11.30 बजे प्रारंभ किया जाएगा। लोगों के बीच नमो पतंग का भी वितरण किया जायेगा। यह पतंग बाहर से मंगाया जा रहा है। इस उपलक्ष पर समिति द्वारा जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच कंबल वितरण किया जाएगा। साथ ही आयोजन में शामिल सभी लोगों के लिए खिचड़ी के महाभोग सहित दही, चुड़ा, गुड़ का भी वितरण किया जाएगा। समिति के संरक्षक संजय सेठ अध्यक्ष मुकेश काबरा ने रांची नगरवासियों से नमो पतंग उत्सव में सपरिवार इष्ट मित्रों के संग शामिल होने का आग्रह किया है। प्रेस वार्ता में अजय मारू, पूनम आनंद, प्रमोद सारस्वत, कुणाल आजमानी, पुनीत पोद्दार, रविन्द्र मोदी, ललन श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, भीष्म सिंह, विजय ओझा, अमित चौधरी, सुधीर तिवारी, संजय गोयल, कमलजीत सिंह शंटी, संजय पोद्दार, सुवेश पांडेय, नीरज चौधरी, नीरज कुमार, राजू रजक, संतोष सेठ, विजय यादव, संजीव साहू, कुमुद झा, मनीष लोधा, सोनित अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अशोक मुंडा, गौत्तम देवदरिया, अशोक यादव, सुधीर सिंह सहित समिति के कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में अनंतनामधारी भगवान का सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान शुरू

वरीय संवाददाता/रांची : दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में वैकुंठोत्सव के उपलक्ष्य पर चतुर्दिवसीय श्रीविष्णु सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान गुरुवार से शुरू हुआ। पहले दिन 09 जनवरी को नाममंत्र से मंदिर गुञ्जित हुआ। भगवान श्रीमन्नारायण अर्चना प्रिय हैं। जब भगवान की 1008 नामों से स्तुति करके तुलसी जी और पुष्प अर्पित किए जाते हैं, तो भगवान अति प्रसन्न हो जाते हैं और जो कोई भी श्रद्धा पूर्वक मांगता है, वो भगवान सहज ही दे देते हैं। सहस्त्रनाम अर्चना करने से भक्तों के सभी मनोकामनाएं पूर्ण होते हैं। सहस्त्रनामार्चन की पहली पाली प्रातः 8.00 बजे मंदिर संचालन समिति की कार्यकारी अध्यक्ष श्री राम अवतार नरसरिया, उनकी पत्नी शारदा नरसरिया सहित उपस्थित सभी सहभागी उपासकों के हाथों मनोकामना सिद्धि पात्र स्पर्श कराकर संकल्प हुआ।

डोरंडा में चाकूबाजी एक घायल

रांची : डोरंडा इलाके में चाकूबाजी की घटना हुई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गये। घायल व्यक्ति का नाम विनोद कुमार विजयवर्गीय है। उन्हें इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया है। वहीं डोरंडा पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। इसके पूर्व पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की है।

हाकी इंडिया लीग 12 से 26 जनवरी तक, डीसी ने तैयारियों की समीक्षा की

सफल आयोजन को लेकर दिये कई निर्देश

वरीय संवाददाता

रांची : उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने 09 जनवरी को समाहरणालय स्थित सभागार में एचआईएल (हाकी इंडिया लीग) 12 से 26 जनवरी के सफल आयोजन के लिए बैठक की। सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन के तरफ से होने वाली सारी व्यवस्था पूर्व में सुनिश्चित रूप से रहेगी। इसके लिए उपायुक्त रांची ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी मैच फ्लड लाइट्स के नीचे खेले जाएंगे, इसलिए मैच के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति कराया जाएगा। इसके लिए बिजली और ऊर्जा विभाग से तकनीकी विशेषज्ञ की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। साथ ही टूर्नामेंट के दौरान फायर ब्रिगेड की व्यवस्था कराने का निर्देश सम्बंधित पदाधिकारी को दिया गया। उपायुक्त रांची ने बाहरी कॉनकोर्स की सफाई और पिचों को पानी देने के लिए नियमित पानी की आपूर्ति कराने

का निर्देश सम्बंधित पदाधिकारी को दिया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जेनरल स्टैंड में एक प्राथमिक चिकित्सा कक्ष की स्थापना तथा जेनरल स्टैंड के दर्शकों के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था कराने का भी निर्देश सम्बंधित पदाधिकारी को दिया गया। स्टेडियम के आस-पास के क्षेत्र की सजावट के लिए सम्बंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। खिलाड़ियों के रहने के स्थानों/अभ्यास स्थलों (बरियातू गर्ल्स स्कूल ग्राउंड)/प्रतियोगिता स्थलों पर पार्किंग स्थलों की पहचान और प्रबंधन पार्किंग स्थलों पर सुरक्षा कवर और पहुंच नियंत्रण प्रत्येक टीम के साथ वाहनों की सुरक्षा प्रतिभागियों, अधिकारियों आदि को ले जाने वाले वाहनों के सुचारू मार्ग को सुनिश्चित करने के लिए यातायात व्यवस्था सुदृढ़ कराने, उच्च पदस्थ अधिकारियों से लेकर निम्नतम पदस्थ अधिकारियों तक पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस कर्मियों को स्टेडियम के महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात रहेंगे। जल्द ही इसके लिए नोडल पदाधिकारी बनाए जाएंगे। बैठक में डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन कुमार सिन्हा, अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, रांची उत्कर्ष कुमार, अपर नगर आयुक्त, रांची नगर निगम रांची, पुलिस अधीक्षक यातायात रांची, अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था रांची राजेश्वर नाथ आलोक, जिला नजारत उप समाहर्ता, रांची सुदेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी रांची अखिलेश कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी रांची उर्वशी पांडेय, महासचिव, हॉकी झारखण्ड संघ, रांची भोला नाथ सिंह, एचआईएल रांची, निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, रांची उप निदेशक, झारखण्ड खेल प्राधिकरण रांची, जिला खेल पदाधिकारी रांची शिवेंद्र सिंह, अधीक्षण अभियंता, विद्युत आपूर्ति अंचल रांची एवं अन्य सभी सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम का लिया जायजा

उपायुक्त ने मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया, ताकि सभी तैयारी तय समय पर हो गये। 12 से 26 जनवरी तक इसी मैदान पर मैच होने हैं। मालूम हो कि मुख्यमंत्री झारखण्ड हेमंत सोरेन की पहल और उनकी खेल प्रेम के प्रति रुझान और झारखण्ड की खेल नीति के कारण ही खेल प्रेमियों के लिए यह सुनहरा मौका मिला है।

मैकलुस्कीगंज ठंड व प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत संगम, खेत-खलिहान में जमे ओस, पारा 1.5 डिग्री

संवाददाता

खलारी : रांची जिले का खूबसूरत हिल स्टेशन एवं प्रसिद्ध पर्यटक स्थल मैकलुस्कीगंज इन दिनों कड़ाके की ठंड और बर्फीली हवाओं की चपेट में है। इस क्षेत्र में न्यूनतम तापमान गिरकर 1.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जो इस साल का सबसे ठंडा दिन रहा। बुधवार की रात इस वर्ष की सबसे ठंड वाली रात रही। गुरुवार सुबह यह और गिरकर 1.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। ग्रामीण क्षेत्रों के खेत-खलिहानों और झाड़ियों पर जमी ओस की बूंदें बर्फ का रूप ले चुकी हैं। पुआल और पेड़ों की टहनियां सफेद चादर से ढकी हुई मालूम हो रही हैं, जो क्षेत्र के प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ा रही हैं। छोटे वाहनों और छतों पर जमी ओस बर्फ में बदल गई है, जो उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी के प्रभाव को दशार्ती है। मौसम विभाग के अनुसार, पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण तापमान में यह गिरावट दर्ज की गई है। आने वाले 4 दिनों तक कड़ाके की ठंड से राहत मिलने की संभावना कम है। हालांकि, दिन में धूप निकलने से मौसम कुछ अनुकूल हो जाता है, लेकिन सुबह और रात की ठंड असहनीय बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में और चौक चौराहों पर लोगों को अलाव तापते देखा गया।

नक्सली कांड के फरार अभियुक्त टीएसपीसी के ऋषिकेश के घर पिपरवार पुलिस ने साटा इश्तेहार

संवाददाता

पिपरवार : पिपरवार पुलिस ने नक्सली कांड में 2022 से फरार चल रहे नामजद टीपीसी के सब जोनल कमांडर संजय उरांव उर्फ ऋषिकेश जी के पिपरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत इसके आवास झुलनडीहा मे ढोल बजाकर गुरुवार को इश्तेहार चिपकाया गया।इसके पूर्व भी पिपरवार पुलिस द्वारा विगत 27 नवंबर को टीपीसी के सब जोनल कमांडर संजय उरांव उर्फ ऋषिकेश जी एवं टीपीसी के जोनल कमांडर रोहित उरांव उर्फ अभिषेक जी के घर इश्तेहार चस्पा किया गया था।इसके पश्चात रोहित उरांव उर्फ अभिषेक जी द्वारा न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था। इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि पिपरवार थाना कांड संख्या 12 /24, 13 / 24 में नक्सली घटना को अंजाम दिए जाने,आगजनी की घटना ,क्षेत्र में दहशत कायम कर लेवी वसूले जाने सहित अन्य मामले में संजय उरांव उर्फ.ऋषिकेश जी 2022 से फरार चल रहा था।इसके विरुद्ध पिपरवार थाना में आधा दर्जन से अधिक नक्सली घटनाओं में शामिल, आगजनी गोलीबारी एवं लेवी वसूले जाने सहित कोयला व्यवसाईयो को धमकी देकर काम बंद कराए जाने को लेकर अन्य मामलों में प्राथमिकी दर्ज है।

अफीम की खेती होगी तो गंभीर स्थिति आ जाएगी: डीएसपी

नामकुम थाना परिसर में अफीम की खेती के विरूद्ध जनप्रतिनिधियों को शपथ दिलायी गयी

संवाददाता

नामकुम : नामकुम थाना परिसर में अफीम की खेती के विरूद्ध जन जागरूकता कार्यक्रम डीएसपी अमर कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में की गयी। इस दौरान अंचलाधिकारी कमलकिशोर सिंह, बीडीओ विजय कुमार, थाना प्रभारी ब्रहमदेव प्रसाद सहित जिप सदस्य, विभिन्न पंचायत के मुखिया एवं पंसस मौजूद थें। अमर कुमार पाण्डेय ने कहा कि अपने पंचायत व समाज को बचाने के लिए जनप्रतिनिधियों को पूरी तरह अलर्ट रहना होगा। क्योंकि नशा पूरे समाज को बर्बाद कर देता है। अगर अफीम की खेती होगी तो दुर्दांत स्थिति आ जाएगी। उन्होंने कहा कि भोले-भाले ग्रामीणों को बहला-फुसलाकर यह कार्य कराया जाता है जबकि उन्हें बहुत ज्यादा कुछ लाभ नहीं होता है। अफीम का पैसा नक्सलियों एवं अंर्तराजीय गिरोह को जाता है उनकी आमदनी बढ़ती है। जिसका दुष्प्रभाव हमसभी पर पड़ता है। कहा कि क्षेत्र में जुआ एवं अन्य गैरकानूनी कार्य न होने दें। उन्होंने सूचना देने के लिए सरकारी नंबर 9431706141 एवं निजी नंबर 9162892282 जनप्रतिनिधियों को दिया। कहा कि सूचना दें, नाम और पता गुप्त रखी जाएगी। वहीं सीओ एवं बीडीओ ने भी कहा कि अफीम की खेती रोकने के लिए जनप्रतिनिधियों की भूमिका अह्म है। अफीम का नशा पूरी पीढ़ी को बर्बाद कर देती है। मौके पर जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीण एवं थाने के पुलिसकर्मी मौजूद थें।

बचरा साइडिंग में असंगठित मजदूरों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा रेलवे साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों की पांच सूत्री मांगों को लेकर बचरा साईडिंग में चल रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल गुरूवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा।हड़ताल मे शामिल सभी अंसगठित मजदुर पिछले तीन दिनो से अपनी मांगों को लेकर बचरा साइडिंग में धरना पर बैठे हुए हैं।सभी असंगठित मजदूर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में बचरा साइडिंग साइडिंग में अपने-अपने कार्यो को छोड़कर धरना प्रदर्शन पर बैठकर आक्रोश प्रकट कर रहे हैं।मजदुरो की प्रमुख मागों मे ठेकेदारी मजदूरों को एचपीसी के दर से मजदूरी का भुगतान करने,ठेकेदारी मजदूरों का सीएमपीएफ कटौती करने,ठेकेदारी मजदूरों को पेमेंट स्लिप देने, ठेकेदारी मजदूरों का हाजिरी फार्म डी में बनाने की मांग शामिल है।इस संबंध मे मजदुरो ने बताया कि यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में सभी मजदुर कड़ाके की ठंड मे शांतिपूर्ण तरीके से

हड़ताल पर है।हड़ताल का तीसरा दिन बीत जाने के बावजुद प्रबधंन एंव कम्पनी के द्वारा कोई पहल नही किया गया है।कड़ाके की ठंड मे हड़ताल मे शामिल सभी अंसगठित मजदुर धरना पर बैठे है,जिससे मजदुरो का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।ज्ञात हो कि हड़ताल के दूसरे दिन बुधवार की शाम से लेकर रात तक सीसीएल प्रबधंन,कम्पनी, युनियन और मजदुरो के बीच वार्ता हुई,जिसमे जेबीसीसीआई सदस्य होने के कारण वार्ता विफल हो गया।जिसके कारण मजदुरो का आक्रोश ओर बढ़ गया है।मजदूरों ने अपना आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा तब तक साइडिंग में हड़ताल जारी रहेगा।इस मौके पर मुंशी महतो,भोला महतो टिंकू महतो,शंकर महतो,चिंतामन महतो, धनेश्वर महतो,चंद्रदेव ठाकुर, जितेंद्र महतो,करण महतो,निर्मल महतो, लटन महतो, जलेश्वर महतो,चमन महतो, दिलीप चौधरी,बिजली महतो, जयशंकर चौधरी, सुरेश गोप सहित काफी संख्या में मजदूर मौजूद थे।

14 जनवरी को डेगा डेगी में मेला को बैठक, हुआ समिति का गठन

संवाददाता

खलारी : मायापुर पंचायत के मुखिया पुष्पा खलखो की अध्यक्षता में मकर संक्रांति के अवसर पर डेगा डेगी में लगने वाले मेला को लेकर बैठक की गई। इस परंपरागत डेगा डेगी मेले को सुचारू रूप से आयोजित करने के लिए एक संचालन समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से संयोजक शेखर बॉस, अध्यक्ष पुतुल देवी,उपाध्यक्ष पुष्पा खलखो,सचिव सुनीता खलखो, उपसचिव महादेव राणा,कोषाध्यक्ष रामेश्वर गंझू, उपकोषाध्यक्षः बिरजा उरांव को बनाया गया। इस बैठक में मेला की विभिन्न व्यवस्थाओं जैसे सुरक्षा, सफाई, स्टॉल लगाने के स्थान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। सभी उपस्थित लोगों ने मेले को सफल बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने का संकल्प लिया। सभी दुकानदारों और आगंतुकों से आग्रह किया गया है कि वे समिति द्वारा दिए गए दिशा-निदेशों का पालन करें ताकि मेले का आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से हो सके। मौके पर सुशील ओरांव, हरेंद्र ओरांव, जयनाथ मुंडा, जितेंद्र पांडेय, मुखदेव गोप, रामविलास गोप, रामभजन सिंह, भुनेश्वर प्रजापति, प्रभु मुंडा, सुशील तिवारी, रवि साहू, सुमित साहू, राजेंद्र मुंडा, विकास मुंडा, राहुल राम, करण प्रजापति, बादल कुमार राणा, बासदेव ओरांव, उमेश ओरांव, अनिल ओरांव, काली ओरांव, बसंत मिस्त्री, संजय ओरांव, कृष्णा मुंडा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

सिल्ली : सिल्ली प्रखंड के कुसुम टिकरा मैदान में गुरुवार को 5 मैचों के सीरीज का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें दांगी क्रिकेट अकादमी नामकुम व सिंगपुर लायंस क्रिकेट अकादमी मुरी के बीच 35-35 ओवर का यह मैच खेला गया। सिंगपुर लायंस ने टांस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। जिसमें सिंहपुर लायंस ने 30.2 ओवर में 10 विकेट खोकर 189 रन बनाए।इस दौरान सिंगपुर लायंस की तरफ से ओपनर बल्लेबाज करते हूए रुद्र कुमार तांती ने 26 बॉल में 17 रन बनाएं और तुषार मांझी ने 46 बॉल में 38 रन बनाएं प्रभात रंजन ने 40 बॉल में 37 रन बनाऐ। जवाबी पारी में खेलते हुए दांगी क्रिकेट अकादमी की ओर से अमन राज ने 16 बॉल में 20 रन बनाए और जुगेश कुमार 37 बॉल में 19 रन बनाएं। 17 ओवर में 85 रन पर ऑल आउट हो गए। इस दौरान मैच हार गया। सिंगपुर लायंस क्रिकेट अकादमी की ओर से प्लेयर ऑफ द मैच प्रभात रंजन और मैन ऑफ द सीरीज शिवम कुमार दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ रत्नेश प्रसाद जी और डॉक्टर रमनेश प्रशाद मौजूद थे। कुसुम टीकरा गांव के मुखिया सोमरा मांझी पिस्का पंचायत समिति के सदस्य अनिल मांझी चेतन मांझी गांव के गणमान्य लोग उपस्थित थे मुख्य अतिथि डॉ रमणेश प्रशाद ने विजेता उपविजेता टीम को पुरस्कार वितरण किया साथ ही क्रिकेट कोच गणेश तांती ने सभी को धन्यवाद किया ।

बेड़ो में ठंड के बीच पाला पड़ने से फसलों को नुकसान, किसान चिंतित

संवाददाता

बेड़ो: बेड़ो प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों कड़ाके की ठंड के बीच पड़ रहा पाला से किसान,मजदूर व आमजन परेशान हैं। शीतलहर व पाला जमने से सबसे अधिक सब्जी की फसल प्रभावित हो रही है। इससे सब्जी उत्पादक किसान चिंतित हैं। किसानों का मानना है कि यह सर्दी लंबी चलती है तो उनकी सब्जी की फसल में भारी नुकसान होगा। वहीं हर दिन तापमान में आई गिरावट से ठंड का प्रभाव बढ़ गया है। कंपकंपाती ठंड से खासकर खास कर ग्रामीण क्षेत्र बेहाल है। शाम होते ही चौक चौराहे पर सनाटा पसर जा रहा हैं और लोगो अपने अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। वहीं प्रखंड के जरिया,पुरियो,केशा,खत्रिखटंगा,नगड़ी टोली, चरिमा व टंगरा टोली के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले किसान

पाला व ठंड की दोहरी मार झेलने को विवश हैं। किसानो की एक मात्र साधन खेती हैं। खेतों में लगी सब्जी ठंड से चौपट हो रही है। आलू, मटर, गोभी, टमाटर व गेहूं सहित सभी फसलें प्रभावित हो रही है। क्षेत्र के किसान पवन कुमार, पंकज कुजूर, विशेश्वर मिंज, बिरसा कुजूर, करमा उरांव, राम उरांव, वन्दे लकड़ा, विरन उरांव ने बताया कि हमारे गांव में इस समय भीषण सर्दी के साथ रात में पाला काफी गिरने की वजह से फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। किसानों ने बताया कि पिछले तीन दिनों से ठंड इतनी ज्यादा है कि लोगों ने अब घर से निकलना भी बंद कर दिया है। इधर किसानों द्वारा केसीसी ऋण लेकर खेती करने वाले किसान मायूस हैं तथा ऋण का पैसा कैसे चुकता होगा को लेकर चिता सताने लगी है। वहीं ठंड से हर कोई परेशान है। स्कूली बच्चों को ट्यूशन जाने में परेशानी हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग ठंड के कारण अपने काम छोड़ घर में रहने को मजबूर नजर आए।जहां ठंड ने मजदूरों की रोजी-रोटी पर भी असर डाला है। इधर कृषक मित्र ब्रजेश महतो ने बताया कि कई दिनों से सुबह व शाम के समय ठंड बहुत बढ़ गई है। तापमान में गिरावट होने के बाद सब्जियों की फसल को भारी नुकसान हो रहा है। प्रखंड क्षेत्र के ज्यादातर लोग सब्जी व फसलों से ही अपना जीविका चलाते है। इसलिए प्रशासन किसानों को हो रहे नुकसान की भरपाई सरकार को करनी चाहिए।

एक झलक

विद्यालय के लैब रूम से लाखों की चोरी

पिस्का नगड़ी : नगड़ी स्थित राजकीय उच्च विद्यालय बीती मंगलवार रात चोरों ने विद्यालय के लैब रूम का ताला तोड कर लगभग डेढ़ लाख रुपए के सामानों की चोरी कर ली। इस संबंध में नगड़ी थाना में अज्ञात लोगो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। शीतकालीन अवकाश के कारण विद्यालय 25 दिसंबर से बंद था। बुधवार को जब विद्यालय खुला तो शिक्षकों ने देखा की लैब रूम का ताला टूटा हुआ है और वहां रखे एक कंप्यूटर सेट सहित वहां रखे लगभग एक लाख रुपए के नये खेल समान गायब थे। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनिल कुमार नंद ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध नगड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

संगठन सचिव ने सीएम हेमंत को दी नववर्ष की शुभकामनाएं

ओरमांझी: गुरुवार को जिला संगठन सचिव साजिद कौसर ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भेंट कर उन्हें नववर्ष और नई सरकार बनने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री से झारखंड राज्य के हितों की रक्षा और उनके विकास के लिए 2025 को उन्नति और प्रगति का वर्ष बनाने की अपील की। साजिद कौसर ने राज्य के कार्यकर्ताओ की ओर से सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया और उम्मीद जतायी कि आगामी वर्ष राज्य में समृद्धि और विकास की नई इबारत लिखेगा।

11 जनवरी को मनाया जाएगा रामलला प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव

बुंडू : इस वर्ष रामलला प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव आगामी 11 जनवरी शनिवार को मनाया जाएगा। विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री राजीव झा ने बताया कि सनातनी समाज अपना प्रत्येक कार्य पंचांग के अनुसार करते हैं। हिन्दी पंचांग के अनुसार रामलला प्राण प्रतिष्ठा पौष शुक्ल द्वादशी को पिछले वर्ष 22 जनवरी को हुआ था। इस वर्ष पौष शुक्ल द्वादशी आंग्ल तिथि में 11 जनवरी को है। रामलला वार्षिकोत्सव मनाने को लेकर राजीव झा ने समस्त सनातनी बंधुओं से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने निकटतम मंदिर की साफ-सफाई करते हुए 11 जनवरी को प्रत्येक मंदिर में सामूहिक पुजा पाठ, भजन कीर्तन,सुंदर काण्ड हो, नहीं तो कम से कम हनुमान चालीसा एवं महाआरती करके भोग प्रसाद वितरण करें।

5 दिनों से बिजली गुल होने से परेशान हो रहे ग्रामीण

सिल्ली: सिल्ली के टूटकी पंचायत के नावाडीह गांव के एक भाग लगभग 50 से अधिक घरों में पिछले 5 दिनों से बिजली नहीं रहने से ग्रामीण परेशान है। अपने मोबाइल को भी चार्ज करने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। लेकिन क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का कोई ध्यान नहीं है। अंधेरे में रात गुजारने वाले लोगों ने बिजली ठीक कर तत्काल बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है। विद्युत कर्मी करम सिंह महतो ने बताया कि बिजली तार में कही पर फॉल्ट है।

बसों के मनमाने भाड़े पर रोक लगाने की मांग

बुंडू : ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू), बृहत झारखंड के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष सह चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी ललित कुमार महतो ने माननीय मंत्री श्री दीपक बिरुवा जी को गुरुवार को एक ज्ञापन सौंपकर रांची-टाटा रोड में बसों के मनमाने भाड़े पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि कोरोना काल में बसों के भाड़ों में तीन से चार गुनी वृद्धि की गई थी। अब भी लोगों से वही बढ़ा हुआ भाड़ा वसूला जा रहा है। रांची से जमशेदपुर की दूरी 125 किलोमीटर है और भाड़ा 300रू से 350रू (नॉन एसी/एसी) है। वहीं रांची से कोलकाता की दूरी 410 किलोमीटर पर भाड़ा मात्र 400रु है, वो भी एसी, स्लीपर आदि सभी बसों में। ज्ञापन में मनमाने ढंग से बढ़ाये गए भाड़े पर अतिसीघ्र रोक लगाते हुए उचित भाड़ा का दर निर्धारित किए जाने की मांग की गई।

सिंगपुर लायंस क्रिकेट अकादमी मुरी की फाइनल में शानदार जीत

ठंड से राहत के लिए सरकार ने की कंबल वितरण का पहल

सिल्ली: इलाके में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सुबह और शाम लोगों को समय काटना मुश्किल हो गया है। लिहाजा, सरकार की ओर से सिल्ली प्रखंड के लोगों को ठंड से राहत दिलाने के लिए कंबल भिजवाया गया है। कल्याण विभाग की ओर से भेजे गए कंबल सिल्ली प्रखंड कार्यालय के गोदाम में रखे गए है। इन कंबलों को जरूरतमंदों के बीच प्रखंड के पंचायतों और वार्डों में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है। मंगलवार को भी कई वार्ड सदस्यों को कम्बल दिए गए। वार्ड सदस्यों ने भी अपने वार्ड क्षेत्र में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। बीडीओ अनिल कुमार ने कहा है कि कंबलों की संख्या सीमित है प्रत्येक वार्ड पर मात्र दस कम्बल के हिसब से ही कंबल आए है। लेकिन फिर भी जरूरत मंद के बीच कंबल देने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। जनप्रतिनिधि भी चिह्नित करके कंबलों का वितरण कर रहे है।

दीदी नीलम आनन्द स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट में किसुनपुर को हराकर खटंगा पहुंचा सेमीफाइनल

ओरमांझी: शिव शिष्य परिवार रांची द्वारा जयडीहा पंचायत खेल मैदान बरतुआ, गणेशपुर, गुरगाई में दीदी नीलम आनन्द स्मृति फुटबॉल टुनार्मेंट का चौथा दिन का पहला मैच केपी एल खटंगा बनाम मुंडा ब्रदर्स पतरातु के बीच खेला गया। जिसमें खटंगा ने पतरातु को 1-0 से पराजित किया। खटंगा के मुना ने 32 वें मिनट में गोल किया। मुना को मैन ऑफ द मैच दिया गया। दुसरा मैच के एफ सी किसुनपुर बुटी बनाम राइट टु कीक चारीहुजीर के बीच खेला गया। जिसमें बुटी ने चारीहुजीर को 2-0 से पराजित किया। बुटी के अर्जुन महतो ने 45 वें एवं 49 वें मिनट में गोल किया । बुटी के अर्जुन महतो को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। क्वटर फाइनल मैच के पी एल खटंगा बनाम के एफ सी बुटी के बीच खेला गया। जिसमें खटंगा के नीरज ने 30 मीनट में गोल किया। नीरज को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में मांडु के विधायक तीवारी महतो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया।

झारखंड सरकार ने एक बार फिर मनमाना ढंग से बंद किया स्कूल

संवाददाता

बेरमो : झारखण्ड जनाधिकार महासभा के साथी राज्य सरकार के 6 से 13 जनवरी तक सर्दी के कारण स्कूल बंद कर देने के आदेश से बेहद निराश हैं। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, इस हफ्ते का मौसम सूर्यवत होना चाहिए. रांची में, जो राज्य के सबसे ठन्डे इलाकों में से है, दिन का तापमान 20 डिग्री सेंटीग्रेड रहेगा, और न्यूनतम रात्रि तापमान 10 डिग्री सेंटीग्रेड के आस पास होगा. स्कूल बंद करने की कोई जरूरत है नहीं। यह पहली बार नहीं है की झारखण्ड में स्कूल बिना वजह बंद किये गए हैं. कोविड काल के दौरान, झारखण्ड ने अपने प्राथमिक विद्यालयों को पूरे 2 सालों के लिए बंद करके एक विश्व रिकॉर्ड बनाया था. ऐसा करने के लिए कोई भी ठोस वजह नहीं थी. और, इस दौरान बच्चों को आभासी रूप से पढ़ाने की भी कोशिश नहीं की गई. बेवजह स्कूलों को बंद कर देना प्रारंभिक शिक्षा के प्रति झारखंड सरकार की उदासीनता का एक लक्षण है. राज्य के 30% प्राथमिक विद्यालयों में केवल एक ही टीचर मौजूद है, और 2017 से प्राथमिक विद्यालों में कोई भी नया टीचर नियुक्त

नहीं हुआ है. ज्यादातर स्कूल शिक्षा के अधिकार कानून का उल्लंघन करते हैं. राज्य के गठन के वक़्त से जितनी भी सरकारें आई हैं उन्होंने शिक्षा को महत्त्व नहीं दिया है। इस गैरजिम्मेदारी की कीमत लाखों बच्चे देते हैं, विशेष रूप से हाशिए के समुदायों से आने वाले, जो सीखने के मौके से वंचित हो जाते हैं. उनमें से अधिकांश बच्चे कष्ट और गरीबी का जीवन जीने को अभिशप्त हैं। हम झारखंड सरकार से दरखास्त करते हैं की वो सरकारी स्कूलों को फौरन खोले और शिक्षा संकट को उस तात्कालिकता के साथ संबोधित करे जो इसके लिए आवश्यक है। अभियान की ओर से अफजल अनीस, अजय एक्का, अंबिका यादव, अमृता बोदरा, अंबिता किस्कू, अलोका कुजूर, अरविंद अंजुम, बासिंग हस्सा, भरत भूषण चौधरी, भाषण मानमी, बिनसाय मुंडा, चार्ल्स मुर्मू, दिनेश मुर्मू , एलिना होरो, एमिलिया हांसदा, हरि कुमार भगत, ज्याँ द्रेज, ज्योति कुजूर, कुमार चन्द्र मार्डी, किरण, लीना, लालमोहन सिंह खेरवार, मानसिंग मुंडा, मेरी निशा हंसदा, मंथन, मुन्नी देवी, नंदिता भट्टाचार्य, प्रवीर पीटर, पकू टुडु, रामचंद्र मांझी, राजा भारती, रमेश जेराई, रेशमी देवी, रोज खाखा, रोज मधु तिर्की, रिया तूलिका पिंगुआ, शशि कुमार, संदीप प्रधान, सिराज दत्ता, सुशील मरांडी, सेबेस्टियन मरांडी, संतोष पहाड़िया, टॉम कावला, विनोद कुमार आदि लोग शामिल थे।

बेरमो बीडीओ पीडीएस दुकानों की जांच को पहुचे जारंगडीह

जांच के दौरान एक पीडीएस दुकान बंद व दूसरे के स्टॉक में मिली गड़बड़ी

बेरमो/जारंगडीह : बृहस्पतिवार को बेरमो प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी एमओ मुकेश कुमार जारंगडीह उतरी पंचायत पहुच कर जनवितरण प्रणाली की दो दुकानों का औचक निरीक्षण किया जिसमे बलवंत सिंह नामक डिलर की दुकान बंद पाई गई बताते चले कि दुकान बंद होने के कारण बलवंत सिंह जनवरी माह का राशन उठाने गोदाम गये हैं। वहां से बीडीओ श्री कुमार दुसरे पीडीएस डीलर मुख्तार सिंह के दुकान पहुचे और निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जन वितरण से जुड़ी सभी खाता बही की जांच पड़ताल की जिसके बाद उन्होंने स्टोक मे गड़बड़ी की बाते कही जबकि डिलर मुख्तार सिंह के अनुसार दिसंबर माह में आधे लाभूलो के द्वारा राशन वही उठाया गया जिस कारण अनाज का स्टोक अधिक दिखाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अधिकांश पीडीएस डिलरो द्वारा आज तक स्टोक रजिस्टर नही बनाया गया है जिस कारण निरीक्षण करने वाले अधिकारियों को वास्तविक स्थिति की जानकारी ही ना मिल पाये और

आसानी से कालाबाजारी की जा सके। इस मौके पर बीडीओ श्री कुमार के अलावे जारंगडीह उतरी पंचायत के मुखिया पति मो इम्तियाज अंसारी जारंगडीह दक्षिणी पंचायत के मुखिया पति सुदेश भूईया के अलावे पीडीएस डिलर मुख्तार सिंह एंव दर्जनों लाभुक ग्रामीण उपस्थित थे जबकि यहां से जांच उपरांत बीडीओ श्री कुमार दक्षिण पंचायत स्थित पीडीएस दुकान की जांच के लिए निकल गए। बीडीओ की माने तो इस जांच की रिपोर्ट वे आला अधिकारियों को भेज दिया जायेगा।

मंईयां सम्मान योजना की राशि लेने को बैंक शाखाओं में लगी भीड़



बेरमो : झारखंड सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना की स्वीकृत राशि 2500 रुपए राज्य के महिलाओं एवं 18 साल से उपर की बच्चियों के खाते में जमा कर दिया गया है।इसके बाद से बैंको में अचानक भीड़ बढ़ गयी है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त राशि प्राप्त करने के लिए 8 जनवरी को पेटरवार प्रखंड के अंगवाली स्थित इंडियन बैंक शाखा, पिछरी स्थित बैंक ऑफ इंडिया, चलकरी के एसबीआई शाखा सहित पेटरवार के कई बैंकों में 18 वर्ष से 49 वर्ष तक की लाभुक महिलाओं की काफी भीड़ देखी गई।मालूम हो कि, जिनकी राशि कतिपय कारणों से उसकी बैंक खाता में नही पहुंच पाई है, वे निराश लौटे भी रही हैं। महिलाओं की इस अप्रत्याशित भीड़ को देखते हुए अन्य कई खाताधारी बैंक में अपने आवश्यक कार्य नहीं करा पा रहे है।

आठ एकड़ में लगे अवैध पोस्ता-अफीम खेती को पुलिस व वन विभाग ने किया नष्ट, कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप

कुंदा(चतरा) : कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत खुशियाला जंगल में लगभग आठ एकड़ में अवैध रूप से लगे पोस्ता-अफीम की खेती को ट्रैक्टर की सहायता से विनष्टीकरण किया गया। विनष्टीकरण अभियान थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी परिस्थिति में पोस्ते की खेती नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने

कहा है कि लोग खुद से पोस्ते के फसल को नष्ट कर दें। अन्यथा पुलिस नष्ट करने के साथ एनडीपीएस के तहत कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि खेती में संलिप्त लोगों को चिन्हित किया जा रहा है, जल्द चिन्हित कर एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने कहा की आगे भी लगातार वनिष्टीकरण अभियान की कार्रवाई जारी रहेगी। वनिष्टीकरण अभियान में पुलिस व वन कर्मी शामिल थे।

जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने मैट्रिक परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों को किया मोटिवेट

बेरमो : राम रतन उच्च विद्यालय ढोरी में बुधवार को जिला पंचायती राज पदाधिकारी सफीक आलम और बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार पहुंचकर छात्र—छात्राओं ने फरवारी माह में होने वाले मैट्रिक परीक्षा की बेहतर तैयारी करने के लिए मोटिवेट किया. यहां पंचायती राज पदाधिकारी ने छात्र—छात्राओं को परीक्षा की तैयारी को लेकर कई सवाल पुछे और सुझाव भी दिया। परीक्षा किस तरह से भयमुक्त होकर देना है इसे लेकर बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यार्थी की सफल की शुरूआत मैट्रिक की परीक्षा से होती है. इस परीक्षा में बेहतर अंक आने से एक अच्छे कॉलेज में दाखिला मिल सकता है। पॉलिटेक्निक व अन्य परीक्षा में भाग लेने का मौका मिल सकता है. साथ ही आगे की पढाई भी जारी रहेगी।

भाजपा ने फुसरो नगर में चलाया सदस्यता अभियान

बेरमो : फुसरो- भाजपा पार्टी द्वारा देश भर में सदस्यता अभियान जोरों पर चल रहा है. जिसको लेकर भाजपा नेताओ व बूथ स्तर के कार्यकर्ता भाजपा सदस्यता अभियान में अपनी रुचि दिखाते हुए धरातल पर कार्य कर रहे है। इसी कड़ी में फुसरो नगर प्रभारी सह किसान मोर्चा के बोकारो जिला अध्यक्ष चन्द्र शेखर महथा के नेतृत्व में फुसरो नगर में सदस्यता अभियान चलाकर दर्जनो लोगो को भाजपा पार्टी का सदस्य बनाया गया. इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद गिरीडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा पार्टी ही ऐसा राजनितिक दल है. जो सरकारी योजनाओं से लेकर संगठन के कार्य को धरातल स्तर पर करता है। जिसके परिणामस्वरूप आज विश्व भर में भाजपा पार्टी नंबर वन पर है. उन्होंने भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकताओं के साथ समीक्षा भी की. अभियान को सफल बनाने के लिए आह्वान किया. उन्होंने ने विशेष रूप से युवाओं से अपील की, कि वे इस अभियान में अपनी पूरी रुचि ले और इसे सफल बनाए. उन्होंने कहा कि हम सब को मिलकर पार्टी को बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक मजबूत बनाना है. हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर विकास की नई उंचाइयों को छू रहा है. मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जगरनाथ राम, पंकज पाण्डेय, भाई प्रमोद सिंह, नवल किशोर सिंह, वैभव चौरसिया, अनिल मूर्मू, मृत्युंजय पाण्डेय, बलराम आदि लोग मौजूद थे।

सिंगल विंडो में किसान कार्यशाला का आयोजन

गिद्धौर(चतरा) : गिद्धौर प्रखंड परिसर स्थित सिंगल विंडो में गुरुवार को एक दिवसीय किसान कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड भर के किसान व किसान मित्र उपस्थित थे। कार्यशाला में कृषि पदाधिकारी धर्मा उरांव ने किसानों को फसल में लगने वाले रोगों से बचने की जानकारी दी। साथ ही किसानों के बीच बिटीएम प्रभात कुमार सिंह के द्वारा नैनो यूरिया का वितरण किया गया। मौके पर दर्जनों किसान उपस्थित थे।

आउटरीच कार्यक्रम के तहत लोगों को किया गया जागरुक

गिद्धौर(चतरा): गिद्धौर प्रखंडअंतर्गत पहरा पंचायत में झालसा रांची के निदेर्शानुसार 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं शस्त्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन एवं सचिव के नेतृत्व में गुरुवार को किया गया। जहां मुखिया एवं वार्ड सदस्य के नेतृत्व में ठंड से बचाव के लिए जरुरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल मजदूरी, बाल विवाह प्रतिषेध, महिलाओं का सम्मान करो, सड़क सुरक्षा, जीवन ज्योति बीमा, सरकारी आवास, राशन कार्ड, मांईयां सम्मान योजना, वृद्धा पेंशन आदि योजनाओं से संबंधित जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। कार्यक्रम पीएलभी प्रेरणा दास द्वारा संचालित किया गया।

आम्रपाली चंद्रगुप्त सीसीएल अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में

बेरमो : कथारा क्षेत्र में आयोजित सीसीएल अंतर फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया है जिसमें सीसीएल अंतर्गत चौदह क्षेत्रों के टीमों ने भाग लिया जिसमें आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बरका सयाल को ड्राई वेकार में 5- 4 से पराजित कर तीसरी बार फाइनल में प्रवेश किया है। फाइनल मैच आज आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र बनाम सीसीएल हेडक्वार्टर रांची के बीच खेला जाएगा ।मैच के मैन ऑफ द मैच रहे विनोद उरांव उर्फ कटप्पा। जीएम अमरेश कुमार ने फोन कर पूरी टीम को फाइनल में प्रवेश करने की बधाई दी है बधाई देने वालों में पर्सनल ऑफिसर अनूप कुमार भगत, आलोक रंजन, पी ओ एमडी अकरम, साहू सर , भारती सर व अधिकारियों कर्मचारियों में फोन कर फाइनल में प्रवेश करने की बधाई दी है। उक्त जानकारी फुटबॉल मैनेजर विजय कुमार बेदिया ने दी है।

आठ हाईवा अवैध बालू जब्त

सिमरिया (चतरा): बालू माफिया द्वारा अवैध रूप से जमा कर रखे गए आठ हाईवा बालू को सिमरिया थाना क्षेत्र के तपसा एवं हुडमुड जंगल से गुरुवार को जप्त किया गया है। उपरोक्त मामले में बालू माफियाओं को चिन्हीत कर नामजद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उपरोक्त कार्रवाई अनुमंडल पदाधिकारी सह आईएएस सनी राज, सीओ गौरव कुमार राय, शीला ओपी प्रभारी राहुल दुबे एवं वन विभाग के टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई है।

जारंगडीह मनसा नगर में धड़ल्ले से अवैध महुआ शराब की बिक्री जारी

कॉलोनी वासियों के बीच पनप रहा आक्रोश, आपत्ति के बाद भी शराब बिक्री जारी

संवाददाता

बेरमो : जारंगडीह - बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह दक्षिणी पंचायत के मनसा नगर में इन दिनों बीना रोकटोक धड़ल्ले से अवैध महूआ शराब की बिक्री जारी है। इस अवैध शराब के कारोबार से जहां एक ओर कॉलोनी मे अशांति और आक्रोश का माहौल व्याप्त है वही स्थानीय निवासी सह जेएलकेएम के नेता चिड़न महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि मनसा नगर कॉलोनी के बीच कमलेश मल्लाह का पुत्र रवि कुमार अपने मनसा नगर आवास पर यह धंधा धड़ल्ले से चला रहा है। अनेको बार हम लोगों ने उसे समझने का प्रयास किया मगर वह किसी की सुनने को तैयार नहीं। श्री महतो ने बताया कि रवि कोनार नदी तट पर रेलवे लाइन के किनारे अवैध महुआ शराब की भट्टी खोल रखी है और वहां से निर्मित अवैध शराब को अपने आवास पर लाता है और यहां से खुदरा बिक्री के साथ साथ थोक सप्लाई का भी धंधा चलाता है। स्थानीय लोगों की माने तो कॉलोनी मे शराब बिक्री के कारण शराबियों द्वारा यहां आय दिन गाली गलौज और शांति भंग किया जाता है जिस कारण कॉलोनी वासियों का जिना मुहाल हो गया है। चिड़न महतो ने उत्पाद विभाग व स्थानीय पुलिस प्रशासन से इस ओर ध्यान देने का आग्रह किया है। ज्ञात हो कि वर्तमान में जिला उपायुक्त के सख्त निर्देश के कारण अवैध धंधे बाजों मे हड़कंप मचा हुआ है वही मनसा नगर में खुले आम अवैध महुआ शराब का धंधा खुले आम चलना कई प्रश्नो को खड़ा करता है।

कोर्ट नोटिस

ब,
अदालत अतिरिक्त मुंसिफ श्रीमती जया स्मीता कुजूर, लोहरदगा
ऑरिजनल सूट नं0– 169 / 2020
तुलसी उरांव ....वादी
बनाम
मुंशी उरांव वगैरह ....प्रतिवादी
1. पंकज उरांव पिता स्व0 शिवा उरांव हाल मोकाम बयमारी, थाना– भण्डरा जिला– लोहरदगा, 2. अजय उरांव, पिता स्व0 नरेश उरांव साकिन –एकागुडी थाना सेन्हा, जिला लोहरदगा।

बजरिये नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद में आपकी उपस्थिति के लिये मेरे न्यायालय में लम्बित चला आ रहा है।

अतः आप दिनांक 23.01.25 ई0 को समय 10:30 बजे मेरे न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर समुचित पैरवी करें।

यह नोटिस आज दिनांक 07.01.25 ई0 को मेरे न्यायालय के मुहर से जारी किया जाता है।

अतिरिक्त मुंसिफ श्रीमती
जया स्मीता कुजूर, लोहरदगा

ESAF
ESAF SMALL FINANCE BANK
REGD. OFFICE: ESAF Bhavan, Mannuthy, Thrissur- 680 651, Kerala.

GOLD AUCTION NOTICE

Notice is hereby given for the information of all concerned that Gold ornaments pledged with ESAF Small Finance Bank and not redeemed by borrowers, despite repeated reminders and notices, of our branches, are listed below. This will be auctioned as per the details given below:

DATE OF AUCTION: 20-01-2025 **TIME:** 2 PM TO 5 PM
AUCTION VENUE: THROUGH E-AUCTION
AUCTION ADDRESS: https://egold.auctiontiger.net
Contact Number: 9099013705/6351896640

To register as bidder for the e-Auction with terms and conditions, and full details of e-Auction please visit the above site.

BRANCHES & LOAN ACCOUNT NUMBERS

Bokaro: 75230002531015, **Dhanbad**: 75230002542484, **Hazaribag**: 75240001621384, 1621924, 1623891, 1692799, **Jamshedpur**: 75230002534910, **Pakur**: 75230002508620, **Ramgarh**: 63240000414669, 416215, 421155, 427804, 428333, 430328, **Ranchi**: 63230000328210.

Customers who are interested to release the ornaments by paying the total due amount may do so, at the respective branches, on or two days before the date of the auction.
Bidders who wish to participate in the auction shall produce their KYC documents. GST No. is mandatory for registered firms/companies. Bidders shall deposit a sum of Rs.50,000 as EMD before participating in the auction.

Thrissur Sd/-
Date: **10-01-2025** Authorized Signatory

जना स्मॉल फाइनैंस बैंक (एक अधिसूचित वाणिज्यिक बैंक)

पंजीकृत कार्यालय: दि फेयरवे, भूतल एवं पहली मंजिल, सर्वे नं.-10/1, 11/2 एवं 12/2बी, ऑफ डोमलुर, कोरामंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के आगे, छल्लाघाटा, बंगलोर-560071

स्वर्ण आभूषणों की नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना

कई बार स्मरण कराए जाने के बावजूद नीचे उल्लेखित कर्जदारों ने निर्धारित समय के अंदर ऋण की रकम चुकता करने तथा स्वर्ण आभूषणों को मुक्त कराने में विफल हो चुके हैं। नीचे सूचीबद्ध कर्जदारों द्वारा संबंधित ऋण खातों के अधीन गिरवी पर रखे गए स्वर्ण आभूषणों/जेवरातों को हमारे शाखा परिसर में **दिनांक 24-01-2025 को सुबह 10.30 बजे** सार्वजनिक/ऑन लाइन/निजी नीलामी के जरिए बिक्री की जाएगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों से शाखा से सम्पर्क करने का अनुरोध किया जाता है। बैंक के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार अथवा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। कृपया ध्यान दें कि उसी दिन नीलामी के सम्पन्न नहीं होने पर उसे अगले दिन समान नियम एवं शर्तों के आधार पर जारी रखा जाएगा। ग्राहक के देहांत होने की स्थिति में नीलामी से संबंधित सभी शर्तें उनके नोमिनी/वैध उत्तराधिकारी के लिए लागू होंगी। एतद्द्वारा कर्जदारों को नीलामी की तारीख से पहले अद्यतन ब्याज तथा आनुषंगिक व्यय का भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, अन्यथा गिरवी पर रखे गए स्वर्ण आभूषणों की बिक्री कर दी जाएगी तथा शेष बकाया रकम, यदि कोई हो, ब्याज तथा लागत के साथ वसूली जाएगी। किसी भी तरह के प्रश्न तथा नियम एवं शर्तों के लिए शाखा से सम्पर्क करें। शाखा के पते के विवरण के लिए **www.janabank.com** देखें।

क्र. सं.	ऋण खाता सं.	कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम	गिरवी पर रखे गए स्वर्ण आभूषण का सकल वजन
1	33188730005057	एम काली प्रसाद	4.54
जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लि., पहली मंजिल, केनरा बैंक के ऊपर, बिरसा चौक के निकट, खूंटी रोड, रांची, झारखण्ड-834002			
2	33088740004857	शकीपदा सिंह	8.16
3	33088730019628	अवनिश राय	3.97
4	33088730019500	मनी प्रभा	3.58
5	33088730019361	चंदना गोप	3.07
6	33088730019016	शकुंतला देवी	9.6
7	33088740004410	रतन कुमार सिंह	34.6
8	33088740004067	सुमिता राय	17.28
9	33088740004054	सैयद यासिर अहमद	13.22
10	33088740004041	हीना बानो	5.9
11	33088740003995	दुर्गा चरण महाली	58.62
12	33088740003930	मीना शिव नारायण	27.6
13	33088740003904	रीतू कुमारी	13.29
14	33088740003867	रिंकु देवी	7.79
15	33088740003841	सुमन देवी	28.71
16	33088740003828	लक्ष्मी देवी	25.59
17	33088740003692	हीना बानो	34
18	33088740003640	मोहम्मद राजा	9.61
19	33088740003590	मनोज कुमार महतो	9.16
20	33088740003587	अनिता साहू	16.72
21	33088730017164	चंदना गोप	6.06
22	33088740003331	निखिल द्विवेदी	18.35
23	33088730016977	मुकेश कैवर्ता	16.03
24	33088740003321	समीर कुमार महतो	14.71
25	33088740003305	मनगीत कौर	14.14
26	33088740003281	प्रदीप कुमार साहू	31.13
27	33088730016823	अवनिश राय	6.18
28	33088740003232	मोहम्मद इकबाल	13.39
29	33088730016684	आयुष कुमार	18.56
30	33088740003203	रानी महतो	12.24
31	33088730016622	बिंदिया सोबेन्द्र	3.98
32	33088740003090	राज कुमार प्रमाणिक	38.07
33	33088740003041	राज कुमार प्रमाणिक	11.66
34	33088740002930	यासमीन बानो	20.91
35	33088740002890	रेश्मा आरा	10.63
36	33088740002762	संजीव कुमार	19.19
37	33088740002699	तब्बसुम बेग	12.25
38	33088740002584	अवनिश राय	19.69
39	33088740002519	सीता एस	18.76
40	33088740002506	सागरिका महंती	10.98
41	33088740002472	रेणु लाल	19.8
42	33088740002456	रेणु लाल	13.45
43	33088740002242	पुष्पा शंकर	21.31
44	33088740002124	अभय लाल	10.78
जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लि., पहली मंजिल, गीता टावर्स, प्लॉट नं. 36, कासीडीह बासीडीह लाइन नं. 1, साकची, पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड-831001			
45	45308730015846	इमरान खान	15.54
46	45308730015425	अनुप नाग	12.1
जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लि., पहली मंजिल, एमआर. कॉम्प्लेक्स, कार्यालय नं. 1, इंद्रपुरी चौक के निकट, पेपर हाउस के सामने, हजारीबाग, झारखण्ड-825301			
47	35438730009391	नारायण महतो	3.86
48	35438730009378	दीनेश कुमार गुप्ता	7.51
49	35438730008158	संजय श्रीवास्तव	6.77
50	35438730007984	रूबी कुमारी	14.8
जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लि., पहली मंजिल, आईसीआईसीआई बैंक के निकट, मेन रोड एनएच-33, मोककर्रइलिस्तामारी, रामगढ़ कैंट, झारखण्ड-829122			
51	32468740000456	महेश दास	8.04
52	32468740000443	पूनम सिंह	11.81
जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लि., पहली मंजिल, प्लॉट नं. 204, हरीमंगल प्लाजा, धनसर, धनबाद, झारखण्ड-828106, भारत			

स्थान: झारखण्ड हस्ता/- अधिकृत अधिकारी
तारीख: 10.01.2025 जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड

फॉर्म – जी
जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड
के लिए रूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण
भारत और विदेशों स्थानों में रियल एस्टेट, ईएंडसी, सीमेंट, आतिथ्य और अन्य उद्योगों में परिचालन

[भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड के विनियम 36ए के उप–विनियम (1) के अधीन (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के तहत]

क्र सं.	प्रासंगिक विवरण	
1.	कॉर्पोरेट देनदार का नाम पैन एवं सीआईएन नंबर/एलएलपी सहित	जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड पैन : AABCB1562A सीआईएन : L14106UP1995PLC019017
2.	पंजीकृत कार्यालय का पता	सेक्टर 128, नोएडा - 201304 (उत्तर प्रदेश)
3	वेबसाइट का यूआरएल	http://jalindia.com/index.html
4.	उस स्थान का विवरण, जहां पर अधिकांश अचल संपत्तियाँ स्थित हैं	कॉर्पोरेट देनदार का व्यवसाय विविधतापूर्ण है, और परिसंपत्तियाँ भारत और कुछ विदेशी स्थानों पर स्थित हैं। अधिक जानकारी के लिए, कृपया ऊपर दी गई वेबसाइट देखें।
5	कार्पोरेट देनदार के मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता	कॉर्पोरेट देनदार एक समूह है जिसके विविध व्यावसायिक हित रियल एस्टेट, इंजीनियरिंग और निर्माण, सीमेंट और आतिथ्य सहित हैं। कृपया ऊपर दी गई वेबसाइट देखें।
6.	पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए प्रमुख उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य	कॉर्पोरेट देनदार के बारे में विवरण युक्त निवेश टीजर यहां http://jalindia.com/cirp.html पर उपलब्ध है।
7.	कर्मचारियों/श्रमिकों की संख्या	कॉर्पोरेट देनदार के सीआईआरपी में रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने की प्रक्रिया और तरीके के बारे में विस्तृत जानकारी रुचि की अभिव्यक्ति के लिए विस्तृत आमंत्रण में दी गई है।
8.	दो वर्षो के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूचियों के साथ), ऋणदाताओं की सूची सहित अन्य विवरण यहां यूआरएल पर उपलब्ध हैं	इन विवरणों सहित रुचि की अभिव्यक्ति के लिए विस्तृत निमंत्रण प्राप्त करने के लिए, कृपया आवेदक का नाम, कंपनी का नाम, पदनाम और संपर्क नंबर के साथ, cirpjal@gmail.com पर विषय पंक्ति के साथ **"जेएएलः रूचि की अभिव्यक्ति के लिए विस्तृत आमंत्रण के लिए अनुरोध"** एक ईमेल भेजें।
9.	संहिता की धारा 25(2)(एच) के अधीन समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां यूआरएल पर उपलब्ध है।	
10.	अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि	09 फरवरी 2025
11.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	19 फरवरी 2025
12	अंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	24 फरवरी 2025
13.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	06 मार्च 2025
14	संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा समाधान योजना हेतु अनुरोध जारी करने की तिथि	11 मार्च 2025
15.	समाधान योजना प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	25 अप्रैल 2025
16.	ईओआई जमा करने के लिए ई–मेल करें	cirpjal@gmail.com

नोट – इस फॉर्म जी में समयसीमा जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के समाधान पेशेवर द्वारा माननीय एनसीएलटी, इलाहाबाद बेंच के समक्ष दायर आईए (आईबीसी) 21 / ए एल डी / 2025 में विस्तार / बहिष्कार के अनुदान के अधीन है, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है।

हस्ताक्षर / -
भुवन मदन
IBBI/IPA-001/IP-P01004/2017-2018/11655
पंजीकृत पताः ए–103 अशोक विहार फेज–3 (लक्ष्मी बाई कॉलेज के पीछे), नई दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली–110052
(10 जनवरी 2025, नोएडा) जय प्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के लिए

AFFIDAVIT

I, **Mrs. Prabhjyoti Kaur** formerly **Miss Prabhajot Kaur Tugger**, W/o. **Shri Navjeet Singh**, R/o. GB Singh House, Tungri, PO. Chaibasa, W. Singhbhum does hereby state and solemnly affirm that I, **Mrs. Prabhjot Kaur** was formerly as **Miss. Prabhajot Kour Tugger** D/o. **Shri Narendra Pal Singh**. I was married 23.11.2014 to **Shri Navjeet Singh** and since then I have changed my name to **Mrs. Prabhjyoti Kaur**. I am known as **Mrs. Prabhjyot Kaur** after my marriage. I have changed my name to **Prabhjiyot Kaur**. **Prabhjyot Kour** and **Prabhajyot Kaur Tugger** are the names of same and one person is my self.

सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 4/10, मैत्री टॉवर, बोम्मनहल्ली होसुर मेन रोड, बैंगलोर– 560068

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्जदार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।
कर्जदार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्जदार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्जा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्जदार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्जदार/ सह–कर्जदार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	अल्टोरम लेरेन प्राइवेट लिमिटेड, प्रतीक शुक्ला और संदीप कुमार परीरा/निदेशक प्रतीक शुक्ला और संदीप कुमार परीरा द्वारा प्रतिनिधित्व संपत्ति संख्या ए207, पहली मंजिल, ब्लॉक 1, केएस सिडसी मल्टी स्टोर्ड कॉम्प्लेक्स, दूसरा क्रॉस रोड, इलेक्ट्रॉनिक सिटी चरण 1, बैंगलुरु बैंगलोर-560100/ 100805002735.	जैसा कि ऋण दस्तावेज/संपत्ति दस्तावेज में वर्णित है, जिसमें गिरवी रखे जाने वाले औद्योगिक फ्लैट नंबर ए–207, औद्योगिक एस्टेट इलेक्ट्रॉनिक सिटी में ब्लॉक–1 की पहली मंजिल पर स्थित है, इलेक्ट्रॉनिक सिटी में प्लॉट नंबर 71,72,75 और 76 के हिस्से का एक हिस्सा बनाया गया है, जो डोड्डाथोगुर गाँव, बेगुर होबली, बेंगलुरु, दक्षिण तालुक की सीमा के भीतर है, जिसका क्षेत्रफल 1653.60 वर्ग फुट है, जो 31.7.2018 के सुधार विलेख के अनुसार अनुसूची के अनुसार है और इसके साथ ही सभी इमारतें और संरचनाएँ, फिक्सचर, फिटिंग और सभी प्लांट और मशीनरी जो धरती से जुड़ी हैं या धरती से जुड़ी किसी भी चीज से स्थायी रूप से जुड़ी हुई हैं, वर्तमान और भविष्य दोनों (क्षेत्रफल 1653.60 वर्ग फुट जिसकी चतुर्सीमाः– उत्तर में: हवाई स्थान दक्षिण में: हवाई स्थान, पूर्व में: फ्लैट नंबर ए–206, पश्चिम में: हवाई अंतरिक्ष/ सांकेतिक कब्जे की तिथि 07.01.2025	अक्टूबर 09, 2024 रु. 34,50,848.60/–	बैंगलोर, कोलकाता और हजारीबाग

उपरोक्त कर्जदार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(याँ) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

दिनांक : जनवरी 10, 2025
स्थान : हजारीबाग

भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

शिक्षा और अध्ययन की महत्ता बताते हुए चाणक्य कहते हैं कि मनुष्य का जन्म बहुत सौभाग्य से मिलता है, इसलिए हमें अपने अधिकाधिक समय का वेदादि शास्त्रों के अध्ययन में तथा दान जैसे अच्छे कार्यों में ही सदुपयोग करना चाहिए।

चाणक्य

सन्मार्ग
रांची, शुक्रवार 10 जनवरी 2025
www.live7tv.com

इतिहास में एक काला अध्याय था तैमूर लंग, दिल्ली में बना दी थी कटे सिरों की मीनार

संकल्प सिंह

बात साल 1363 की है। तैमूर नाम का एक शख्स भेड़ के झुंड को लूटने की कोशिश कर रहा था। इस लड़ाई में उसके दाहिने पैर और दाहिने हाथ में तीर लग जाती है। इस चोट के कारण वह अपाहिज हो गया। अपाहिज होने की वजह से लोग उसे तैमूर ए लंग (लंगड़ा तैमूर) कहने लगे। हम बात कर रहे हैं 1336-1405 के बीच हुए क्रूर शासक तैमूर ए लंग की। अपनी शारीरिक दुर्बलता के बावजूद इस क्रूर शासक ने अपनी बुद्धिमत्ता, कूटनीति और सैन्य कौशल के दम पर मध्य एशिया, पश्चिम एशिया, दक्षिण एशिया और यूरोप के कुछ हिस्सों में अपने विशाल साम्राज्य की स्थापना की। अपनी क्रूरता के बल पर इसने अपनी सत्ता को मजबूत किया।

1336 में समरकंद में हुआ जन्म : तैमूर लंग का जन्म 1336 में समरकंद में हुआ था। यह इलाका अब उज्बेकिस्तान के नाम से जाना जाता है। तैमूर लंग एक बेहद ही साधारण परिवार में जन्मा था। वह एक मामूली चोर था। तैमूर उस समय मध्य एशिया के मैदानों और पहाड़ी इलाकों में भेड़ों की चोरी करता था। तैमूर दिमाग में काफी तेज और कुशल रणनीतिज्ञ था। वह जब भी किसी दूसरी जनजाति या गांव पर हमला करता और वहां से जो कुछ भी जीतता उसे अपने लोगों में बांट देता। इससे हुआ यह कि इसने अपने समुदाय के लोगों का भरोसा जीत लिया। इस कारण कई लोग इसके साथ जुड़ गए। देखते ही देखते तैमूर लंग ने अपनी कुशलता और तेज तर्रार दिमाग से एक बड़ी सेना बना ली।

तैमूर के सैन्य अभियान : इसके बाद तैमूर बड़े स्तर पर सैन्य अभियानों की शुरुआत करता है। सबसे पहले उसने पर्सिया जीता, फिर ईराक, खुरासान, कुर्दिस्तान, मामलुक, इजिप्ट। इन सब के बाद इसने भारत पर नजर गड़ाई, उस समय नसीरुद्दीन महमूद का शासन भारत में हुआ करता था। नसीरुद्दीन महमूद तुगलक वंश के शासक थे।

दिल्ली सल्तनत का कमजोर होना : हालांकि, फिरोजशाह तुगलत की मृत्यु के बाद दिल्ली सल्तनत में राजनीतिक अस्थिरता आ गई थी। फिरोजशाह तुगलक की मृत्यु के 10 सालों के भीतर दिल्ली में पांच बादशाहों, उनके बेटे और उनके पोतों ने राज किया था। इससे दिल्ली की राजनीतिक शक्ति काफी कमजोर हो गई थी। यह वह समय था जब कोई भी बाहरी आक्रांता आसानी से दिल्ली पर आक्रमण कर सकता था, उस समय भारत अपने अकूत खजाने, संपत्ति और संसाधनों के लिए जाना जाता था। तैमूर लंग की नजर इसी पर थी। इसी बीच साल 1398 में तैमूर लंग ने दिल्ली पर आक्रमण कर दिया।

तैमूर का दिल्ली पर आक्रमण : कहा जाता है कि दिल्ली पर आक्रमण करने के लिए समरकंद में करीब 90 हजार सैनिक इकट्ठे हुए थे। इतनी बड़ी माता में सैनिकों के इकट्ठा होने से पूरे शहर में धूल ही धूल हो गई थी। समरकंद से दिल्ली तक पहुंचना कोई आसान काम नहीं था। रास्ते में हिंदुकुश पहाड़ियों की दुर्गम चढ़ाई थी। यही नहीं रास्ते में कई नदियां, पथरीले रास्ते और रेगिस्तान भी थे, जहां से होकर उन्हें गुजरना था। इतनी बड़ी सेना और उसके दस्तों के साथ यह विषम सफर करना कोई आसान काम नहीं था। हालांकि, अपने 90 हजार सैनिकों और दस्तों के साथ तैमूर ने समरकंद से दिल्ली पर चढ़ाई कर दी। रास्ता आसान नहीं था, हिंदुकुश की पहाड़ियों की चढ़ाई करते समय उसके कई घोड़ों ने रास्तों में ही जान गवा दी। तैमूर लंग ने इस दौरान रास्ते में करीब 1 लाख हिंदू लोगों को बंदी बनाया। दिल्ली पर आक्रमण करने से पहले उसने अपना शिविर लोनी में लगाया।

1 लाख हिंदुओं की निर्मम हत्या करवाई : तैमूर की सेना के साथ करीब 1 लाख हिंदू बंदी भी थे। तैमूर को डर था कि अगर वह मल्लू खां के सैनिकों पर हमला करता है तो उसके साथ चल रहे 1 लाख हिंदू कैदी उनका हौसला बढ़ाएंगे या उसके खिलाफ विद्रोह कर सकते हैं। इस डर से तैमूर ने इन सभी बंदियों को मारने का आदेश दे दिया। इसके बाद बड़ी क्रूरता के साथ करीब 1 लाख हिंदुओं को मौत के घाट उतार दिया गया। डेविड प्राइस ने अपनी किताब में इस बात का जिक्र किया है कि मानवता के इतिहास में इस तरह की क्रूरता का कोई दूसरा उदाहरण नहीं है। इसके बाद तैमूर की सेना दिल्ली पर आक्रमण कर देती है। तैमूर के आक्रमण को रोकने के लिए दिल्ली के 10 हजार घुड़सवार, करीब 40 हजार सैनिक, 120 हाथी तैयार थे। अंततः युद्ध में तैमूर लंग की सेना जीत जाती है। इस जीत के बाद उसकी क्रूर सेना ने पूरे शहर में भीषण नरसंहार किया। सड़कों पर लाशों के ढेर लग गए थे, घरों में खून की नदियां बह रही थीं। इस युद्ध में तैमूर की सेना ने हजारों लोगों को मारकर शहरों को लूटा। क्या इंसान, क्या बच्चे क्या बूढ़े किसी को नहीं छोड़ा गया। इस आक्रमण के चलते भारी तबाही मची और पूरे शहर की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो गई। इस दौरान तैमूर खूब सारी संपत्ति, खजाने और संसाधनों की लूट करके समरकंद वापस चला गया। तैमूर लंग का दिल्ली पर आक्रमणा भरतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण और दुखद अध्याय है। कहा जाता है कि इस हमले से उबरने में दिल्ली को करीब 100 साल लग गए। कई देशों पर जीत हासिल करने के बाद तैमूर लंग चीन पर आक्रमण करने की योजना बनाई। हालांकि, इस अभियान को पूरा करते समय वह काफी बीमार हो गया। साल 1405 में इसी बीमारी की वजह से उसकी मृत्यु भी हुई। मृत्यु के बाद तैमूर लंग को समरकंद में दफनाया गया। इस तरह इस क्रूर शासक का अंत हुआ।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

सुस्ती की दस्तक

नेशनल स्टैटिस्टिकल ऑफिस (एनएसओ) के पहले अग्रिम अनुमान में वित्त वर्ष 2025 में जीडीपी ग्रोथ के 6.4% रहने की बात कही गई है, जो अच्छी खबर नहीं है। यह आरबीआई के 6.6% के अनुमान और वित्त वर्ष 2024 की 8.2% की ग्रोथ से काफी कम है। इस डेटा के आने के बाद आरबीआई पर ब्याज दरों में कटौती का दबाव सरकार की ओर से बढ़ सकता है। दूसरी ओर, 1 फरवरी को आने वाले बजट पर भी निगाहें होंगी कि सरकार इकॉनमी को बूस्ट करने के लिए क्या कदम उठाती है। एनएसओ का मानना है कि मैन्युफैक्चरिंग और निवेश घटने से ग्रोथ पर बुरा असर पड़ने जा रहा है। वित्त वर्ष 2025 में अप्रैल से नवंबर के बीच कैपिटल एक्सपेंडिचर में 12.3% की सालाना गिरावट आई। लोकसभा चुनाव और फिर भारी बारिश की वजह से सरकार यह पैसा इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट पर खर्च नहीं कर पाई, जिससे इकॉनमी पर दबाव बना। वित्त वर्ष के बचे हुए महीनों में इसमें तेजी आने की आशा है, जिससे अर्थव्यवस्था को सपोर्ट मिल सकता है। एनएसओ के अनुमान के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025 में कृषि क्षेत्र की ग्रोथ अच्छी रहेगी और निजी खपत में भी साल भर पहले की तुलना में अच्छा सुधार दिखेगा, लेकिन कैपिटल एक्सपेंडिचर में गिरावट के कारण स्थिति अच्छी नहीं दिख रही है। वहीं, कृषि क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन की वजह से रूरल डिमांड में रिकवरी हुई है, लेकिन शहरी क्षेत्रों में मांग कमजोर है। देखना होगा कि अर्बन डिमांड को बढ़ावा देने के लिए सरकार क्या उपाय करती है। अर्थव्यवस्था की रफ्तार तेज बनाए रखने के लिए सरकार को डिमांड और निवेश बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। इसका एक विकल्प हो सकता है कि सरकार टैक्स में रियायत दे ताकि लोगों के हाथ में खर्च करने के लिए अधिक पैसा बचे। जब लोग यह पैसा खर्च करेंगे तो इकॉनमी को सपोर्ट मिलेगा। अगर फरवरी की बैठक में आरबीआई ब्याज दरों में कटौती करता है तो उससे भी शहरी उपभोक्ता वर्ग को कम ईएमआई के रूप में राहत मिलेगी। इससे जो बचत होगी, उससे भी डिमांड में बढ़ोतरी हो सकती है। ब्याज दरें कम होती हैं तो कॉरपोरेट सेक्टर की दिलचस्पी भी निवेश में बढ़ती है। वह अपनी क्षमता बढ़ाता है, जिससे रोजगार के मौके बढ़ते हैं, लिहाजा डिमांड मजबूत होती है। अगर 2047 तक विकसित भारत का सपना पूरा करना है तो आर्थिक ग्रोथ की रफ्तार तेज करनी होगी।

पक्षी और इनका जीवनः पक्षी ठण्ड के मौसम से कैसे बचते हैं?

आशीष कोलारकर

इन दिनों कड़ाके की ठण्ड पड़ रही है। घर से बाहर निकलते ही दांत किटकिटाने लगते हैं। ठण्ड से बचाव के लिए हम सर पर टोपी, हाथों में दस्ताने, स्वेटर अथवा जैकेट और पैरों में मोजे पहने होते हैं। सुबह का समय तो रजाई में दुबके हुए ही निकल जाता है। लेकिन आपने कभी सोचा है कि हमारे पक्षी मित्र ठण्ड के मौसम का मुकाबला किस तरह करते हैं? उन्हें किसी ने कभी ठण्ड में कांपते हुए देखा है? नहीं ना! तो हम जानने की कोशिश करते हैं कि प्रकृति ने इन नन्हे प्राणियों को क्या दिया है जिससे वे स्वयं को कड़ाके की ठण्ड में भी सुरक्षित रखते हैं। सर्दियों में प्रकृति में बहुत बड़े बदलाव होते हैं और पक्षी भी मौसम के अनुरूप अपने को ढाल लेते हैं। इन पक्षियों में ग्रेटर कॉर्मोरेंट (फैलाक्रोकोरैक्स कार्बो) अथवा जल काग अद्भुत रूप से सर्दियों में अपने व्यवहार और जीवनशैली को परिवर्तित करते हैं। उल्लेखनीय है कि कॉर्मोरेंट विशेष रूप से अपने मछली पकड़ने के कौशल के लिए जाने जाते हैं। कॉर्मोरेंट सर्दियों के दौरान प्रायः प्रवास नहीं करते हैं और किसी मछलियों से भरपूर जल निकाय के आस पास अपना अड्डा बना लेते हैं। कॉर्मोरेंट को सर्दियों में मछलियों को पकड़ने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ठण्ड में मछलियां गहरे पानी में चली जाती हैं, इस कारण कॉर्मोरेंट को अपने शिकार को पकड़ने के लिए काफी गहराई तक और अधिक समय तक गोता लगाना पड़ता है। कॉर्मोरेंट बेहतरीन गोताखोर होते हैं और पानी में 10 मीटर गहरे तक गोता लगाकर मछलियों को पकड़ लेते हैं। कॉर्मोरेंट मौसम के अनुरूप अपने आहार को भी संतुलित कर सकते हैं और ठण्ड के दिनों में छोटी मछलियां और अन्य जलीय जीवों का सेवन कर जीवित रहते हैं।

ठण्ड के दौरान कॉर्मोरेंट अक्सर एक बड़े समूह में रहते हैं जिससे वे सुरक्षित महसूस करते हैं। जल निकायों के पास स्थित उनके बसेरों को वे पक्षियों की अन्य प्रजातियों के साथ भी साझा करते हैं। सर्दियों में कॉर्मोरेंट जब एक झुण्ड में आकाश में उड़ते हैं तो एक अद्भुत दृश्य पैदा हो जाता है। ठंडी रातों में समूह में रहने के कारण वे गर्म बने रहते हैं और अपनी उर्जा को बचाए रखते हैं। कॉर्मोरेंट के पंख अन्य जलीय पक्षियों की तुलना में कम जलरोधक होते हैं, जो गोता लगाने में सहायता करते हैं। हालांकि, इस विशेषता के कारण उन्हें सर्दियों में भी अपने पंखों को बार-बार सुखाना पड़ता है। गुनगुनी धूप वाले दिनों में, कॉर्मोरेंट को अपने पंख फैलाकर बैठे हुए, ठंडी हवा में अपने पंख सुखाते हुए देखना आम बात है। सर्दियों में कॉर्मोरेंट को कम भोजन पर संतुष्ट रहना पड़ता है क्योंकि शिकार में पर्याप्त मछलियां उपलब्ध नहीं होती हैं। कड़ाके की ठण्ड में कॉर्मोरेंट अपनी अनावश्यक गतिविधियों को सीमित कर लेते हैं और अपनी उर्जा का संरक्षण करते हैं। वे अपना अधिकतर समय आराम करने में बिताते हैं और बसेरे में रहते हैं। उनकी चयापचय दर उन्हें कठोर परिस्थितियों में जीवित रहने में मदद करती है। सर्दियों में ग्रेटर कॉर्मोरेंट्स प्रजनन की भी तैयारी में लग जाते हैं। नर अपने चमकदार काले पंख दिखाकर और पंखों को लम्बा फैलाकर प्रणय प्रदर्शन करते हैं और मादाओं को आकर्षित करते हैं। इन दिनों में वे जल निकायों के इर्द-गिर्द घोंसला बनाने में भी मशगूल हो जाते हैं। घोसला बनाने के काम आने वाली सामग्रियों जैसे टहनियों और पानी के शैवाल को एकत्रित करने में नर और मादा कॉर्मोरेंट्स व्यस्त हो जाते हैं। कॉर्मोरेंट्स मानव बस्तियों के आस-पास ही रहते हैं और सुरक्षित जल निकायों के करीब अपना घर बनाते हैं। लेकिन इस कारण उनका मछुआरों से भी संघर्ष होता रहता है, जिन्हें यह लगता है कि कॉर्मोरेंट्स मछलियों को खा जायेंगे या तितर-बितर कर देंगे। कॉर्मोरेंट्स को आकाश में उड़ते देखना पक्षी और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक रम्य अनुभव होता है। बढ़ती आबादी और अंधाधुंध शहरीकरण के कारण जलाशयों की संख्या कम होती जा रही है। संसाधनों की कमी मानव-वन्यजीव संघर्ष का कारण बनती है। ग्रेटर कॉर्मोरेंट की आबादी को संरक्षित करने के लिए जल निकायों को सुरक्षित करना आवश्यक है। इस दिशा में शासन और प्रकृति प्रेमियों को मिलकर प्रयास करना चाहिए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

तिरुपति भगदड़ हादसा प्रयागराज महाकुम्भ के लिए एक सबक

जयसिंह रावत

हमारे देश में धार्मिक स्थलों पर भगदड़ और बड़ी संख्या में जनहानि का एक लम्बा इतिहास है, फिर भी अतीत से सबक लेने के बजाय यह सिलसिला निरन्तर जारी है। धार्मिक स्थलों पर भगदड़ का ताजा उदाहरण तिरुमला तिरुपति देवस्थानम का है जो कि प्रयागराज महाकुम्भ के लिए एक बहुत बड़ा सबक है। उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रयागराज में भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम होंगे ताकि यह महाआयोजन जिसमें कई करोड़ श्रद्धालुओं ने भाग लेना है, निष्कंटक सुख-शांतिपूर्वक सम्पन्न हो जाय। आयोजकों को ध्यान रखना चाहिए कि भीड़ जुटाने से बड़ी बात भीड़ को सुरक्षित और सहज रखना है।

धार्मिक स्थलों पर भगदड़ का लम्बा इतिहास : ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो भारत में धार्मिक स्थलों पर और खास कर कुम्भ मेलों में, भगदड़ की घटनाएं कई बार घटी हैं। उदाहरण के लिए, 1820 में हरिद्वार में कुंभ मेले के दौरान 430 लोगों की जान गई थी। 1906 और 1986 में इलाहाबाद के कुंभ मेले में भी दर्जनों श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई। 1954 में इलाहाबाद कुंभ मेले में सबसे भयावह भगदड़ हुई थी, जिसमें 500 से 800 श्रद्धालु मारे गए और 1000 से अधिक घायल हुए। अन्य उल्लेखनीय घटनाओं में 2013 का इलाहाबाद कुंभ मेला, जहां रेलवे स्टेशन पर 36 लोग मारे गए थे, और 2008 का नैना देवी मंदिर हादसा, जिसमें 146 लोगों की मृत्यु हुई थी।

भगदड़ हादसों का सिलसिला जारी : हाल ही में, 8 जनवरी 2025 को तिरुपति के भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में भगदड़ की घटना हुई, जिसमें कई लोगों की मृत्यु हो गई और 40 से अधिक घायल हो गए। इससे पहले, 2022 में वैष्णो देवी मंदिर में हुई भगदड़ में 12 लोग मारे गए थे। 2016 में केरल के पुत्तिंगल देवी मंदिर में एक बड़े हादसे में 106 लोगों की मौत हुई और 383 घायल हुए। इसी प्रकार, 2013 में रतनगढ़ माता मंदिर, मध्य प्रदेश में हुई भगदड़ में 115 श्रद्धालु मारे गए और 110 से अधिक घायल हो गए। 2016 में उज्जैन सिंहस्थ कुम्भ मेला और 2008 में जोधपुर के चामुंडा देवी मंदिर में भी ऐसी घटनाएं हुईं। हाथरस के बालाजी मंदिर में भी 2017 में भगदड़ की एक घटना हुई थी, जिसमें कई लोग घायल हुए। यह घटना प्रशासन और मंदिर प्रबंधन की लापरवाही का परिणाम थी, जहां भीड़ नियंत्रण के पर्याप्त उपाय नहीं किए गए थे। ऐसी घटनाएं स्पष्ट रूप से यह दर्शाती हैं कि भीड़ प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं में सुधार की आवश्यकता है।

45 करोड़ स्नानार्थियों के महाकुम्भ में पहुंचने की उम्मीद : पत्र सूचना कार्यालय भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के अनुमानों के अनुसार महाकुम्भ 2025 में लगभग 45 करोड़ स्नानार्थियों के पहुंचने की संभावना है। ऐसे महाआयोजन में इतनी अधिक भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा सुनिश्चित करना एक बड़ा चुनौतीपूर्ण कार्य है। तिरुपति और अन्य घटनाओं से सीखे गए सबक का उपयोग इस आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए किया जा सकता है। सबसे पहले, प्रशासन को एक समग्र भीड़ प्रबंधन योजना तैयार करनी चाहिए। भीड़ के प्रवाह का विस्तृत आकलन और उन्नत तकनीकों जैसे एआई-आधारित निगरानी और रीयल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम का उपयोग भीड़ नियंत्रण में सहायक हो सकता है।

भीड़ नियंत्रण के कुछ जरूरी उपाय : अस्थायी पुलों का निर्माण, चौड़े मार्गों की व्यवस्था, और आपातकालीन वाहनों के लिए समर्पित लेन का निर्माण जैसी अवसंरचना सुधार भीड़ प्रबंधन में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा, एक मजबूत संचार प्रणाली का होना भी अत्यंत आवश्यक है। पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से स्पष्ट निर्देश दिए जा सकते हैं। मोबाइल ऐप, एसएमएस और सोशल मीडिया का उपयोग करके बहुभाषी संदेश प्रसारित किए जा सकते हैं।

भीड़ प्रबंधन के कुछ मुख्य उपाय इस प्रकार हो सकते हैं: प्लानिंग और सिमुलेशनः बड़े आयोजनों से पहले संभावित भीड़ के प्रवाह का आकलन करना और मॉक ड्रिल्स के माध्यम से व्यवस्थाओं का परीक्षण करना। स्पष्ट यातायात प्रवाहः श्रद्धालुओं के लिए एकतरफा मार्ग और इमरजेंसी वाहनों के लिए समर्पित रास्तों की व्यवस्था। टेक्नोलॉजी का उपयोगः सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन और एआई आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम का उपयोग भीड़ को नियंत्रित और ट्रैक करने के लिए। आपातकालीन सेवाएंः प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, एंबुलेंस और प्रशिक्षित रैपिड रिस्पांस टीम की तैनाती। शिक्षा और जागरूकताः श्रद्धालुओं को सुरक्षा प्रोटोकॉल और आपात स्थितियों में प्रतिक्रिया के तरीकों के बारे में शिक्षित करना। स्वयंसेवकों की भागीदारीः स्थानीय स्वयंसेवकों और सुरक्षा कर्मियों को भीड़ प्रबंधन में प्रशिक्षित करना। सफल आयोजन के लिए सरकारी निकायों, मंदिर प्रबंधन, स्थानीय पुलिस और स्वयंसेवकों के बीच समन्वय सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। स्वयंसेवकों को भीड़ मनोविज्ञान और प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ताकि वे आपात स्थिति में प्रभावी ढंग से मदद कर सकें।

जन जागरूकता भी बहुत जरूरी : श्रद्धालु अक्सर भीड़भाड़ को आध्यात्मिक अनुभव का हिस्सा मानते हैं और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने में हिचकिचाते हैं। इस मानसिकता को बदलने के लिए जागरूकता अभियानों की आवश्यकता है, जो यह समझाएं कि सामूहिक सुरक्षा व्यक्तिगत जिम्मेदारी पर निर्भर करती है। इस बात को समझाना जरूरी है कि थोड़ी सी सतर्कता और अनुशासन अनगिनत जानों को बचा सकता है। महाकुंभ 2025, अपने पैमाने के कारण, सुरक्षा और समावेशिता के लिए एक वैश्विक मानक स्थापित करने का अवसर प्रदान करता है। अगर हम तिरुपति त्रासदी और अन्य घटनाओं से सबक लेकर नवाचार को अपनाएं, तो हम न केवल मानव जीवन की रक्षा कर सकते हैं बल्कि धार्मिक आयोजनों की गरिमा और महत्व को भी बनाए रख सकते हैं। धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य आध्यात्मिकता और शांति का अनुभव करना है, न कि भय और अव्यवस्था का सामना करना।

केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं सुरक्षा की : तिरुपति और अन्य घटनाएं हमें चेतावनी देती हैं कि भीड़ प्रबंधन में लापरवाही के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। महाकुंभ 2025 की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि हम कितनी कुशलता से इन सबक को लागू कर पाते हैं। यह केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर श्रद्धालु का दायित्व है कि वे नियमों का पालन करें और दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखें। धार्मिक आयोजनों को भयमुक्त और सुरक्षित बनाना ही सच्ची आस्था का प्रतीक है

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

मुखिया व पंचायत सचिव का एक दिवसीय प्रशिक्षण

घाघरा : प्रखंड कार्यालय के सभागार में मुखिया व पंचायत सचिव का एक दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को दिया गया। प्रशिक्षक प्रखंड कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार के द्वारा दिया गया। इस दौरान विपिन ने लोगों को बताया कि 10 जनवरी से महिला सभा व बाल सभा का आयोजन किया जाना है। इस सभा में महिला व बाल विकास के लिए योजनाओं का चयन करना है ताकि योजना का सीधा लाभ महिला व बाल विकास को मिल सके। साथ ही 15 जनवरी से पुनः ग्राम सभा किया जाएगा ग्राम सभा के दौरान पंचायत में जरूर के अनुसार योजनाओं का चयन करना है ताकि योजना का लाभ ग्रामीणों को मिल सके। साथ ही कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से विपिन कुमार, फूलमानी देवी, विनीता कुमारी, अंगनी उरांव, लोदो एक्का, चांदनी देवी, यशमुनी देवी, रानी उरांव, कलेश्वर साहू, दिनेश उरांव, शंकर साहू, शंकर खेरवार सहित कई मुखिया मौजूद थे।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को ले उपायुक्त ने जागरूकता रथ व मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

वाहन चलाते समय यातायात नियमों का करें पालन : डीसी

संवाददाता

रामगढ़ : 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक संचालित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन कार्यालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात नियमों का पालन कराने हेतु लोगों में जागरूकता लाने हेतु चलाए जा रहे अभियान का गुरुवार को छतरमांडू स्थित समाहरणालय परिसर से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ एवं मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर उपायुक्त चंदन कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ जिले के सभी क्षेत्रों में लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के संबंध में

जानकारी देकर लोगों को जागरूक करने का काम करेगी वहीं ज़िले के सभी लोगों से अपील कर कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का अक्षरशः पालन करें। अगर दोपहिया वाहन चलाते हैं तो हेलमेट जरूर पहने एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं। वाहन चलाते समय नशा न करें, रैश ड्राइविंग न करें। उन्होंने ऑटो डीलर्स से कहा कि वाहन विक्रेता के रूप में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है, वाहन देते समय जरूर आश्वस्त हो लें कि सभी कागजात पूर्ण हो, ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य रूप से हो। किशोर वर्ग के युवाओं के द्वारा फरार्टे से दोपहिया वाहन चलाए जाते हैं जो नियम के विरुद्ध है एवं काफी खतरनाक है। वाहन एजेंसी वाले वाहन के साथ या तो बिल में या फिर अलग से एक पंपलेट दें जिसमें जागरूकता संदेश हो। इसके अलावा उन्होंने अच्छी गुणवत्ता का हेलमेट प्रयोग करने की अपील की। मौके पर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने सड़क सुरक्षा को लेकर सामूहिक सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने में सबों की भूमिका है। घर से अगर कोई भी वाहन लेकर निकल रहे हैं तो परिवार की सदस्यों की जिम्मेवारी होगी कि बाइक है तो बिना हेलमेट वाहन चलाने ना दे अगर कार है तो सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करने बोले। साथ ही उन्होंने सभी जिले वासियों से कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान का हिस्सा बनें, लोगों को जागरूक करें।

एक झलक

आंदोलनकारी मोर्चा की 19 को गंधौनिया में वनभोज सह मिलन समारोह

गिद्दी : झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की डाड़ी प्रखंड स्तरीय वनभोज सह मिलन समारोह 19 जनवरी को गंधौनिया धाम स्थल में आयोजित की गयी है। इस आशय की जानकारी संघर्ष मोर्चा के लालधन महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि आयोजित वनभोज सह मिलन समारोह के बतौर मुख्य अतिथि मांडू विस क्षेत्र के विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो तथा विशिष्ट अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह संस्थापक पुष्कर महतो मौजूद रहेंगे।

कार्यकर्ताओं से मिलकर समस्याओं से रूबरू हुईं मंत्री

घाघरा : झारखंड ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह के घाघरा शोकाकुल परिवार से मिलने के बाद कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे के घर पहुंची। इस दौरान कार्यकताओं से मुलाकात कर समस्या से रूबरू हुई। पार्टी संगठन को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने की बात कही। वहीं बीडीओ दिनेश कुमार से अबुवा आवास योजना से संबंधित जानकारी ली। घाघरा प्रखंड के स्वयंसेवको ने लिखित आवेदन देकर सरकार द्वारा स्वयंसेवकों के लिए की गई घोषणा को लागू कराने की मांग किया। जिस पर मंत्री ने कहा कि मांग जो है उसे पूरा करने को लेकर सभी पहल की गई है। इस दौरान मनरेगा कंप्यूटर ऑपरेटर ने मंत्रि का आवेदन देकर अपने बड़े हुए मानदेय के अनुसार मानदेय भुगतान करने का आग्रह किया है। जिस पर मंत्री ने कहा है कि निश्चित तौर पर विचार किया जाएगा और सकारात्मक पहल होगा। मौके पर प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह, पूर्व रांची महापौर सह कांग्रेस नेत्री रमा खलखो, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमृता भगत, प्रखंड प्रमुख सविता देवी, कांग्रेस जिला महासचिव कृष्णा कुमार लोहरा, प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे, श्याम साहू, रामवृत उरांव व देवा उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

सिसई में किसानों को ऋण देने में आनाकानी कर रहे बैंक

सिसई (गुमला) : एक तरफ सरकार कहती है कि किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए बैंक ऋण दें। दूसरी तरफ बैंक किसानों को ऋण देने में आना कानी कर रही है। चुंकि भारत कृषि प्रधान देश है। यहां किसान मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा।लेकिन सिसई प्रखंड के झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक सरकार के निदेशों का पालन नहीं कर रहा है। प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण किसानों को बैंक के द्वारा इन दिनो कृषि ऋण नही दिया जा रहा है। जिससे किसान वर्ग काफी परेशान हैं।बैंक अगर इस तरह से किसानों के साथ अन्याय करेंगे तो फिर किसान जाएंगे तो जाएंगे कहां।चुंकि किसान सालो भर खेती करता है। जिससे उसकी आजीविका चल पाती है।अभी किसानों को विभिन्न प्रकार की खेती करने का समय है। ऐसे समय मे केसीसी ऋण नहीं देना किसानों के लिए मुश्किल पैदा करता है। ऋण के लिए किसान आये दिन बैंक का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन उन्हें ऋण नही मिल रहा है।इस संबंध में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक सिसई शाखा के बैंक प्रबंधक संतोष कुमार पाण्डे से पुछे जाने पर उनका कहना है कि सिसई प्रखंड मे काफी किसानों का केसीसी ऋण खाता एनपीए हो चुका है। उसे सुधार करने मे लगे हुए हैं । जबतक उसमें सुधार नही हो जाता है, तब तक हम किसी किसान को ऋण नही दे सकते हैं।अगर देंगे भी तो पांच से दस हजार उससे ज्यादा नही।ये प्रबंधक का दादागिरी नहीं तो और क्या है।पांच दस हजार ऋण लेकर किसान करेगा भी तो क्या जब उस राशि से खेती ही नही हो पायेगा। वहीं किसानों ने सरकार से बैंक द्वारा ऋण दिलाने की मांग किए हैं।

अवैध बालू उठाव व परिवहन मामले में दो ट्रैक्टर जब्त

सेन्हा-लोहरदगा : अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन मामला में संयुक्त कारवाई के दौरान जोगना कोयल नदी से बालू उठाव के क्रम में दो ट्रैक्टर जब्त किया गया है। खनन अधिनियम के तहत अंचलाधिकारी के द्वारा कराया गया प्राथमिकी दर्ज किया है। विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र में खनन व अंचल विभाग के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन द्वारा मंगलवार रात्रि में अवैध बालू उठाव एवं परिवहन मामला में छापेमारी अभियान चलाते हुए दो ट्रैक्टर को जोगना कोयल नदी से जप्त कर सेन्हा थाना परिसर में अग्रतर कारवाई हेतु सुरक्षित रखा गया। और विभागीय कारवाई हेतु अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी के पत्रांक 13 दिनांक 8 जनवरी 2025 के आलोक में ट्रैक्टर चालक एवं मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज सेन्हा थाना में किया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सेन्हा थाना कांड संख्या 03/25 दर्ज कर धारा 303 (2),317(2) बी एन एस के अंतर्गत दोनो ट्रैक्टर चालक एवं मालिक के विरुद्ध कारवाई किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें कि झारखंड राज्य में बालू घाट की निविदा का घोषण आज तक नही हुआ और बालू उठाव एवं सरकारी योजनाओं को सफल बनाने में चोरी छुपे सभी जिले में जारी है। और आए दिन ट्रैक्टर चालक एवं मालिक के विरुद्ध विभागीय कारवाई भी किया जा रहा है। उसके बाद भी विभिन्न नदियों से बालू का उठाव हो रहा है।

अनियंत्रित स्कार्पियो टकराई पेड़ से, चालक घायल

भंडरा/लोहरदगा : जिले के भंडरा मुख्य पथ अंतर्गत सेगरा टोली के पास स्थित पेड़ पर एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो टक्कर मार दी। जिससे एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। यहां पर स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल अधेड़ व्यक्ति को इलाज हेतु तत्काल भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां पर उक्त

व्यक्ति का इलाज किया गया। जानकारी के मुताबिक घायल की पहचान स्कार्पियो चालक रांची लाल गुटवा निवासी स्वर्गीय रामचंद्र सिंह के 50 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। वे अपने निजी काम से लोहरदगा गए हुए थे और लोहरदगा से रांची जाने के क्रम में स्कॉर्पियो ने पेड़ में टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गाड़ी की टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो के एयरबैग खुल गया। हालांकि घटना से रामचंद्र सिंह बाल-बाल बच गए। इधर घटना की सूचना मिलने पर भंडरा थाना पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। इस बीच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा के चिकित्सकों ने बताया गया कि घायल रामचंद्र की स्थिति अभी सामान्य है।

जोगा चौक में जल-जंगल बचाओ संघर्ष समिति की हुई बैठक

स्थानीय रैयत, कंपनी को किसी भी कीमत पर नहीं देंगे जमीन : ग्रामीण

संवाददाता

गिद्दी : रबोध कॉल ब्लॉक कंपनी को यहां के रैयत किसी किमत पर जमीन नहीं देगी। इससे संबंधित विभिन्न बिंदुओ पर चर्चा कर निर्णय लेने के लिए डाड़ी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रबोध पंचायत के जोगा चौक समिप जल जंगल बचाओ संघर्ष मोर्चा की बैठक आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता धनेश्वर महतो ने की। बैठक में धनेश्वर महतो सहित उपस्थित स्थानीय रैयतों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि रबोध कॉल ब्लॉक कंपनी को रैयत किसी कीमत पर यहां की जमीन नहीं देगी। बैठक में धनेश्वर महतो ने कहा कि रबोध कॉल ब्लॉक के आवंटित कंपनी से वार्ता कर ग्रामीणो के हित में सकारात्मक पहल करने की बात की जायेगी। साथ ही कहा कि हमारी मांगों पर कंपनी साकारात्मक पहल

नही करती है, तो कंपनी के विरूद्ध जल जंगल जमीन संघर्ष मोर्चा के बैनर तले ग्रामीणों के हित में उग्र आंदोलन तय करेगी। जिसकी जिम्मेवारी कॉल ब्लॉक कंपनी की होगी। बैठक में आगामी 17 जनवरी की बैठक में ग्रामीण ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गयी। बैठक में इससे संबंधित कई बिंदुओ पर विस्तार से चर्चा की गयी। साथ ही कई निर्णय लिये गये। बैठक में बसंत कुमार शर्मा, श्याम देव महतो, सीताराम मांझी, बिनोद महतो, राजकुमार ठाकुर, बासु महतो, सिनोद कुमार, बाबूराम मांझी, विशेषवर महतो, शिवकुमार बेसरा, अर्जुन महतो, सुदर्शन महतो, राजू महतो, केतर महतो, उदयनाथ महतो, दशरथ प्रसाद महतो, बलराम भुइयां, भुवनेश्वर ठाकुर, मोहनलाल महतो, नरेश महतो, गणेश महतो, दशाराम मांझी, कामेश्वर मांझी, संतोष हेम्ब्रम, छोटेलाल बासके, बलराम बासके, गोवर्धन महतो, मिथुन बासके, लालदेव मांझी, लखनलाल महतो, विजय कुमार, लालदेव महतो सहित काफी संख्या में रैयत मौजूद थे।

भू अर्जन पदाधिकारी हुए सेवानिवृत्त, उपायुक्त समेत अन्य अधिकारियों ने दी विदाई

अपने निर्णय व समयबद्ध तरीके से कार्य को संपादित कर सभी को किया प्रभावित : डीसी

संवाददाता

लोहरदगा : लोहरदगा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी जय ज्योति सामंता बीते 31 दिसंबर 2024 को सेवानिवृत्त हो गए। उल्लेखनीय है कि बीपीएससी 47वें बैच के पदाधिकारी श्री सामंता लोहरदगा जिला में वर्ष 2023 में उप विकास आयुक्त के पद पर भी रहे। यहां पर गुरूवार को इस उपलक्ष्य में जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से एक विदाई कार्यक्रम समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित किया गया। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण व उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा श्री सामंता को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि श्री सामंता ने लोहरदगा जिला में बेहतर कार्य किया। चाहे वह उप विकास आयुक्त के रूप में हो या जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के रूप में। अपने

निर्णय व समयबद्ध तरीके से कार्य को संपादित कर सभी को प्रभावित करने का कार्य किया। सभी पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ इनका संबंध बेहद अच्छा रहा। सेवानिवृत्ति नौकरी के स्वभाविक प्रक्रिया है जिससे सभी नौकरी पेशा के लोगों को सामना करना ही पड़ता है। उपायुक्त ने श्री सामंता के बेहतर स्वस्थ जीवन की कामना की। वहीं उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि श्री सामंता का व्यक्तित्व बेहद सरल और शांत रहा। इनके कार्यकाल में बेहतर कार्य लोहरदगा जिला में हुआ। उप विकास आयुक्त रहते हुए इन्होंने ग्रामीण विकास के क्षेत्र में बेहतर कार्य किये। वहीं भू-अर्जन पदाधिकारी के रूप में भी इन्होंने बेहतर कार्य किया। इस बीच सेवानिवृत्त पदाधिकारी जय ज्योति सामंता ने कहा कि अपने जीवन में पश्चिम बंगाल और बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन में नौकरी करने का अवसर मिला और अनुभव बेहद शानदार रहा।

मुस्लिम यूथ वेलफेयर सोसायटी ने गठित की रक्तदान कमेटी

'अभिभावक बच्चे-बच्चियों को बेहतर शिक्षा दिलाने में निभाएं अहम भूमिका'

संवाददाता

लोहरदगा : शहरी क्षेत्र के न्यू रोड में स्थित होटल सईद पैलेस में मुस्लिम यूथ वेल्फेयर सोसाइटी की एक आवश्यक बैठक सोसायटी के जिलाध्यक्ष मोहेमिन उर्फ बब्बन की उपलब्धता में आयोजित किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य यह था कि लोहरदगा जिला के विभिन्न गांवों और अन्य इलाकों से इलाज हेतु शहर के अस्पतालों में इलाजरत मरीजों को खून की कमी से जूझना पड़ता है,जिसे यथाशीघ्र पहल करते हुए दूर किया जा सके इसे लेकर रक्तदान कमेटी का गठन कर इसे प्रभावी करना। इस बीच बल्ड कमेटी का गठन किया गया। जिसमें जिला प्रभारी गुफरान खान, नूर अंसारी, फैसल अंसारी, अमान अख़्तर, जुनैद अंसारी, मोहम्मद दिलशाद, दानिश हसन को बनाया गया। साथ ही मौजूदा हालात को देखते हुए अन्य सामाजिक कार्यों को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। यहां पर बैठक के उपरांत समाज में फैली बुराइयों की रोकथाम को

लेकर भी चचाएं की गई। इधर बैठक में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए मुस्लिम यूथ वेल्फेयर सोसाइटी के जिलाध्यक्ष मोहेमिन उर्फ बब्बन ने लोगों से अपील किया और कहा कि जाति बिरादरी फिरका परस्ती छोड़कर आपस में मिलजुल कर रहें। उन्होंने कहा कि आपसी तालमेल से तमाम बुराई को खत्म करना है और जनहित कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। मोहेमिन उर्फ बब्बन ने कहा कि समाज के जो नयी पीढ़ी के बच्चे हैं, खासकर 13 से 24 साल के उम्र वाले बच्चे जो गलत रास्ते पर चले जाते हैं और नशा जुआ समेत अन्य प्रकार की बुराइयों में फंस जाते हैं, ऐसे बच्चों को समझाएं और अभिभावक अपने बच्चे-बच्चियों को खास तौर से निगरानी रखें व बेहतर शिक्षा दिलाने में आगे बढ़ें ताकि आपके बच्चे का भविष्य संवर सके। मौके पर संस्थापक सैयद वसीम, सचिव सज्जाद खलीफा, नायाब सदर अराफात अंसारी, हैदर अली, मीडिया प्रभारी तुफैल अंसारी, कोषाध्यक्ष नसीम अंसारी, ब्लड प्रभारी गुफरान खान, फैसल अंसारी, नूर अंसारी, सैयद सड्डू, असलम अंसारी, मनान अंसारी, मुजीब अंसारी, सैयद ओबैदुल्लाह समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

बुद्धिजीवी मंच ने गोला के विद्यार्थियों की मौत पर मौन रखा

रामगढ़ : बुद्धिजीवी मंच बरकाकाना क्षेत्र के आम सदस्यों की एक आवश्यक बैठक राजेंद्र क्लब, नया नगर बरकाकाना में हुई।बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली और संचालन सचिव डॉ शाहनवाज खान ने किया। बैठक में गोला में सड़क दुर्घटना से स्कूल के विद्यार्थियों की दर्दनाक मौत को लेकर एक मिनट का मौन रखा गया। उसके बाद वर्ष 2025 के लिए मंच की सदस्यता अभियान और कार्यकारिणी का पुनर्गठन एवम बरकाकाना क्षेत्र के मुख्य सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं के संबंध में चर्चा करते हुए कुछ निर्णय लिए गए। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि देशभर में 1जनवरी से 31जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिसके तहत सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने पर विचार जा रहा है और व्यवहारिक कदम उठाए जा रहे हैं। अतः बुद्धिजीवी मंच द्वारा बरकाकाना क्षेत्र के मुख्य सड़क में लगातार हो रहे दुर्घटनाओं पर विराम लगाने हेतु कुछ उपाय करने की मांग प्रशासन से ज्ञापन के माध्यम से गई।

त्रैमासिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

संवाददाता

लोहरदगा : मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में त्रैमासिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं को सम्मानित किया गया। 11वीं विज्ञान वर्ग में हेमा कुमारी ने प्रथम, रितिका साहू ने द्वितीय और रेशमी कुमारी व प्रीति कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि 11वीं कला वर्ग में अनिशा कुमारी ने प्रथम, अनुराधा कुमारी ने द्वितीय और रूपरानी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं विज्ञान वर्ग में रोशन कुमार ने प्रथम, पलक कुमारी ने द्वितीय और कनिका कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, 12वीं कला वर्ग में ज्योति प्रिया कुजूर ने प्रथम, कमला उरांव ने द्वितीय और करीना उरांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी मेधावी छात्र-छात्राएं को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह जी ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें अपनी मंजिल को हासिल करने के लिए सार्थक प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता,रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, नीतू कुमारी, सनोज कुमार साहू, सत्यम सतलज, रितेश पाठक, आरती भगत सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

डीडीसी ने की बाल कल्याण समिति की त्रिमासिक समीक्षात्मक बैठक, कहा

समन्वय स्थापित कर जिम्मेदारी का निर्वहन करें पदाधिकारी

संवाददाता

लोहरदगा : उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में गुरुवार को बाल कल्याण समिति के कार्यो की त्रैमासिक समीक्षा एवं जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र के अनुसार बाल कल्याण समिति लोहरदगा में लंबित मामलों की जानकारी दी गई। मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा स्पॉन्सरशिप, अनाथ बच्चों इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई एवं निर्देश दिया गया कि प्रावधानों के अनुसार लंबित मामलों को जल्द निष्पादित किया जाए।

तत्पश्चात जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के संबंध में जानकारी दी गई कि यह बैठक जिले में बच्चों के सर्वोत्तम हित को ध्यान मे रखते हुए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने हेतु आयोजित की गई है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी लोहरदगा द्वारा बताया गया कि संकटग्रस्त बालकों हेतु कार्य करने में अगर कोई कठिनाई हो रही हो तो इस बैठक के माध्यम से उसका समाधान किया जा सकता है। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा निर्देश दिया गया कि बाल कल्याण समिति के सदस्य एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मियों द्वारा प्रोएक्टिव वर्क किया जाए। प्रखंड पंचायत में जाकर बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल शोषण इत्यादि हेतु जागरूकता कार्यक्रम करें तथा ऐसे मामलों को चिन्हित करें। संस्थागत देख-रेख में रहने वाले बच्चों को परिवार में पुनर्वासित करने का काम किया जाए। स्पॉन्सरशिप से आच्छादित बालको को चिन्हित कर अध्ययन किया जाए कि उन्हें प्राप्त हो रही प्रयोजन की राशि का सदुपयोग हो पा रहा है या नहीं। साथ ही एक समिति के गठन का निर्देश दिया गया। जिसके माध्यम से संकटग्रस्त बच्चों का दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया आसान हो। बैठक में डालसा सचिव राजेश कुमार, सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय समीर कुमार तिर्की, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, नगर परिषद के मुख्य कार्य पदाधिकारी मुक्ति किड़ो, जिला कौशल विकास पदाधिकारी, बाल संरक्षण पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्य जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मी आदि मौजूद थे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक

शेष 74 गांवों का सर्वे कर प्रतिवेदन कल शाम तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें

संवाददाता/रामगढ़ : गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यपालक अभियंता ने स्वच्छ भारत मिशन व जल जीवन मिशन के वर्तमान स्थिति के बारे में बताया गया। समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता के बताया कि वर्तमान में 326 गांव के विरुद्ध 115 गांव मॉडल के रूप में घोषित हो चुके हैं जिसके सत्यापन हेतु टीम का गठन किया गया है। इस संबंध में उपायुक्त ने निर्देशित किया कि 13 जनवरी को सभी प्रखंडों में टीम का प्रशिक्षण करते हुए सत्यापन प्रक्रिया को प्रारंभ किया जाए साथ ही 20 जनवरी से पूर्व सभी गांवों का जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में यूनिसेफ सहयोगी संस्था से निर्भय कुमार ने बताया गया कि वर्तमान में कुल 244 गांव में तरल कचरा प्रबंधन से संबंधित व्यवस्था है इस संबंध में उपायुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष 74 गांव का सर्वे करते हुए प्रतिवेदन 11 जनवरी के शाम तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण से संबंधित प्रगती की समीक्षा करते हुए उपायुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया की 18 जनवरी से पूर्व सभी गांव का सर्वे करते हुए प्रतिवेदन कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। कचरा वाहन के नियमित संचालन हेतु उपायुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर वाहन का संचालन करना सुनिश्चित करेंगे। गोवर्धन योजना से संबंधित समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता के ने बताया कि चितरपुर प्रखंड के सेवई उत्तरी पंचायत में गोबर गैस प्लांट निमार्णाधीन है जिस पर यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करते हुए संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। वहीं प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के निर्माण तथा संचालन के क्रम में कार्यपालक अभियंता ने बताया कि रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड के मांडू चट्टी पंचायत में इकाई का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा मशीनों का क्रय भी कर लिया गया है विद्युत कनेक्शन करने के पश्चात केंद्र को चालू कराया जाएगा इस संबंध में उपायुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया कि विद्युत कनेक्शन कराते हुए यथाशीघ्र इकाई का संचालन प्रारंभ करना सुनिश्चित करेंगे।

उद्योग मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, कहा

मजदूरों की हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं

संवाददाता

पाकुड़ : राज्य के श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण, कौशल विकास और उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने परिसदन में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मंत्री श्री यादव ने समाहरणालय परिसर में जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री श्री यादव ने विभागीय अधिकारियों से संचालित योजनाओं की प्रगति, लक्ष्य के विरूद्ध प्राप्त उपलब्धी की जानकारी लिया और मौजूद अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिया। बैठक के दौरान खासकर उद्योग मंत्री श्री यादव ने मजदूरो के पंजीकरण पर विशेष फोकस करते हुए अधिकारियों को शत प्रतिशत मजदूरों का रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन हो इस पर ध्यान देने और कार्य को पूरा करने का निर्देश भी दिया। समीक्षा बैठक के दौरान युवाओं को हुनरमंद बनाने

के साथ साथ उन्हे रोजगार मुहैया कराने की दिशा में की गयी कार्रवाई की भी जानकारी ली गयी और मजदूरों के हितो को लेकर राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा उन्हे दी जानी वाली सुविधाओं के बारे में समीक्षा की। बैठक के दौरान मंत्री श्री यादव ने अधिकारियो से साफ साफ कहा कि मजदूरों के हितो की अनदेखी बर्दास्त नही की जायेगी। पत्रकारो से मुखातिब होते हुए मंत्री श्री यादव ने कहा कि संथाल परगना प्रमंडल में उद्योग और कल कारखाने खुले एवं यहां के मजदूरों को पलायन की स्थिति का सामना नही करना पड़े इस दिशा में हेमंत सोरेन सरकार काम कर रही है। मंत्री श्री यादव ने कहा कि पाकुड़ जिले में बीड़ी उद्योग को गति देने के लिए जिला प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिये गये है ताकि उद्योग भी बढ़े और मजदूरों को वाजिब मजदूरी भी मिल सके। उन्होने बताया कि पाकुड़ प्रखंड के इशाकपुर में बंद पड़े बीड़ी अस्पताल को क्रियाशील किये जाने के लिए डीसी को निर्देश दिये गये है और दो महिने के अंदर इसका लाभ भी बीड़ी मजदूरों को मिलना शुरू हो जायेगा। उन्होने कहा कि पाकुड़ में जुट कारखाना अधिष्ठापित हो इस दिशा में भी पहल की जायेगी। उन्होने कहा कि राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम द्वारा जो आश्वासन क्षेत्र के लोगो को जुट कारखाना के लिए दिया गया है उसे पूरा करने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की जायेगी। श्रम नियोजन एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि झारखंड के मजदूरों को उनका वाजिब हक मिले इस दिशा में पूरी इमानदारी के साथ सरकार काम करेगी। समीक्षा बैठक के पहले मंत्री श्री यादव ने लिट्टीपाड़ा में राजद कार्यकताओं के साथ बैठक किया। मौके पर झामुमो विधायक मथुरा यादव के अलावे राजद जिलाध्यक्ष सहित गठबंधन दल के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। जागरूकता रथ रवाना करने एवं समीक्षा बैठक के दौरान डीसी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, श्रम अधीक्षक रमेश प्रसाद सिंह आदि भी मौजूद रहे।

उप विकास आयुक्त ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को किया रवाना

संवाददाता

दुमका : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय,मोटरयान निरीक्षक दुमका, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य गण ने कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 31 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहा है। लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए रथ जिले के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण करेगा और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। वाहनों में ओवर लोडिंग नहीं करें। भ्रमण के दौरान लोगों के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित पुस्तिका एवं पंपलेट का विवरण किया जाएगा। वहीं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय ने कहा कि ओवरस्पीड, बाईक पर स्टंट करना, गलत दिशा में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करना, शराब पीकर वाहन चलाना, नींद की अवस्था में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय सोशल मीडिया के लिए रील्स बनाना, ओवरटेकिंग करना, इंडिकेटर का प्रयोग न करना, पैदल चलते समय बिना दाएं बाएं देखे सड़क पार करना इत्यादि सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारण है।

नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा को लेकर डीईओ ने की बैठक

पाकुड़ : जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा कदाचार मुक्त सम्पन्न कराये जाने को लेकर की जाने वाली तैयारियों की समीक्षा बैठक गुरूवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिता पुरती ने किया। बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के अलावे जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य नवीन कुमार सिन्हा, अवधेश कुमार एवं केंद्राधीक्षको ने हिस्सा लिया। बताया गया कि कदाचार मुक्त प्रवेश परीक्षा सम्पन्न कराये जाने को लेकर केकेएम कॉलेज, सीएम एक्सीलेंस स्कुल, पॉलिटेक्निक कॉलेज, रानी ज्योतिर्मयी बालिका उच्च विद्यालय, आदर्श बिल्टु मध्य विद्यालय, जिदातो बालिका उच्च विद्यालय, हरिणडांगा उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय हरिणडांगा पश्चिमी एवं मध्य विद्यालय धनुषपूजा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रवेश परीक्षा में 2744 परीक्षार्थी भाग लेंगे।

कड़ाके की ठंड ने लोगों को किया परेशान, अलाव ही सहारा

संवाददाता

साहेबगंज : उधवा प्रखंड क्षेत्र में तेज पछुवा हवा चलने से कनकनी वाली ठंड ने आमलोगों का जीना मुहाल कर दिया है. आमलोगों की परेशानी बढ़ गयी. लोग अपने अपने घरों में दुबकने को विवश हो गये. बाजार एवं सड़क पर आवागमन काफी कम दिखा. लोग ठंढ से बचने के लिए गर्म कपड़ों से पूरे शरीर को ढक कर रखा. लोग अपने घरों में आग जलाकर आग के पास बैठे रहे. प्रशासन की ओर से सार्वजनिक स्थल चौक चौराहों, बस स्टैंड, हॉस्पिटल आदि जगहों पर अलाव की व्यवस्था नहीं किये जाने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है. बढ़ती ठंड के साथ ही गांव गली मोहल्ले की रफ्तार धीमी पड़ गई है। लोगों को दैनिक कार्य को करने में भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस ठंड भरी मौसम में तापमान का पारा हर दिन गिरने बड़ने के चलते लोगों का आम जीवन भी प्रभावित हो रहा है।

गांव की बहुत सी दुकानें भी लेटलतीफ खुल रही है। शाम होते ही जल्द बंद भी हो जा रही है। इस ठंड के प्रकोप से बचने के लिये हर तबके के लोग अपनी जीवन रक्षा में लगे हुए है। गांव के सभी कपड़ों दुकानों में भी गर्म वस्त्र खरीदने के लिये भीड़ लग रही है। दूसरी तरफ प्रशासन की उदासीनता के कारण गांवों में कही भी अलाव की व्यवस्था नही हो पाई है।

ठंड का रहा असर : पिछले कई दिनों से धूप नहीं निकली है, जिससे गलन और बढ़ गई है। लोग घरों, दुकानों में हीटर और ब्लोवर का सहारा ले रहे हैं। प्रशासन ने राहत के लिए गांव के प्रमुख चौराहों पर अलाव जलवाने की कोई व्यवस्था नहीं की है अब तक ।

मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने से नाराज महिलाएं पहुंचीं प्रखंड कार्यालय

संवाददाता

साहिबगंज : तालझारी संवाददाता मंईयां सम्मान योजना के तहत 18 वर्ष से 50 वर्ष तक की आयु वर्ग की महिलाओं को दिसंबर माह का 2500 रूपए डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में भेजा गया।परन्तु अभी भी ऐसे हजारों महिलाएं ऐसी है जिन्होंने मंईया सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए ससमय अपना आवेदन ओनलाइन की है। लेकिन अबतक उनके खाते में एक भी किस्त का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है। जिससे जानकारी लेने इन दिनों प्रखंड कार्यालय में महिलाओं की भीड़ देखने को मिल रही है। महिला यह जानने का प्रयास में कि किन कारणों के कारण उन्हें मंईया सम्मान योजना का राशि उनके खाते में नहीं आ रहा है। गुरुवार को तालझारी प्रखंड कार्यालय में करणपुरा, महाराजपुर मसकलैया आदि सुदुरवर्ती इलाकों से महिलाओं की

भीड़ को देखते हुए बीडीओ पवन कुमार उनके समस्या से अवगत हुए बीडीओ पवन कुमार ने उन्हें बताया की अभी सर्वर डाउन है जिसकी कारण अभी पता नहीं चल पा रहा है सुदूरवर्ती इलाकों से अई महिलाओं को प्रखंड कार्यालय आने में समस्या होती है जिसके कारण कम्प्यूटर ओपेरेटर से कहा एक कार्यालय के समीप नोटिस बोर्ड लगाना सुनिश्चित करें ताकि प्रखंड आने से पहले इसकी जानकारी ले सके. साथ बीडीओ ने तमाम महिलाओं से अपील किया है कि वे अपने ओनलाइन आवेदन की जांच कर लें।

विशेष लोक अदालत की तैयारियों को लेकर जिला जज ने की बैठक

पाकुड़ : विशेष लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेषनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को बैठक हुई। बैठक में न्यायिक अधिकारियों के अलावे अधिवक्ताओं ने भी हिस्सा लिया। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सिंह ने विशेष लोक अदालत के दौरान सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक मामलो का निपटारा कैसे हो इस पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में विशेष लोक अदालत के तहत संबंधित वादों के पक्षकारो को नोटिश निर्गत करने का निर्देश दिया गया ताकि ज्यादा मामलो का निष्पादन किया जा सके। बताया गया कि 17 से 21 फरवरी तक प्री लोक अदालत सीटिंग का आयोजन कर पक्षकारो से बातचीत कर मामलो को सुलझाने का काम किया जायेगा।

उपायुक्त ने खेल एवं पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक की

संवाददाता

साहिबगंज : जिला दंडाधिकारी- सह-उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में खेल विभाग के समीक्षा बैठक की। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने साहेबगंज एवं राजमहल में बनाए जा रहे खेल बैंक का निर्माण एवं समाग्रियों की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । वही निर्माणधीन इनडोर स्टेडियम साहेबगंज में जीम हेतु समाग्रियों का निविदा जल्द पूर्ण करने को कहा गया साथ ही जिला में ओपेन जिम को चिन्हित स्थान में लगवाने के लिए निर्देशित किया गया। सिद्धो कान्हो स्टेडियम में हाई मास्क लाईट हेतु नगर परिषद

को निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए राजमहल इनडोर स्टेडियम को स्थानीय स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर रखने का प्रस्ताव समर्पित करने को कहा । उन्होंने पर्यटन विभाग की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।मौके पर जिला खेल पदाधिकारी पंकज झा एवं अन्य उपस्थित थे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने सोहराय पर्व में लिया हिस्सा, बोले

अपनी पहचान बचाने के लिए आदिवासियों को संस्कृति और विरासत को संरक्षित करने की है जरूरत

संवाददाता

पाकुड़ : भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी गुरूवार को पाकुड़ पहुंचे। श्री मरांडी ने कुमार कालीदास मेमोरियल कॉलेज में आदिवासी बालक कल्याण छात्रावास के छात्रों द्वारा आयोजित सोहराय पर्व में हिस्सा लिया। श्री मरांडी ने कार्यक्रम का उदघाटन किया और शिक्षक शिक्षिकाओं और आदिवासी छात्र छात्राओं के साथ मांदर की थाप पर घंटो झुमे भी। श्री मरांडी ने मौजूद लोगो को सोहराय पर्व की बधाई दी और अपनी पहचान को बचाये रखने के लिए संस्कृति और बिरासत को संजोग कर रखने की अपील की। लोगो को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम आदिवासियों की पहचान सोहराय, बाहा पर्व, मांझी और जाहेर थान है और जबतक हमारे

ये धरोहर संरक्षित और सुरक्षित नही रहेंगे न तो हम समृद्ध हो पायेंगे और न ही विकसित। उन्होने युवा पीढ़ियों से शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के साथ साथ अपने समाज को शिक्षित करने की भी अपील की। मौके पर महिला कॉलेज की प्राचार्य डा. सुशीला हांसदा ने भी अपना विचार रखा। श्रीमति हांसदा ने कहा कि हमारा त्योहार हमें एकता में जोड़कर रखने का काम कर रहा है। उन्होने कहा कि सोहराय हमें प्रकृति की रक्षा के साथ साथ आपसी प्रेम और भाईचारा को बढ़ाने का संदेश देता है। प्राचार्य श्रीमति हांसदा ने कहा कि हमारी संस्कृति बचेगी तो हम समृद्ध होंगे और आर्थिक रूप से मजबुत भी। आयोजित सोहराय पर्व के मौके पर जॉन जंतु सोरेन, प्रो. युगल किशोर झा आदि ने भी अपना विचार रखा। कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र नायक जयसेन सोरेन, कमल मुर्मू आदि ने सक्रिय भुमिका निभाया।

मुख्यमंत्री सारथि योजना के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

संवाददाता

उधवा : मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार देने के लिए झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी ने गुरुवार को प्रखंड सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के जलसहिया दीदियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें बताया गया कि इस योजना के तहत सिलाई मशीन ऑपरेटर, होम हेल्थ एंड हेल्थ केयर, फिटर मैकेनिकल असेंबली के लिए साहेबगंज व रांची में प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के तहत युवतियों को साहेबगंज व युवकों को रांची में तीन महीने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें योग्यता के अनुसार आठवीं और दसवीं पास के साथ 18 से 35 वर्ष के युवक युवतियों को प्रशिक्षण मिलेगा। निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्य प्रशिक्षक तनवीर आलम ने बताया कि इसका मकसद बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार के लिए प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाना है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को लेकर युवक युवतियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। मौके पर आसनारा बीबी,होपोनमय हेम्ब्रम,बाले बिटी हांसदा, मुखलेशा बीबी,अकलीमा बीबी व रिजवाना खातून सहित अन्य थे।

एक झलक

15 से 24 जनवरी तक होने वाली 6 अलग अलग परीक्षाओं के लिए कार्यक्रम जारी

दुमका : सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय ने छह परीक्षाओं के लिए परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। जिन परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया गया है, उनमें बीबीए व बीसीए सेमेस्टर दो, एमबीए एमसीए सेमेस्टर दो व चार शामिल हैं। एमबीए एमसीए सेमेस्टर दो व चार की परीक्षा 17 से 24 जनवरी तक तथा बीबीए व बीसीए सेमेस्टर दो की परीक्षा 15 से 18 जनवरी तक द्वितीय पाली में दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक होगी। सभी परीक्षाओं के लिए विश्वविद्यालय की ओर से एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। छात्र विश्व विद्यालय की ऑफिशियल वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा ओएसडी डॉ इंद्रनील मंडल ने बताया कि छात्रों को परीक्षा केंद्र पर ओरिजनल एडमिट कार्ड दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्र ऑनलाइन जारी किए गए एडमिट कार्ड का प्रिंट लेकर भी परीक्षा देने जा सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह ने बताया कि परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है।

सेविका ने 46 बच्चे को प्रदान किया स्वेटर

साहिबगंज : अचानक बड़ती ठंड को देखते देखते हुए गुरुवार को राजमहल प्रखंड अंतर्गत गदाई दियारा पंचायत स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 123 की सेविका बीना कुमारी सहायिका सबीता देवी ने नामांकित 46 छोटे छोटे बच्चों व बच्चियों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया इस अवसर पर सेविका बीना कुमारी ने बताया कि ठंड को देखते स्वेटर वितरण किया गया स्वेटर मिलने से बच्चों को अब ठंड से राहत मिलेगी। मौके पर उमेश साह, राम ब्रिज मंडल, सुदाम मंडल।

जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

साहिबगंज : वृहस्पतीवार को झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश- सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज, अखिल कुमार के द्वारा आज व्यवहार न्यायालय, साहेबगंज के परिसर में जरूरतमंदों के बीच इस कड़ाके की ठंड में कंबल का वितरण किया गया। डालसा सचिव विश्वनाथ भगत द्वारा पैरा लीगल वालंटियर को शामिल कर एक टीम गठित किया गया तथा उनके द्वारा जरूरतमंदों, बेबस, लाचार, बूढ़े, विधवा तथा बच्चों के लिए इस कड़ाके की ठंड में शहर के मुख्य स्थान पर जलावन एवं अलाव का भी व्यवस्था किया गया। प्राधिकार के सचिव ने बताया कि आगे भी जिला प्रशासन तथा नगर पालिका के साथ समन्वय कर कंबल वितरण किया जाएगा तथा जिले के विभिन्न आश्रय गृहों तथा रैन बसेरा का दौरा कर बेघर व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ा जाएगा।

झंडोत्तोलन में राष्ट्रगान के लिए छात्राओं का किया गया चयन

दुमका : गणतंत्र दिवस समारोह 2025 के अवसर पर पुलिस लाइन समेत विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यालय में झंडो त्तोलन के समय राष्ट्रगान गाने वाले दलों का चयन उपायुक्त दुमका के निदेर्शानुसार जिला शिक्षा पदाधि कारी दुमका द्वारा गठित तीन सदस्यीय टीम के निर्णायक दल के द्वारा प्लस टू जिला स्कूल दुमका के प्रशाल में किया गया। तीन सदस्य निर्णायक दल के रूप में कैलाश पातर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी दुमका, सुषमा हांसदा सहायक शिक्षिका प्लस टू गर्ल्स स्कूल दुमका एवं महेंद्र प्रसाद साह प्रभारी प्रधानाध्यापक उत्क्रमित मध्य विद्यालय मांगुरडीह जामा ने बेहतर बेहतर प्रदर्शन के आधार पर पुलिस लाइन समेत विभिन्न कार्यालय के लिए 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर राष्ट्रगान गाने वाले टीमों का चयन किया। चयन कार्यक्रम में प्लस टू जिला स्कूल दुमका, प्लस टू गर्ल्स स्कूल दुमका, मारवाड़ी बालिका उच्च विद्यालय दुमका, सिद्धू कान्हू उच्च विद्यालय दुमका, लिटिल एंजेल स्कूल दुमका, सन्त तेरेसा उच्च विद्यालय दुधानी, सेंट जोसेफ उच्च विद्यालय दुमका, बाल भारती स्कूल दुमका, मध्य विद्यालय कडहलबिल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर दुमका के छात्राओं ने भाग लिया। पुलिस लाइन में राष्ट्रगान प्रस्तुति के लिए संत टेरेसा उच्च विद्यालय दुमका प्लस टू जिला स्कूल दुमका एवं सिदो कान्हू हाई स्कूल दुमका से कुल 21 छात्राओं का चयन किया गया।

विधायक ने किया कंबल का वितरण

साहेबगंज : तालझारी संवाददाता।तालझारी प्रखंड में बोरीयो विधायक धनंजय सोरेन ने ठंड को देखते हुए 180 कंबल प्रखंड क्षेत्र में बांटने को दिया गया है। गुरुवार प्रखंड अध्यक्ष चरण हाँसदा के द्वारा असहाय गरीब लोगों के बीच कमल का वितरण किया। उन्होंने बताया कि अचानक ठंड काफी बड़ गई है जिसे देखते हुए विधायक से कंबल का मांग किया गया था। विधायक ने प्रत्येक प्रखंड को कंबल वितरण करने के लिए दिया है। जिसे क्षेत्र के असहाय, मजदूर, गरीब एवं बूढ़े बुजुर्ग को ठंड से बचने के लिए देने को कहा गया है।

समाज सेवा संगठन की बैठक

उधवा/साहिबगंज : बुधवार,को स्थान-पियारपुर बाजार में झारखंड समाज सेवा संगठन के बैठक में इलाके के सभी ईमाम संगठन का साथ दिया और साथ मिलकर समाज में फैले बुराइयों का खत्मा करने का इरादा किया जैसे शादी,विवाह या अन्य प्रोग्राम में ऊख और गलत रस्मो रिवाज को खत्म करना है। जैसे लोगों को सामाजिक बुराइयों के नुकसान के बारे में जागरूक करना होगा। सरकार को नियमों और विनियमों का पालन नहीं करने वालों पर गंभीर कार्रवाई करनी चाहिए। सभी सामाजिक बुराइयों के बुरे प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हमें गांवों और कस्बों में जागरूकता शिविरों का आयोजन करना चाहिए। एक अच्छी शिक्षा प्रणाली समाज को बेहतर तरीके से ढाल सकती है। यह समस्याओं की पहचान कर सकती है और मानव जाति की बेहतरी के लिए उनके समाधान बता सकती है। बच्चों को एक अच्छा चरित्र बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सामाजिक बुराइयों को कम करने के लिए नैतिक शिक्षा बहुत जरूरी है। ।जिसमे उपस्थित रहे-मौलाना अब्दुल कदीर, मौलाना अलताफ,मौलाना शाहबाज, मस्टर यूसुफ, मस्टर मुन्नू, मस्टर हबीबुर, मास्टर फिरोज,मस्टर रुहुल, महबूब अलम,साबिर अली, आदि उपस्थित थे।

विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा ने आराशाह और चेतमा में की ग्राम स्तरीय तैयारी बैठक

पीवीयूएनएल गेट के समक्ष 21 को प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने का हुआ आह्वान

संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़) : विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में बुधवार की शाम आराशाह चबूतरा में ग्राम स्तरीय तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मुखिया शिवप्रसाद मुंडा और संचालन मोर्चा के सह सचिव कपिल मुंडा व लाल मोहन मुंडा ने संयुक्त रूप से किया। वहीं ग्राम चेतमा के देवी मंडप में आयोजित बैठक की अध्यक्षता दीपक कुमार और संचालन दिनेश कुमार महतो ने किया। दोनों गांवों के बैठक में आगामी 21 जनवरी को पीवीयूएनएल लेबर गेट के समक्ष अपनी मांगों को लेकर प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन आंदोलन को सफल बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कहा गया कि ग्राम आरासाह और चेतमा के सभी महिला-पुरुष ग्रामीण व बच्चे पारम्परिक हरवे-हथियार के साथ

आंदोलन में भाग लेंगे। कहा गया कि विस्थापित-प्रभावितों की धरती पर विशाल पावर प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन विस्थापित-प्रभावितों को हक-अधिकार नहीं दिया जा रहा है। हक-अधिकार की मांग करने पर स्थानीय बोलकर कंपनी द्वारा हमसबों को गुमराह करने की कोशिश की जाती है। कहा गया कि जो लोग बाहर से आकर हमारे रोजी-रोटी को मार रहे हैं, वे भी आज अपने-आपको स्थानीय बोलते हैं। ऐसे में प्रबंधन की विस्थापित-प्रभावितों के प्रति नकारात्मक नजरिया साफ झलकता है। जिसका हमसभी पुरजोर विरोध करते हैं। बैठक में मुख्य रूप से मोर्चा के कोषाध्यक्ष प्रदीप महतो, कपिल मुंडा, विजय मुंडा, राजू मुंडा, रविंद्र महतो, बालचंद, हरिहरपुर पंचायत के उप मुखिया प्रेम कुमार महतो, दिनेश कुमार महतो, राजेश कुमार, रवि कुमार, मुकेश महतो, सुखलाल महतो, पंकज महतो, पीयूष कुमार, सुधीर महतो, नरेश महतो, गोपाल महतो, कुशलनाथ महतो, कृष्णा महतो, प्रदीप महतो, भीम महतो, वीरेंद्र कुमार, अनुज कुमार, प्रकाश कुमार, बासुदेव महतो, नकुल देव महतो, निर्मल महतो, मजेश महतो, सुरेश महतो, मनोज कुमार, किशोर कुमार महतो, केली देवी, शांति देवी, रिंकी देवी, पार्वती देवी, मन कुमारी देवी, आलो देवी, सारो देवी आदि महिला-पुरुष मौजूद थे।

पीवीयूएनएल के विरोध में ग्रामीणों ने की बैठक

पतरातू : पीवीयूएनएल द्वारा नवनिर्मित पावर प्लांट में स्थाई नियुक्ति में विस्थापित-प्रभावितों की उपेक्षा के विरोध में विप्रसं मोर्चा द्वारा घोषित आगामी 21 जनवरी 2025 से निर्णायक आंदोलन में ग्राम तालाटांड के प्रत्येक घर से महिला-पुरुष बच्चों सहित भारी संख्या में ग्रामीण अपनी भागीदारी सुनिश्चित कराएंगे। यह निर्णय ग्राम तालाटांड में बीते बुधवार 8 जनवरी 2025 को देर शाम में बलदेव मुंडा की अध्यक्षता एवं राजेंद्र कुमार के संचालन में सम्पन्न तैयारी बैठक में लिया गया। बैठक के माध्यम से कहा गया कि अब पीवीयूएनएल के तानाशाही के द्वारा विस्थापित-प्रभावित ग्रामीणों को छलने नहीं दिया जाएगा। अपने अधिकार के इस आंदोलन में सभी लोग पारम्परिक हथियार के साथ पहुंचेंगे। आंदोलन को सफल बनाने के लिए प्रत्येक घर से एक-एक पैला चावल और यथा सम्भव आर्थिक योगदान दिया जाएगा। वहीं बैठक में मुख्य रुप से मोर्चा के कोषाध्यक्ष प्रदीप महतो, अब्बास अंसारी, छोटे लाल मुंडा, अशोक महतो, सानू कुमार, सरधु महतो, सरवर आलम, परवेज आलम, बिनोद करमाली, पंकज करमाली, गिरिवर सिंह, राजेश गंझू, महेश गंझू, राजेश महतो, राजू कुमार, सुलेन्द्र गंझू, विशाल मुंडा सहित दर्जनों विस्थापित-प्रभावित ग्रामीण उपस्थित थे। उक्त बैठक की जानकारी विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा कोषाध्यक्ष प्रदीप महतो ने दी।

एक झलक

ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

केरसई : प्रखंड सभागार में सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का गुरुवार को समापन हो गया। इसमें मुख्य रूप से मास्टर ट्रेनर कपिलदेव नाग सुशीला लकड़ा शामिल हुए। ग्राम पंचायत विकास योजना 2024 के अन्तर्गत केरसई प्रखंड सभागार कक्ष में पंचायती राज विभाग द्वारा जन योजना अभियान के तहत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल को दिया जाने वाला तीन दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को संपन्न हुआ. मास्टर ट्रेनर एवं प्रखंड समन्वय धीरज टोपनो द्वारा सबकी योजना सबका विकास विषय पर पूरी जानकारी दी गई। इस दौरान ग्राम को सशक्त बनाने के लिए गरीब मुक्त और उन्नत आजीविका गांव, स्वास्थ्य गांव, बाल हितैषी, जल पर्याप्त, स्वच्छ और हरित, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा, समाजिक रूप से सुरक्षित, सुशासन वाला गांव महिला एवं बाल हितैषी समेत नौ विषयों पर योजना चयन एवं सफल बनाने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में मुख्य रूप से केरसई प्रखंड के सभी पंचायत सचिव रोजगार सेवक एवं एनजीओ ट्रीफ के कार्यकर्ता शामिल हुए।

भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान

भुरकुंडा (रामगढ़) : भारतीय जनता पार्टी भदानीनगर मंडल के तत्वावधान में मंडल अध्यक्ष सागर दांगी की अध्यक्षता में मतकमा चौक के समीप गुरूवार को सदस्यता अभियान को ले शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से जिला सह संयोजक संजीव कुमार बावला उपस्थित थें। शिविर में दर्जनों लोग ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास कार्यों से प्रेरित होकर लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। सदस्यता अभियान शिविर में राजेंद्र मुंडा, बालेश्वर राम, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, आनंद कुमार, सिद्धार्थ कुमार, देवानंद कुमार, दीपक देव, लालू बेदिया आदि मौजूद थे।

90 दिवसीय आउटरीच जागरूकता अभियान के तहत गांवों में जागरूकता शिविर का आयोजन

सिमडेगा : जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा झालसा के निदेर्शानुसार जिले में चलाए जा रहे 90 दिवसीय आउटरीच जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गांवों में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। गुरुवार को भी प्रधान जिला जज सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार तथा सचिव डालसा के मार्गदर्शन में विभिन्न गांवों में आयोजित जागरूकता अभियान के तहत अधिकार मित्रों के द्वारा प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक किया गया। केरसई प्रखंड के केरसई पंचायत,कुरडेग के बेतमा,ठेठईटांगर प्रखंड के कोनमेंजरा,कोलेबिरा के बाजारटोली,बोलबा प्रखंड के खंडानिशान सहित विभिन्न प्रखंडों के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आयोजित शिविर में पारा विधिक स्वयं सेवकों के द्वारा ग्रामीणों को मोटर वाहन दुर्घटना के पीड़ित मुआवजा और लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गई और यह भी बताया कि लोग अपनी कानूनी समस्याओं का समाधान जिला विधिक सेवा प्राधिकार से प्राप्त कर सकते हैं। यदि कोई कानूनी परेशानी आती है तो उन्हें मुफ्त विधिक सहायता मिल सकती है। यह भी समझाया कि अपने अधिकारों की रक्षा कैसे कर सकते हैं। बच्चों को किसी भी प्रकार की हिंसा या शोषण होने से बचाना चाहिए। सभी लोगों को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी रास्ता अपनाना चाहिए। स्थानीय लोगों को कानूनी प्रक्रियाओं और उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही शिक्षा का अधिकार,डायन बिसाही प्रतिषेध अधिनियम,मानव तस्करी रोकथाम,बाल श्रम रोकथाम नशा उन्मूलन आदि के विषय में भी लोगों को जागरूक किया गया।

डालमिया सीमेंट ने अपनी 'आरसीएफ एक्सपर्ट' सीमेंट रेंज का किया अनावरण

संवाददाता

बोकारो : भारत की प्रमुख सीमेंट कंपनी डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड ने प्रमुख भारतीय बाजारों में 'रूफ, कॉलम, फाउंडेशन (आरसीएफ) एक्सपर्ट' ब्रांड के तहत अपने नए सीमेंट पोर्टफोलियो का अनावरण किया। इसके प्रमुख उत्पाद, डालमिया डीएसपी आरसीएफ एक्सपर्ट++ और डालमिया सीमेंट (डीसी) आरसीएफ एक्सपर्ट, उन्नत फॉर्मूलेशन और अत्याधुनिक नैनो बॉन्डिंग टेक्नोलॉजी (एनबीटी) से लैस हैं, जो आधुनिक निर्माण की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। आरसीएफ एक्सपर्ट रेंज उच्च शक्ति, बेहतर संक्षारण प्रतिरोध और समय की कसौटी पर खरी उतरने वाली मजबूत संरचनाएं सुनिश्चित करती है। डालमिया सीमेंट (डीसी), मूल ब्रांड, अपनी 80 से अधिक वर्षों की विश्वसनीय विरासत के साथ अपनी लगातार गुणवत्ता और सिद्ध विश्वसनीयता के लिए जानी जाती है, जो इसे विविध निर्माण आवश्यकताओं के लिए एक पसंदीदा विकल्प बनाती है। डालमिया डीएसपी आरसीएफ++, पोर्टफोलियो में प्रीमियम पेशकश को अल्टीमेट

कंक्रीट एक्सपर्ट के रूप में स्थान दिया गया है। यह एनबीटी को हाई रिएक्टिव सिलिका और पोर रिडक्शन टेक्नोलॉजी (पीआरटी) के साथ जोड़ता है, जो मजबूत छतों, कॉलम और नींव के लिए उत्कृष्ट शक्ति और स्थायित्व प्रदान करता है। इस पहल को डालमिया सीमेंट की समर्पित आरसीएफ सलाहकारों की टीम द्वारा सहयोग दिया गया है, जो निर्माण में सटीकता सुनिश्चित करने के लिए ऑन-साइट मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।डालमिया सीमेंट के देशव्यापी 50000 से अधिक चैनल भागीदारों के विशाल नेटवर्क के सहयोग से आयोजित उत्पाद अनावरण के कार्यक्रम में प्रमुख चैनल भागीदारों, कॉन्ट्रैक्टर्स और राजमिस्त्रियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। जिस तरह से निर्माण प्रथाएं विकसित हो रही हैं, घर बनाने वाले अब तेज सेटिंग समय, बेहतर कार्यशीलता और पर्यावरणीय चुनौतियों के लिए बढ़ी हुई प्रतिरोधक क्षमता जैसी उन्नत सुविधाओं की तलाश कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर सक्रियता और इंटरैक्टिव सत्रों ने आरसीएफ एक्सपर्ट रेंज की उन्नत सुविधाओं और बेहतर प्रदर्शन को उजागर किया। इन कार्यक्रमों में नवाचार और विकास का जश्न मनाया गया, जिससे डालमिया सीमेंट की ताकत, विश्वसनीयता और प्रदर्शन में नए उद्योग मानक स्थापित करने वाले समाधान देने की प्रतिबद्धता को बल मिला।

अंचलाधिकारी के रूप में रवि भूषण ने किया पदभार ग्रहण

बानो : जिला के बानो अंचल में लंबे समय अंतराल के बाद प्रखंड अंचल अधिकारी ने पदभार ग्रहण किया।बानो प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निवर्तमान अंचलाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने उन्हें पदभार सौंपा।आपको बताते चलें कि बानो प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी ही लंबे अर्से तक अंचल अधिकारी के रूप में कार्य करते रहे??।अंचल अधिकारी के आते ही उन्होंने नए अधिकारी रवि भूषण प्रसाद को प्रभार दिया।वहीं रवि भूषण प्रसाद ने पदभार ग्रहण कर जनता को शुभ संदेश देते हुए कहा कि बानो अंचल के अंतर्गत सभी कार्य ससमय किया जाएगा अंचल से संबंधित किसी भी तरह का कार्य के लिए आम जनता संकोच न करें आप अपनी समस्याओं को लेकर कार्यालय अवधि में आकर कार्य का निष्पादन कराएं। समाज के सभी वर्गों के साथ सामंजस्य स्थापित कर कार्य किया जाएगा। मौके पर रौतीया प्रखण्ड अध्यक्ष महेश सिंह, सचिव उमाशंकर सिंह,उपाध्यक्ष बरजराज सिंह, उपसचिव गंगाधर सिंह, लोदो सिंह, नरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, शंकर सिंह, के आलावा अन्य सदस्य उपस्थित थे।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मिला राजद का प्रतिनिधिमंडल

संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़) : राष्ट्रीय जनता दल का एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरूवार को झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से सचिवालय में मुलाकात की। मुलाकत के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने पशुपालकों से संबंधित समस्याओं से मंत्री को विस्तार पूर्वक अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल राजद के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह सदस्यता अभियान प्रभारी गिरधारी गोप, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, मुखिया सत्येंद्र यादव ने मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से कहा कि झारखंड के हजारीबाग जिला अंतर्गत चौपारण जहां बिहार-झारखंड का बॉर्डर पर पशुपालकों को पशुधन, पशुओं को लाने- ले जाने पर रोक लगा दी गई है। अन्य रास्तों से लाने पर पशुपालकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और लागत भी बढ़ जाती है। पशुपालक सरकार द्वारा निर्धारित सभी कायदे-कानून का पालन करते हैं। इसके बाद भी परेशानी हो रही। जिसके चलते दुधारू पशु झारखंड के कई क्षेत्रों में नहीं पहुंच पा रहे हैं। मंत्री ने सभी बातों को गौर करते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले की जांच कराएंगें। और पशुपालकों को कोई दिक्कत न हो ऐसा रास्ता निकाला जाएगा। पशुपालकों को कोई भी भाया दोहन या परेशान नहीं करेगा। सरकार की नजर इस मामले पर होगी। इधर मंत्री के सकारात्मक आश्वासन से प्रतिनिधि मंडल सहित पशु पालको में खुशी का माहौल व्याप्त है।

बोकारो उपायुक्त रेस, स्वास्थ्य योजनाओं में लापरवाही पर अधिकारियों का वेतन रोका

संवाददाता

बेरमो : बोकारो समाहरणालय स्थित कार्यालय में आज 8 जनवरी बुधवार को उपायुक्त विजयाजाधव ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की बैठक में गर्भवती महिलाओं के एएनसी जांच हेमोग्लोबिन स्तर, दवाओं का वितरण और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम जेएसएसके के तहत मां और बच्ची की देखभाल जैसे मुद्दों पर प्रखंड वार समीक्षा की गई उपायुक्त ने नावाडीह, कसमार और गोमिया प्रखंड के एमओआइसी और अन्य अधिकारियों के प्रदर्शन पर असंतोष जताया उन्होंने सिविल सर्जन और डीपीएम से स्पस्टिकरण मांगते हुए संबंधित अधिकारियों का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश दिया उपायुक्त ने अधिकारियों को योजनाओं के लक्ष्य को पूरा करने और प्रखंड मुख्यालय में ही रहने का सख्त निर्देश दिया समार,नावाडीह, और गोमिया प्रखंड में विशेष शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया गया

डीएसडब्ल्यूओ,और एमओआइसी, और डीपीएम-आइईसी इंचार्ज को शिविर में शामिल होने को कहा गया निजी क्लीनिको मे गर्भवती महिलाओं के निशुल्क अल्ट्रासाउंड की एमओयू का प्रचार प्रसार करने और प्रतिदिन का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया परिवार नियोजन के लक्ष्यों में सुधार और अस्पताल में इलाजरत महिलाओं को भोजन व यात्रा खर्च उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए सरकार की योजनाओं के तहत जिले का प्रदर्शन सुधारने पर विशेष जोर दिया गया बैठक में सिविल सर्जन डॉक्टर ए बी प्रसाद, डीएसडब्ल्यूओ डॉ सुमन गुप्ता, सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी (एमओआइसी) और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

श्री अग्रसेन स्कूल में शिक्षकों के लिए विशेष ट्रेनिंग का आयोजन

नई चीजें सीखने के लिए बच्चों में रुचि पैदा करें : एचके सिंह

संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़): श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गुरुवार को ह्यबच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित कैसे करें विषय पर शिक्षकों के लिए विशेष ट्रेनिंग सेशन का आयोजन हुआ। ट्रेनिंग सेशन का उद्घाटन प्राचार्य विवेक प्रधान व रिसोर्स पर्सन एचके सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। रिसोर्स पर्सन एचके सिंह ने बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने के लिए कई बातों पर शिक्षकों और अभिभावकों का ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि स्कूल जाने वाले बच्चों के पर्सनालिटी डेवलपमेंट के लिए पढ़ाई में उनकी रुचि जरूरी है। अगर बच्चे पढ़ाई में अच्छे होंगे तो उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। वे नई चीजें को सीखने में रूचि दिखाएंगे। स्कूल के दौरान बच्चों पर पढ़ाई से संबंधित जिम्मेदारियां ज्यादा होती हैं। कुछ बच्चे सभी कामों को समय पर पूरा कर लेते हैं, तो कुछ बच्चे ऐसा नहीं कर पाते हैं। स्कूल में शिक्षक व

घर पर अभिभावक उन कारणों का पता लगाएं कि आखिर किन वजहों से बच्चा पढ़ाई से दूर हो रहा है। इन कारणों में आत्मविश्वास की कमी, पढ़ाई में बोरियत, टीवी और मोबाइल का ज्यादा उपयोग या अन्य कोई बात सामने आ सकती है। उनकी समस्याओं को समझें। उसे धीरे-धीरे दूर करने और उसे पढ़ाई से जोड़ने का प्रयास करें। घर पर बच्चे को शांत एवं ध्यान न भटकाने वाला वातावरण तैयार करें। प्राचार्य विवेक प्रधान ने सत्र में कहा कि बच्चे को पढ़ाई के प्रति प्रेरित रखने के लिए पुरस्कार प्रणाली का तरीका अपनाएं। अगर बच्चा सही समय पर अपना होमवर्क खत्म कर ले, तो उसे टीवी देखना या उसकी पसंद का विशेष खाना देने जैसे छोटे और सरल पुरस्कार दें। अवकाश के दिन एक-दो घंटे पढ़ाई कराएं और बाकी समय उन्हें कहीं बाहर घुमाने ले जाएं। किसी भी बात को लेकर नकारात्मक टिप्पणी न करे। इससे बच्चे हताश-निराश हो सकते हैं। बच्चे की अध्ययन की योजना बनाएं। शुरूआत में छोटे-छोटे लक्ष्य जैसे केवल एक अध्याय पढ़ना या पांच सवाल को हल करना जैसी योजना कारगर हो सकती है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/09/2024-25/RE-1

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

ग्रुप० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
24	प्रखण्ड ईटखोरी, पंचायत+ग्राम–शहरजाम में पंचायत सचिवालय भवन की मरम्मति।	16,86,000.00	33,800.00	5000.00	03 माह

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –15.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–15.01.2025 से दिनांक–21.01.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 24.01.2025 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,चतरा

PR 343921 Rural Development(24-25).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/22/2024-25/Gr_2(2nd call) PR NO- 340298

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु पंचायत शिबला ग्राम शिबला में पुराना शिबला से डोकिया होते हुए विश्रामपुर देवी मंडप तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (भाग–2)	6253900	125100	10000	3 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 15.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 15.01.2025 से दिनांक 22.01.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –24.01.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 343933 Rural Development (24-25)_D

28 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से पूछा गया स्पष्टीकरण

संवाददाता

बेरमो : उपयुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार कक्षा 10 से छात्र-छात्राओं के लिए 7 जनवरी को आयोजित जिला स्तरीय प्री-बोर्ड परीक्षा में छात्रों की उपस्थिति कम होने को लेकर संबंधित 28 मध्य विद्यालय एवं उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापको / प्रभारी प्रधानाध्यापक से स्पस्टीकरण पूछा गया जिला शिक्षा पदाधिकारी डीईओ ने जारी पत्र में कहां है कि जिला स्तरीय प्री बोर्ड परीक्षा के संबंध में

सभी प्रधानाध्यापकों,प्रभारी प्रधानाध्यापक को निदेशिक किया गया था परीक्षा विषय में बच्चों को सूचित करने एवं सत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया था इस संबंध में 6. 1.2025 को सभी प्रधानाध्यापकों को प्रभारी प्रधानाध्यापक साथ ऑनलाईन बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया था बावजूद दिनांक 7.1.2025 को आयोजित प्री बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिन जिले के 28 विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति 50% एवं उससे कम पाई गई है कसमार प्रखंड में कुल 11 में से पांच विद्यालयों में उपस्थिति कम पाई गई जो की अत्यनत ही खेदजनक है इस बाबत विभिन्न अखबारों में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया है डीईओ ने सभी प्रधानाध्यापको प्रभारी प्रधानाध्यापक से पूछा है की किस परिस्थिति में आपके विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति कम हुई छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु आपके द्वारा क्या प्रयास किया गया उन्होंने पत्र प्राप्ति के तीन दिनों के अंदर कार्यालय को जवाब उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

एसीएस हेल्थ ने किया एमएमसीएच का निरीक्षण, कहा

सुपर स्पेशलिटी के सभी विंग खोलें पलामू से मरीज नहीं किए जाएं रेफर

संवाददाता

मेदिनीनगरः स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने एमएमसीएच का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी ओपीडी को जीएनएम कॉलेज के बिल्डिंग में शिफ्ट करने तथा उसी भवन में सेंट्रल पैथोलॉजी सेटअप करने की बात कही। मेडिसीन वाले ओपीडी एरिया को पूर्ण रूप से इमरजेंसी वार्ड में तब्दील करने का निर्देश दिये। उन्होंने वहीं पर 10-15 बेड का आईसीयू बनाने की बात कही। इस दौरान श्री सिंह ने कॉर्डियो सर्जरी, किडनी, ऑनकों सहित सुपर स्पेशलिटी के सभी विंग के तहत इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जब पोखराहा में 500 बेड का हॉस्पिटल निर्माण कार्य

पूर्ण हो जायेगा तो सदर हॉस्पिटल में 350 बेड का हॉस्पिटल जो संचालित है उसको भी मेडिकल कॉलेज द्वारा ही नियंत्रित किया जाएगा। इस तरह कुल 850 बेड में से 200 बेड को सुपर स्पेशलिटी के तहत संचालित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जब मेडिकल कॉलेज पूरी तरह से फंक्शनल हो जायेगा तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि मरीज को पलामू से रेफर ना किया जाये। उन्होंने इमरजेंसी के उपर पांच मॉड्यूलर ओटी बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि तीन मॉड्यूलर ओटी के निर्माण का आवंटन सुपरिंटेंडेंट को दे दिया गया है शेष दो का भी उपलब्ध करवा दिया जाएगा। फर्स्ट फ्लोर पर पांच ओटी संचालित करने की बात कही। श्री सिंह ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य यूनिट पहुंचकर पर्ची कटवाने से लेकर सर्जरी तक की पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने हेल्थ इन्फॉर्मेशन कियोस्क के जरिये डिजिटल पर्ची कटवाने पर बल दिया। उन्होंने सिविल सर्जन से इस यूनिट में तैनात डॉक्टर से लेकर सफाईकर्मी तक कि जानकरी ली। उन्होंने जीएनएम नरसिंग बिल्डिंग,नेत्र रोग ओपीडी,हड्डी रोग विभाग,सहित अन्य विभागों का भी निरीक्षण किया। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज कॉलेज परिसर में बन रहे अस्पताल के निर्माणधीन बिल्डिंग का अवलोकन किया। कंपनी के प्रतिनिधियों को अगस्त माह तक पूरा भवन का निर्माण कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगस्त माह के बाद कंपनी पर प्रत्येक महीने 2 प्रतिशत की पेनाल्टी लगायी जायेगी। इसके अलावे उन्होंने उपायुक्त शशि रंजन को नये अप्रोच रोड बनाने की योजना पर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि ऐसा पहुंच पथ बनायें जिससे कॉलेज का भवन पूर्ण रूप से नजर आये। उन्होंने फोर लेन से भी कॉलेज को कनेक्ट करने की दिशा में कार्य योजना बनाने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा, उपायुक्त शशि रंजन, मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव ललित मोहन शुक्ला, सिविल सर्जन डॉ. अनिल, डायरेक्टर इन चीफ डॉ सी.के शाही, उप निदेशक हेल्थ डॉ बिनोद कुमार, मेडिकल एजुकेशन के निदेशक एसके सिंह, रिम्स के विभिन्न विभागों के वरीय चिकित्सक समेत एमएमसीएच के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

एक झलक

सड़क सुरक्षा के तहत निकली जागरूकता रैली

मेदिनीनगरः राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत मेदिनीनगर में आज जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली में गिरिवर स्कूल एवं केजी स्कूल के विद्यार्थी शामिल हुए। स्थानीय गिरिवर स्कूल से निकली जागरूकता रैली को मुख्य अतिथि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें शामिल बच्चे बैनर व पोस्टर लिए सड़क सुरक्षा संबंधी नारा लगाते चल रहे थे। रैली में शामिल लोग तिनकोनिया गैरेज, सद्दीक चैक, स्टेशन रोड, कचहरी, छहमुहान, हॉस्पिटल चैक, बाजार, घड़ा पटी, जिला स्कूल चैक, पोस्ट ऑफिस होते शिवाजी मैदान पहुंचा जहां रैली का समापन किया गया। रैली में दोनों स्कूल के 300 स्कूली बच्चों समेत जिला परिवहन कार्यालय के कर्मचारी, वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव शर्मिला वर्मा, कंचन गुप्ता, राखी सोनी, शुभम बिहार, यातायात पुलिस के जवान आदि शामिल थे।

जरूरतमंदों के बीच हो कंबल का वितरण: प्रमिला देवी

मेदिनीनगरः चैनपुर प्रखंड के शाहपुर वार्ड नंबर 31 की पूर्व पार्षद प्रमिला देवी ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए अपने क्षेत्र की जनता का हाल-चाल जानने के लिए क्षेत्र का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने पाया कि बहुत से ऐसे गरीब, लाचार बेसहारा, विधवा कड़ाके की ठंड में कंबल के बिना ठिठुर रहे हैं। उन्होने कहा कि अपने निजी सहयोग से कुछ लोगों को कंबल उपलब्ध कराया है पर यह पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा हर साल ठंड को देखते हुए सभी वार्डों में दो-ढाई सौ कंबल उपलब्ध करवाये जाते थे। पर इस साल अभी तक कंबल नहीं उपलब्ध कराना दुर्भाग्य है। हमारे क्षेत्र के अंतर्गत बहुत से ऐसे स्लम एरिया हैं जहां के लोग सरकारी लाभ के भरोसे ही जीवन बसर करते हैं । नगर निगम इस पर संज्ञान ले और जल्द से जल्द सभी वार्डों में कंबल उपलब्ध कराये। जिन ग्रामीण क्षेत्रों को नगर निगम में शामिल कराया गया है उन क्षेत्रों को नगर निगम प्राथमिकता दे। इस मौके पर पंकज जयसवाल, धनु खान, महेंद्र पासवान, राकेश जयसवाल, सविता देवी, नूरजहां हबीबी सहित कई लोग मौजूद थे।

क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता: थाना प्रभारी

हुसैनाबाद/पलामूः हुसैनाबाद थाना में थाना प्रभारी के रुप में सोनू कुमार चौधरी ने योगदान दिया। मौके पर निवर्तमान थाना प्रभारी संजय कुमार यादव से प्रभार लिया। प्रभार लेने के बाद थाना परिसर का निरीक्षण किया और थाना में पदस्थापित पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। योगदान लेने के बाद उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता होगी, साथ ही पुलिस और पब्लिक के बीच मैत्री भाव पैदा कर बेहतर और भय मुक्त वातावरण तैयार करना है। वहीं उन्होंने तमाम थाना क्षेत्र वासियों से सहयोग की अपील की। साथ ही उन्होंने वाहन चेकिंग अभियान को नियमित रूप से चलाने की बात कहीं, उन्होंने कहा कि लोग अपनी समस्यों को लेकर हम से सीधे संपर्क कर सकते है। इस मौके पर निवर्तमान थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, एसआई आनंद कुमार सिंह, सीताराम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मनोहर प्रजापति सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

पूर्व सैनिकों के सहायतार्थ सतत मिलाप टीम का शिविर 14 को

मेदिनीनगरः रांची से प्रत्येक माह आने वाली सतत मिलाप टीम आगामी 14 जनवरी स्थानीय जिला स्कूल के मैदान में पलामू जिला के पूर्व सैनिकों के सहायता हेतु एक शिविर का आयोजन करेगी। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष दामोदर मिश्र और महासचिव दिनेश गुप्ता ने एक संयुक्त बयान जारी कर यह जानकारी दी है।उन्होंने बताया कि इस कैंप में मेडिकल चेकअप के लिए चिकित्सकों की टीम भी उपस्थित रहेगी। पूर्व सैनिक अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच करवाकर उपचार हेतु परामर्श ले सकेंगे। इसके अलावा ह्यरन फॉर हेल्थह्ल तथा कुछ मनोरंजक गेम भी आयोजित करने की योजना है। इस कैंप में ह्यपौधारोपणह्ल करने की भी योजना बनायी गयी है। उन्होंने जिला में निवास करने वाली वीर नारियों और पूर्व सैनिकों की विधवाओं से विशेष अनुरोध किया है कि इस कार्यक्रम में वे लोग अवश्य हिस्सा लें। इसमें उनके डॉक्यूमेंटेशन, पेंशन या किसी और तरह की जो भी समस्या होगी, उसका समाधान किया जायेगा। साथ ही कैंप के दौरान उन्हें सम्मानित करने की योजना भी बनायी गयी है।

वन भोज कार्यक्रम में शामिल हुए पंडित जगनारायण त्रिपाठी बीएड कॉलेज के विद्यार्थी

मेदिनीनगरः चियांकी स्थित पंडित जगनारायण त्रिपाठी बीएड कॉलेज के विद्यार्थियों ने गारू स्थित सुग्गा बांध जलप्रपात में वनभोज का आयोजन किया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने मिरचैया जलप्रपात सहित गारू के ही आस-पास सभी प्राकृतिक दृश्यों का भरपूर आनंद उठाया। कालेज की प्राचार्या डॉ. अनुराधा कुमारी ने छात्र-छात्राओं को प्राकृतिक संरक्षण एवं ग्लोबल वार्मिंग की जानकारी दी। साथ ही सभी प्राध्यापको एवं प्रशिक्षणार्थियों ने सामूहिक भोजन किया। मौके पर कॉलेज के प्रशिक्षणार्थियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से प्रशिक्षणार्थी एवं प्राध्यापक नजदीक आते है तथा दोनों के बीच के भावनात्मक संबंधो को मजबूती मिलती है।

होल्डिंग टैक्स बकाया भुगतान नहीं करने पर निगम प्रशासन ने कई संस्थान को किया सील

मेदिनीनगरः मेदिनीनगर नगर निगम प्रशासन ने होल्डिंग टैक्स के बकाया भुगतान नही करने के विरुद्ध अभियान शुरू किया है। निगम प्रशासन ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए होटल गैलेक्सी इनको पैसा को सील कर दिया है। निगम प्रशासन ने बताया कि इनके द्वारा वर्तमान तिथि तक होल्डिंग टैक्स नही दिया गया था और न ही होल्डिंग का पंजीकरण कराया गया था। टीम द्वारा आज पूरे परिसर की मापी करते हुए लगभग 06 लाख से ज्यादा कर का भुगतान का डिमांड दिया गया था, जिसके एवज में गैलक्सी इन द्वारा 1,18,100 /- रुपए का भुगतान शर्तों के साथ नगर निगम के द्वारा प्राप्त किया कि प्रत्येक माह 2-2 लाख रुपये किश्तों में जमा किया जाएगा, इसका लिखित विवरण गैलेक्सी इन के द्वारा मुहैया कराया गया। इसके बाद निगम प्रशासन की टीम ने साहित्य समाज चैक के निकट रामदुलारी देवी के दो दुकानों के होल्डिंग टैक्स का भुगतान नही देने के एवज में सील कर दिया गया। वहीं शाहपुर गढ़वा रोड स्थित जेजे मैरेज हॉल का भुगतान 2019 से लगभग 3,18,000/- रूपया बकाया था जिसके एवज में लिखित करारनामे के साथ 1,18,000 का भुगतान निगम टीम के द्वारा वसूल किया गया। टीम के सदस्यों ने बताया कि यह सभी कार्रवाई नगरपालिका अधिनियम के सेक्शन 184 के तहत की गई है। उन्होंने कहा कि लोग 31 मार्च 2025 के पहले तक अपना होल्डिंग टैक्स व ट्रेड लाईसेंस का भुगतान करते हुए दंडात्मक कार्रवाई से बच सकते हैं।

संक्षिप्त

बेलवाटिका चौक पर भंडारे का आयोजन

मेदिनीनगरः श्री राम लल्ला के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर शनिवार को श्रीराम सेना द्वारा स्थानीय बेलवाटिका चौक पर भव्य रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर पूर्वाहन 11बजे से पूजन कार्यक्रम के बाद अपराह्न 2 बजे से भंडारा का आयोजन किया गया है। श्याम परिवार द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम शाम 4 बजे से रखा गया है।

पाईपलाइन निरीक्षक छोटे लाल गुप्ता को पितृ शोक

चैनपुर/पलामूः चैनपुर प्रखंड के सलतुवा पंचायत निवासी गुलाबचंद प्रसाद का निधन हो गया है। बताया जाता है कि नए वर्ष के 2 जनवरी को उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ था, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए रिम्स रांची ले जाया गया। यहां इलाज के दौरान 8 जनवरी की रात उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे तीन पुत्र व एक पुत्री का भरा-पूरा खुशहाल परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार आज सलतुआ के तहले नदी के तट पर किया गया। इस अंतिम संस्कार में सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे। उनके निधन पर झारखंड प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

वित्त मंत्री के सम्मान समारोह में शामिल होंगे पलामू से सैकड़ों लोग

मेदिनीनगरः झारखण्ड आन्दोलन कारी संघर्ष मोर्चा सदस्यों की बैठक आज शाहपुर स्थित चलानी किला मे सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बालकिशुन उरांव व संचालन दाऊद केरकेट्टा ने किया। बैठक में 11 जनवरी को रांची में आयोजित राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के सम्मान समारोह मे पलामू प्रमंडल से सैकड़ों लोगों के शामिल होने की बात कही गई। वहीं 3 जनवरी को मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम की समीक्षा की गई। बैठक में बतौर पर्यवेक्षक प्रमंडलीय अध्यक्ष बिकेश शुक्ला व केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार, चन्द्रधन सिंह चेरो, धर्मेंद्र चन्द्रवंशी,शंखनाथ सिंह, बालकिशुन उरांव, दाऊद केरकेट्टा आदि मौजूद थे।

स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पथरा को मिले तीन सहायक अध्यापक

हुसैनाबाद/पलामूः स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पथरा के विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामराज राम ने बच्चों के भविष्य को देखते हुए स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पथरा मे तीन शिक्षकों का प्रतिनियोजन करने की मांग पलामू के लोकप्रिय सांसद बीडी राम से किया था। सांसद के पहल पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हुसैनाबाद के रामनरेश राम द्वारा तीन सहायक अध्यापकों का प्रतिनियोजन किया गया है, ताकि छात्र छात्राओं को गुणवतापूर्ण शिक्षा मिल सके। जिसमे सहायक अध्यापक अनिल कुमार पासवान, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कंचनबांध, शिवजी पासवान, उत्क्रमित्त मध्य विद्यालय डंडीला, राजा राम, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भटौलिया, को प्रतिनियोजन किया गया है बताते चले की जनवरी 2024 मे ही राजकीय मध्य विद्यालय पथरा को उच्च विद्यालय मे उत्क्रमण किया गया है।

चैनपुर सूर्य मंदिर तालाब में दो दिवसीय कार्यक्रम, राममय होगा वातावरण: मनोज सिंह

संवाददाता

मेदिनीनगरः अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर के स्थापना दिवस का प्रथम वार्षिकोत्सव 11 जनवरी को पलामू जिले में धूमधाम से मनाने की तैयारी है। इस दिन को यादगार बनाने के लिए चैनपुर के महान क्लब ने विशेष तैयारी की है। मेदिनीनगर नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम के बारे में गुरूवार को शाहपुर स्थित व्यू रिजॉर्ट में आयोजित प्रेस वार्ता में श्री सिंह व महान क्लब के अध्यक्ष अमित सोनी ने बताया कि हर भारतीय के लिए यह मौका अविस्मरणीय है और इसे खास बनाने के लिए विशेष तैयारी की गई है। प्रभु श्री राम मानव जीवन की अमूल्य निधि है। महान क्लब शुरू से ही सुमाजिक और धार्मिक कार्यों को लेकर सक्रिय रही हैं। दो दिनों तक चलनेवाले कार्यक्रम के पहले दिन चैनपुर के सूर्य मंदिर तालाब परिसर में गंगा आरती होंगी। श्री राम से जुडे मनमोहन झांकी के साथ आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र होंगा। इसके जरिये प्रयास यह किया जायेगा, भले हीं लोग अयोध्या न जा पाये पर उत्साह और उल्लास का वातावरण वैसा ही रहेगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन भोजपुरी कलाकार बिहार के चर्चित गायक आर्यन बाबू, गायिका खुशी कक्कर व गायक अभिमन्यु क्रांति भाग लेगे। मौके पर शैलू चंद्रवंशी, पिंकू तिवारी, आशीष भारद्वाज, महामंत्री अमन मालाकार, कोषाध्यक्ष अंकित, उपाध्यक्ष अनमोल मालाकार, राहुल सोनी, अविनाश गुप्ता, सोनू अमित, वीरू समेत महान क्लब के सदस्य मौजूद थे।

राजस्व की चोरी कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी: वित्त मंत्री

संवाददाता

छतरपुर/पलामूः राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने प्रखंड कार्यालय के सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि एक समय था कि लोग किसी ऐसे व्यक्ति के सामने साइकिल पर चढ़कर चलने से डरते थे, जिस कारण लोग मुख्यधारा से हटकर गलत रास्ते पर चले गये थे। बड़ी मशक्कत के बाद उन्हें मुख्यधारा में लाया गया है। इसलिए सरकारी दफ्तर के अधिकारी अपने कार्यप्रणाली में सुधार लाएं और कार्यालय आने वाले लोगों की बातों को सुन उनकी समस्या को दूर करें।वित्त मंत्री ने कहा कि उनके कार्यकाल में किसी की मनमानी नहीं चलेगी। सरकार के राजस्व की चोरी पर सख्ती से करवाई करें। उन्होंने अवैध उत्खनन और परिचालन पर पूरी तरह से लगाम लगाने का निर्देश दिया। कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि क्षेत्र में हाइवा पर अट्ठारह टन के चालान पर 28 टन बोल्डर की ढुलाई की

जाती है। वहीं एक चालान पर कई ट्रिप बोल्डर ढ़ोये जाते हैं, जिससे सरकार को राजस्व की क्षति होती है। इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने अंचलाधिकारी से कहा कि किसी एक भूमि का चार-चार लोगों के दाखिल खारिज कर दिया जाता है, इस पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है। वहीं, कई लोग गैरमजरुआ जमीन पर अवैध रूप से कब्जा जमाए हुए हैं उसे मुक्त कराएं। कई लोगों गलत तरीके से जमाबंदी कराए हुए हैं, वैसी जमीन की जमा बंदी को रद्द करते हुए मुक्त कराया ताकि विकास की योजनाओं को क्रियान्वित करने में अड़चन न आये। समीक्षा बैठक में प्रशिक्षु आईएस सह एसडीओ आशीष गंगवार, डीडीसी सबीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, अंचलाधिकारी उपेंद्र कुमार, बीडीओ आशीष कुमार साहू, सीडीपीओ शीला कुमारी सहित अंचल और प्रखंड के सभी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी के अलावे अशोक सोनी, मुकेश प्रसाद, गोविंद प्रसाद गुप्ता, हरेंद्र सिंह, कमलेश यादव, रवि कुमार पन्नू यादव, मुनारिक यादव, जहीर अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

चुनाव हारे हैं हौसला नहीं, अगली तैयारी जारी रहेगी: मुमताज अहमद खान

संवाददाता

मेदिनीनगरः पांकी प्रखंड के सगालीम कार्यालय में आजाद समाज पार्टी के बैनर तले समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह आजाद समाज पार्टी पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्यासी मुमताज अहमद खान ने कहा कि चुनाव हारे हैं हौसला नहीं, पांकी विधानसभा में हम भले ही चुनाव नहीं जीत पाए, परंतु हमारे सभी कार्यकताओं के मेहनत से पांकी विधानसभा में आजाद समाज पार्टी का चर्चा सभी पार्टियों से ज्यादा रहा। उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि जितना वोट हमें आया उससे संतुष्ट नहीं हूं, परंतु ये जनता का प्यार था,हमारे साथ पांकी विधानसभा में लगभग 23 हजार जनता का प्यार, उम्मीद जुड़ गया है आगे हमारा संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने अन्य पार्टियां के नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि अब चुनाव खत्म हो गया है और सारे पार्टी के नेतागण आराम फरमाएंगे और फिर सीधे 2029 में चुनाव के समय में नजर आएंगे, लेकिन हम और भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के सभी नेता पूरे 5 साल अपने क्षेत्र में जनता की हर तकलीफ में नजर आएंगे। गरीब, दलित, शोषित आदिवासी, मुस्लिम और पिछड़ी समाज के न्याय के लिए लड़ते नजर आयेंगे, यही हमारी जीत है।

सभी दिव्यांगजन भाई बहनों को मिलेगा सहायक उपकरण: डॉ. मेहता

संवाददाता

मेदिनीनगरः लेस्लीगंज स्थित मौर्य फार्म हाउस परिसर में आज दिव्यांगजन को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 500 से अधिक रोगियों की जांच की गई। मौके पर मौजूद चिकित्सकों ने किस रोगी को किस तरह के सहायक उपकरण की जरूरत है जांच कर इस बारे में सलाह दी। मौके पर मौजूद पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता ने कहा कि बहुत सारे ऐसे गरीब दिव्यांगजन भाई बहन हैं जिन्हें सरकारी स्तर पर मिलनेवाली सहायता समय पर नहीं मिल पाती है और उनका जीवन किसी तरह गुजरता रहता है। ऐसे लोगों लोगों को मेरे द्वारा हरसंभव सहायता मिले इसके लिए मेरा प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान चिकित्सकों के द्वारा जिन्हें जिस सहायक उपकरण के बारे में सलाह दी गई है उन्हें इसी माह में वह उपकरण हर हाल में उपलब्ध करा दिया जाएगा। विधायक डॉ. मेहता ने कहा कि शिविर में आधिकारिक लोग लाभ प्राप्त कर सके इसके लिए कई प्रज्ञा केंद्र के कर्मियों को लगाया गया है जो संबंधित लोगों का कागजात तैयार कर रहे हैं। कागजात पूरी तरह से तैयार होने के बाद चाहे किसी भी तरह के दिव्यांग हो, उन्हें जिस तरह का उपकरण चाहिए उन्हें वैसा ही उपकरण दिलाने के लिए पहल की जाएगी। अभी वर्तमान में पांकी विस क्षेत्र अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। बाद में यह शिविर व्यापक रूप से आयोजित होगा, जिसमें पलामू जिले समेत बाहर के लोगों को भी जांच कर उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, सरोज चटर्जी, बच्चन ठाकुर, प्रमुख सुनील कुमार पासवान, पायनियर पांडे, रिंकी यादव, मिंटी वर्मा अजय पासवान, देवराज कुमार साव, सुधीर तिवारी, आंख और कान एवं विकलांग के डॉक्टर आदि उपस्थित थे।

समाज आगे कैसे बढ़े इसके लिए ऋत्विज परिवार प्रयासरत: रजनीकांत पांडेय

ऋत्विज परिवार का वनभोज सह मिलन समारोह 12 को

संवाददाता

मेदिनीनगरः ऋत्विज परिवार का वनभोज सह मिलन समारोह 12 जनवरी को आयोजित होगा। उक्त जानकारी ऋत्विज परिवार के अध्यक्ष सह सेवानिवृत्त आपूर्ति पदाधिकारी रजनीकांत पांडे ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत चैनपुर प्रखंड के काराकाट खोहरी स्थित गंगा गार्डन में सुबह 11 बजे से होगी। उन्होंने बताया कि वनभोज सह मिलन समारोह में ऋत्विज परिवार के सभी महिला-पुरुषों एवं युवाओं को आमंत्रित किया गया है। श्री पांडेय ने कहा कि वनभोज सह मिलन समारोह में अधिक से अधिक समाज के लोगों

को बुलाया जा रहा है ताकि परिवार एक दूसरे के सुख दुख को समझ सके और अपनी समस्याएं भी समाज के सयमझ रख सके ताकि समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि आज भी समाज में कई लोग ऐसे हैं जिनके बच्चे काफी पढ़ने लिखने में तेज है लेकिन पैसे के अभाव में वे बेहतर शिक्षा ग्रहण नहीं कर पा रहे हैं वैसे बच्चों के लिए समाज की ओर से शिक्षित करने के लिए हर संभव प्रयासरत है। समाज आगे कैसे बढ़े इसके लिए ऋतिक परिवार सदैव तैयार है और आगे भी रहेगा। उन्होंने पलामू जिले में निवास करने वाले ऋतिक परिवार के अधिक से अधिक सदस्यों को वनभोज सह मिलन समारोह में शामिल होने के लिए आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि हरसंभव प्रयास किया जा रहा है कि समाज के एक-एक व्यक्ति को सूचित किया जा सके इसके बावजूद निश्चित रूप से समाज के लोगों तक पहुंच पाना संभव नहीं है जिसको जहां भी सूचना मिले वह दूसरे लोगों को सूचित करें अपने आपको परिवार का पदाधिकारी मानकर ताकि मिलन समारोह सफल हो सके। समारोह को सफल बनाने में सब का सहयोग अपेक्षित है। मौके पर ऋत्विज परिवार के सचिव मणिकांत उपाध्याय, संयुक्त सचिव संजय ओझा, अवकाश प्राप्त अंचलाधिकारी संतोष शुक्ला, विभाकर नारायण पांडे उर्फ चुनु पांडे, नवनीत पांडे, राजीव रंजन पांडे, सत्येंद्र तिवारी, सुधीर दुबे सहित कई लोग तीन रात लगातार मेहनत कर रहे हैं ताकि मिलन समारोह सफल व ऐतिहासिक हो सके।

एचएमपीवी वायरस को ले स्वास्थ्य विभाग हाईअलर्ट पर

वायरस से घबराने की जरूरत नहीं, यह मामूली सर्दी-खांसी की तरह वायरल बीमारी : सिविल सर्जन

संवाददाता

चाईबासा : वैश्विक महामारी कोरोना के नए स्वरूप एचएमपीवी को लेकर स्वास्थ्य विभाग और जिले का स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह हाई अलर्ट पर है। हालांकि इसे मामूली वायरल फीवर सर्दी ,खांसी बताया जा रहा है जो 2 से 3 दिनों में स्वतः ठीक हो जाएगा। यह वायरस भी मुख्य रूप से कोरोना का ही स्वरुप है जो श्वसन तंत्र और सांस संबंधी समस्या उत्पन्न कर सकती है। इसको लेकर दवा से लेकर उपचार तक की सभी व्यवस्था पूरी की जा रही है। जिले के सिविल सर्जन डॉक्टर सुशांतो माझी ने खुलकर जियो , बिंदास जियो, मस्त रहो की तर्ज पर जिले के

आम लोगों से इस बीमारी से परेशान नहीं होने और उपचार बचाव के साथ ही इस बीमारी को पैनिक नहीं करने की अपील की है। हुमन मैटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) को लेकर पश्चिमी सिंहभूम जिला स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। सिविल सर्जन डॉ सुशांतो कुमार माझी ने जिले के सभी अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट करते हुए गाइडलाइन जारी किया है. सभी अस्पतालों में इंफ्लुएन्जा निमोनिया रोगियों के उपचार के लिए पीपीइ किट, आइसोलेशन वार्ड, बेड, ऑक्सीजन बेड, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन सिलिंडर आदि की व्यवस्था रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि यह रोग वैश्विक रूप से प्रसारित हो रहा है। इसके फ्लू जैसे लक्षण हैं.सिविल सर्जन ने बताया कि इस वायरस से मनुष्य को घबराने की जरूरत नहीं है. इसमें हल्का बुखार, सर्दी-जुकाम, नाक में पानी आना, सिर दर्द, ठंड लगने आदि के लक्षण हैं। यह दो-तीन तक रहता है. दवा खाने से मनुष्य ठीक हो जायेगा. किसी प्रकार का भय व भ्रांति की आवश्यकता नहीं है।

सदर अस्पताल में टेस्ट सैंपल लेने की व्यवस्था : सिविल सर्जन ने बताया कि सदर अस्पताल में वायरस से पीड़ित मरीजों के लिए आरटीपीसीआर टेस्ट सैंपल लेने की व्यवस्था है। सदर अस्पताल के साथ सीएचसी में दवा उपलब्ध है. हालांकि फ्लू कॉर्नर एक्टिवेट नहीं है. रोजाना सर्दी-जुकाम व बुखार के मरीजों की मॉनिटरिंग व पोर्टल पर रिपोर्ट अपलोड की जा रही है। कर्मचारियों को मिला प्रशिक्षण, मरीज मिलने पर तुरंत इलाज शुरू होगा, अस्पताल के आइसीयू वार्ड में ऑक्सीजन बेड की सुविधा है। स्वास्थ्य कर्मचारियों को एचएमपीवी से निबटने का प्रशिक्षण दिया गया है. सिविल सर्जन ने सीएचसी के चिकित्सकों को निर्देश दिया है कि मरीज मिलने पर तुरंत उसकी जांच व उपचार करें। कोरोना काल के दौरान अस्पताल परिसर में ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया है। आइसीयू वार्ड में बेड ऑक्सीजन की सारी सुविधा व्यवस्था है।

कांग्रेसियों ने मंत्री दीपक बिरुवा को नववर्ष की दी बधाई, जनहित के कई मुद्दों पर हुई वार्ता

संवाददाता

चाईबासा : झारखण्ड सरकार के राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग (निबंधन रहित) और परिवहन विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा से गुरुवार को सरनाडीह स्थित उनके कार्यालय में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंट कर नव वर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दिया है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कई मुद्दों पर बातचीत की, प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि झारखण्ड राज्य विशेषकर प.सिंहभूम जिला में विस्थापन बड़ी समस्या है, भारत सरकार ने विस्थापितों को अधिकार देने के लिए अधिनियम 2013 को बनाया है, अधिग्रहित गैरमजरूआ खास झारखंड की पिछली रघुवर सरकार ने इसमें संशोधन किया है, इसमें ग्राम सभा सहमति के प्रावधान को शिथिल कर दिया गया है। कांग्रेसियों ने संशोधन अधिनियम 2017 को वापस लेने की मांग की है। उन्होंने आगे कहा कि दाखिल-खारिज एवं ऑनलाईन लगान रसीद निर्गत होने में उत्पन्न हो रही समस्याओं के निराकरण एवं सरलीकरण, अवैध संदेहास्पद जमाबंदी को रद्द करने के लिए खोले गये अभिलेख पर निर्णय लेने और वैध बंदोबस्त के आलोक में निर्णय लेने व नियमितीकरण के संबंध पर चर्चा की । केंद्र सरकार लोक उपक्रमों की परियोजनाओं में बंदोबस्त, हकुकनामा, जमाबंदी, दखलकार एवं जोत-आबाद भूमि का मुआवजा रैयतों को नहीं मिल रहा है। इस पर स्पष्ट नीति निर्धारण कर रैयतों को मुआवजा भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की है । इस पर मंत्री दीपक बिरुवा ने उनकी मांगों पर उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास, प्रदेश महासचिव आरजीपीआरएस त्रिशानु राय, प्रखंड अध्यक्ष दिकु सावैयां, नगर अध्यक्ष मो.सलीम, वरीय कांग्रेसी संतोष सिन्हा शामिल थे।

मंत्री दीपक बिरुवा ने झामुमो सदर प्रखंड के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

चाईबासा : राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार व परिवहन विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा की उपस्थिति में गुरुवार को मंत्री कार्यालय में झामुमो के सदर प्रखंड अध्यक्ष सतीश सुंडी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव की समीक्षा की गई। समीक्षा के बाद मंत्री श्री बिरुवा ने पंचायत स्तर पर प्रत्येक पंचायत में 5 - 5 चापकल विधायक निधि से लगवाने के लिए यथाशीघ्र कार्यकताओं को सूची बनवाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने खराब पड़े हुए चापाकल की सूची बूथ स्तर से यथाशीघ्र उपलब्ध कराते हुए इस पर मरमती के कार्य यथाशीघ्र शुरू कराने का भी निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से मन्ना राम कुदादा डूबलिया बारी,नारायण देवगम, राजू सुंडी, मुन्ना सुंडी, बैरल तीयू , विप्रेल पूर्ति, के साथ-साथ साथ प्रत्येक पंचायत के अध्यक्ष, सचिव के अलावा प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

उपायुक्त, डीडीसी ने बिरसा हरित ग्राम योजना से संपादित कार्यों का लिया जायजा

संवाददाता

चाईबासा : पश्चिमी सिंहभूम जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त कुलदीप चौधरी के द्वारा उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा एवं स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी की मौजूदगी में मंझारी, कुमारडुंगी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत संचालित विकासात्मक योजनाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पदाधिकारी के द्वारा मंझारी के पिल्का पंचायत के बालकण्ड गांव में बिरसा हरित ग्राम योजना में संपादित कार्यों का जायजा लिया गया। इस क्रम में उपस्थित लाभुक से योजना तहत मिलने वाली सुविधाओं आदि के बारे में जानकारी लेते हुए लाभुक के कार्यों का सराहना किया गया। इसके उपरांत पदाधिकारी के द्वारा कुमारडुंगी प्रखंड अंतर्गत बाईहातु में लाभुक चरण बागे की जमीन पर बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना व बिरसा हरित ग्राम योजना तहत आम बागवानी और लाभुक उपेंद्र बागे की जमीन पर संचालित आम बागवानी के कार्यों का अवलोकन किया गया। इस क्रम में उपायुक्त के द्वारा मौके पर ही उपेंद्र बागे की जमीन पर संचालित आम बागवानी के कार्य स्थल का जांच करवाते हुए संचालित कार्य पर असंतोष व्यक्त करते हुए कार्य में सुधार लाने का निर्देश दिया गया। अवलोकन के क्रम में उपायुक्त के द्वारा बाईहातु गांव में लाभुक हेलेन सिरका के जमीन पर जिला कृषि कार्यालय के तत्वाधान पर संचालित पायलट प्रोजेक्ट सोलर लिफ्ट इरिगेशन सिस्टम तहत संपादित कार्यों का भी जायजा लिया गया।

रौनियार वैश्य संघ, गुप्ता समाज का वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह 19 को

चाईबासा : रौनियार वैश्य संघ (गुप्ता समाज) चाईबासा की बैठक स्थानीय कैफेटेरिया में संघ के अध्यक्ष जयदीप प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर पर्व पर 14 जनवरी को जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्रियों का वितरण करने एवं दिनांक 19/01/2025 को रौनियार वैश्य संघ का वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह लुपुंगुटू चाईबासा में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से संघ के संरक्षक अधिवक्ता राजाराम गुप्ता, उपाध्यक्ष राजकिशोर साहू, उपाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता, सचिव महावीर प्रसाद राम, सलाहकार कृष्ण प्रसाद गुप्ता, शेखर गुप्ता, राहुल गुप्ता, के अलावा अन्य सदस्य गण मौजूद थे।

अफीम की खेती को पुलिस ने किया नष्ट

चाईबासा : चाईबासा जिला पुलिस और सुरक्षा बल लगाकर बीते कई दिनों से सुदूरवर्ती ग्रामीण और नक्सल प्रभावित क्षेत्र, जंगली पहाड़ी इलाकों में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ अभियान चला रही है और अब तक 100 से अधिक एकड़ जमीन, अलग-अलग स्थान पर लगे अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया है। अफीम की खेती पर ट्रैक्टर चलाकर पूरी तरह पूरी तरह जमीन जोद कर दिया गया है।

खाद्य कारोबारियों व ठेला खोमचा संचालकों को मिली चेतावनी

बिना लाइसेंस और घटिया सामग्री बेचने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई, लगेगा जुर्माना

संवाददाता

चाईबासा : जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त के निदेर्शानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अभिषेक आनंद ने आज 9 जनवरी को चक्रधरपुर स्थित बॉम्बे डिलाइट बेकरी कारखाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कारखाना का एफएसएसएआई रजिस्ट्रेशन वैद्य पाया गया, लेकिन बिना लाइसेंस वाले को लाइसेंस प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। जांच के क्रम में स्पंज केक का नमूना संग्रहित किया गया। जांच में पाई गई त्रुटियों के निराकरण हेतु पंद्रह 15 दिनों का समय दिया गया है। जांच के दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के साथ डेटा एंट्री ऑपरेटर अभय पान उपस्थित रहे। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के द्वारा सभी खाद्य- पेय पदार्थ बेचने वाले कारोबारियों को फूड लाइसेंस प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। सभी को आवश्यक साफ सफाई रखने, एप्रोन एवं ग्लव्स पहन कर खाना बनाने का निर्देश दिया गया। कई कारोबारी अपना फूड लाइसेंस स्टॉल में लगाने

के बजाय घर पर रखे हैं उन्हें सख्त निर्देश दिया गया की फूड लाइसेंस अपने प्रतिष्ठान, ठेला - खोमचा में प्रदर्शित करें। उपयोग में लाए जा रहे कच्चे खाद्य सामग्री जैसे आटा, मैदा, तेल, पनीर, खोआ, मसाला आदि का एक्सपायरी डेट एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के बाद ही इस्तमाल करने, गाय छाप या चंपई रंग का प्रयोग नहीं करने, अधिक मात्रा में फूड कलर का उपयोग नहीं करने एवं फूड स्टॉल में खाद्य सामग्री को ढक कर रखने के संबंध में निर्देश दिया गया। जो भी खाद्य कारोबारी फूड लाइसेंस के बगैर कारोबार कर रहे हैं उन्हें 7 (सात) दिनों के अंदर स्वयं या अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में जाकर ६६६.ङ्क्रू.ङ्क्र२.ा२३ॅ.ङ्क्र५ल्ल के माध्यम से फूड लाइसेंस हेतु आवेदन करने का निर्देश दिया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के द्वारा शहर के सभी खाद्य कारोबारियों एवं ठेला खोमचा संचालकों को चेतावनी दिया गया है की अगले जांच के क्रम में अगर फूड लाइसेंस प्रतिष्ठान में प्रदर्शित नहीं पाया जाता है, तो अर्थदंड वसूला जाएगा।फूड लाइसेंस से जुड़े किसी भी समस्या होने पर सिविल सर्जन कार्यालय स्थित खाद्य सुरक्षा कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

पेज एक का शेष

दो गुटों में फायरिंग...

आमने-सामने हो गए। देखते-देखते दोनों तरफ से बम और गोलियां चलने लगीं। पूरा इलाका धमाकों से थर्रा उठा। संघर्ष की सूचना पाकर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन घटनास्थल पर जाने से पुलिस की टीम डरती रही। मधुबन और धर्माबांध थाना पुलिस के जवान भाग खड़े हुए। बाद में बाघमारा अनुमंडल के एसडीपीओ पुरुषोत्तम सिंह बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उपद्रवियों ने पुलिस पर भी हमला कर दिया। इसमें बाघमारा के एसडीपीओ के सिर पर गंभीर चोट लगी है। पुलिस ने झामुमो नेता कारू यादव को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ को लहूलुहान हालत में स्थानीय नर्सिंग होम ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें धनबाद रेफर कर दिया। इलाके में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

ठंढ के साथ सरसराती...

गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज जिलों में देखने को मिलेगा। घना कोहरा छाए रहने पर महज कुछ दूर की जगह नहीं दिखती है। ऐसे में वाहन चलाते समय सावधानी बरते। तेज गति से वाहन नहीं चलाएं। बचाव और दूसरों को सतर्क करने के लिए लाइट का हमेशा प्रयोग करें।

जल्द मिलेगा स्वास्थ्य बीमा...

अंतर्गत लाभुकों व उनके आश्रितों को एक परिवारिक ईकाई मानते हुए प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जायेगा। चिन्हित गंभीर बीमारी, जो एनेक्र वन के रूप में संलग्न है, के मामले में चिकित्सा प्रदान करने वाले सम्बंधित अस्पताल की अनुशंसा पर 50 करोड़ रुपए के बनाये गये कॉरपोरेट बफर में से ऐसी गंभीर बीमारियों की चिकित्सा पर 05 लाख रुपए तक की अतिरिक्त अधिसीमा अर्थात कुल 10 लाख रुपए की अधिसीमा तक की चिकित्सा पर हुये व्यय का वहन किया जाएगा। झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाईटी के स्तर पर किसी बीमित कर्मी के बीमा राशि से अधिक राशि का चिकित्सा व्यय होने की स्थिति में अतिरिक्त चिकित्सा व्यय वहन के लिए एक कॉरपस फण्ड बनाया किया जायेगा, जिससे ऐसे मामलों में भुगतान किया जा सकेगा।

खनन क्षेत्र में नई तकनीक...

गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मौसम बिगड़ने के बाद कई बार शिकायत प्राप्त होती है कि खदान के अंदर मजदूर फंसे हुए हैं। उनको बाहर लाने में यह सहायक होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में बिजली के मामले में भारत सरकार आत्मनिर्भर बनना चाहता है। इसके लेकर लगातार नए प्रयास किए जा रहे हैं। वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात करने वाले हैं। इस दौरान राज्य सरकार के द्वारा लगातार की जा रही कोल रॉयल्टी सहित विभिन्न मुद्दों पर बातचीत होगी। इस मौके पर राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, महुआ माजी भी उपस्थित थे।

दो वाहनों में लगाई...

भी की गई थी लेकिन मांग इतनी ज्यादा थी कि बात बन नहीं रही थी और नतीजा इस रूप में आया। लगभग एक बजे आईजी अखिलेश कुमार झा, ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल, डीएसपी अनुज उरांव व ओरमांझी थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी क्रशर पर पहुंचे और वहां के मजदूरों से बातचीत की। एक मजदूर मुकेश करमाली ने बताया कि लगभग बारह बजे पश्चिम की ओर से बारह पंद्रह की संख्या में वे लोग आए। कुछ के हाथ में पिस्तौल व कुछ लोग डंडा लिए हुए थे। बताया कि हमलोग आग सेंक रहे थे, आते ही उनलोगों ने पीटना आरम्भ कर दिया। हमलोग भाग गए। बाद में वे लोग एक पोकलेन व एक हाईवा को आग लगा दी , बाद में वे लोग जिधर से आये थे उधर से ही भाग गए। इस संबंध में ओरमांझी थाना में एक प्राथमिकी दर्ज हुई है जिसमें विक्रांत जी व एक दर्जन अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। झारखंड में लॉ एंड ऑर्डर पर सख्ती के तमाम दावों के बावजूद कंस्ट्रक्शन और ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों पर हमले की घटनाएं लगातार हो रही हैं। पिछले पांच महीनों में ऐसी नौ घटनाएं सामने आई हैं। पूरे राज्य में कंपनियों से रंगदारी और लेवी वसूली करने वाले कई आपराधिक गिरोह उग आए हैं, जो इस तरह की घटनाएं अंजाम दे रहे हैं।

डोंबारी बुरू: झारखंड में यहां...

इंस्टीट्यूट (टीआरआई) की ओर से दो साल पहले कराए शोध में इस नरसंहार से जुड़े कई तथ्य सामने आए हैं। ब्रिटिश सरकार की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि डोंबारी बुरू में 12 लोगों की मौत हुई थी, लेकिन आजादी के बाद बिहार सरकार की ओर से 1957 में प्रकाशित रिपोर्ट में मरने वालों की संख्या 200 बताई गई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक,अंग्रेजी सेना ने बिरसा मुंडा के दो साथियों हाथीराम मुंडा और सिंगराई मुंडा को पकड़कर जिंदा दफना दिया था। शहीदों में हाड़ी मुंडा, मझिया मुंडा, होपन मांझी, बैरू मांझी, अर्जुन मांझी, रूपू मांझी, चंपई मांझी, भाको मुर्मू, भुगलू मुर्मू, जीतराम बेदिया के नाम शोध में सामने आए हैं। इस इलाके में आदिवासियों की लोकगीतों में और उनकी स्मृति में गाड़े पत्थरों में इन नामों का जिक्र पाया गया है। शोध रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटिश कमिश्नर ए. फोर्ब्स, कर्नल वेस्टमोरलैंड और एचसी स्ट्रेटफील्ड ने कत्लेआम मचाने वाली फौज की अगुवाई की थी। स्टेट्समैन के 25 जनवरी 1900 के अंक में छपी खबर के मुताबिक, इस लड़ाई में 400 लोग मारे गए थे. कहते हैं कि इस नरसंहार से डोंबारी पहाड़ी खून से रंग गई थी। लाशें बिछ गई थीं और शहीदों के खून से डोंबारी पहाड़ी के पास स्थित तजना नदी का पानी लाल हो गया था। इस युद्ध में अंग्रेज जीत तो गए, लेकिन विद्रोही बिरसा मुंडा उनके हाथ नहीं आए थे। बाद में 3 फरवरी 1900 की रात में चाईबासा के घने जंगलों से बिरसा मुंडा को पुलिस ने उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वे गहरी नींद में थे। उन्हें खूंटी के रास्ते रांची ले आया गया। यहां 9 जून की सुबह जेल में ही उन्होंने आखिरी सांस ली थी।

एक झलक

ठंड को लेकर मंत्री ने बामेंबासा पंचायत में ग्रामीणों के बीच किया कंबल का वितरण

चाईबासा : बढ़ते ठंड को लेकर राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार व परिवहन विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा द्वारा गुरुवार को टोंटो प्रखंड अंतर्गत बामेबसा पंचायत में ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वही मंत्री श्री बिरुवा के आगमन पर ग्रामीणों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। मंत्री श्री बिरुवा ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी, एवं बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। वही गांव की विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त की, तथा जल्द ही समस्याओं के समाधान को लेकर कार्य करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्थानीय मुखिया मंगल सिंह कुंटिया,के अलावा देवेन बारी, पंडित बारी, रंजीत गोप, जीतू बारी ,मोहन सिंह बारी, उप मुखिया आश्रिता बारी के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

ब्रजमोहन हो आश्रम से कोचिंग प्राप्त कर छात्र छात्राएं विभिन्न सेवाओं में दे रहे हैं योगदान

चाईबासा : सदर प्रखंड अंतर्गत तसर फर्म मतकमहातु में स्थित "ब्रजमोहन हो आश्रम" की छठवीं वर्षगांठ आज शुक्रवार को हो समाज के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में ब्रजमोहन हो आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष अरुण देवगम जो वर्तमान में कमांडेंट के पद पर छत्तीसगढ़ में कार्यरत हैं,ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आश्रम ट्रस्ट के उद्देश्यों एवं अब तक की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ज्ञात हो कि अब तक इस आश्रम से कोचिंग प्राप्त कर 43 छात्र एवं छात्राएं सफलता प्राप्त कर विभिन्न सुरक्षा बलों एवं अन्य सेवाओं में अपना योगदान दे रहे हैं। ब्रजमोहन हो आश्रम आर्थिक रूप से कमजोर छात्र छात्राओं को सशस्त्र सेना एवं अन्य प्रतियोगिताओं के लिए फ्री कोचिंग एवं रहने की सुविधा प्रदान करती है।साथ ही,यहां फ्री नियमित मेडिकल चेकअप की भी व्यवस्था है।

पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड जगुआर(एस०टी०एफ०) का कार्यालय, राँची

ज्ञापांक 171 / परि०, दिनांक 09 / 01 / 2025

निविदा आमंत्रण सूचना (सूचना संख्या – 01 / 2024–25)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड जगुआर(एस०टी०एफ०), राँची के विभिन्न प्रकार के सरकारी वाहनों का टायर–ट्यूब(फ्लैप सहित) एवं बैट्री क्रय करने हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए निविदा आमंत्रित किया जाता है। इस परिप्रेक्ष्य में इच्छुक अधिकृत आपूर्तिकर्ता / फर्म सीलबंद लिफाफे में अपना निविदा उल्लेखित कंपनी के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कार्य दिवस में समर्पित करेंगे।

1. निविदाकर्ता का नाम –पुलिस उप–महानिरीक्षक,जे०जे०(एस०टी०एफ०), राँची।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय – 24 / 01 / 2025 समय – 17:00 बजे।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 25 / 01 / 2025 समय – 11:00 बजे।
4. निविदा जमा करने का स्थान – पुलिस महानिरीक्षक, जे०जे०(एस०टी०एफ०), का कार्यालय, राँची, झारखण्ड।

वाहनों के प्रकार के अनुरूप टायरों की साईज की विवरणी :–

क्र०	वाहन का प्रकार	टायर–ट्यूब–फ्लैप का प्रकार	अद्दद	कंपनी का नाम
01	बड़ी बस	10.00/20	प्रति पीस	CEAT/MRF
02	वाटर टैंकर – 1109	8.25-20	प्रति पीस	CEAT/MRF
03	मिनी बस	7.50/16	प्रति पीस	CEAT/MRF
04	709 ट्रक	7.50/16	प्रति पीस	CEAT/MRF
05	407 ट्रक	8.25/16	प्रति पीस	CEAT/MRF
06	207(4x4)	205R16	प्रति पीस	CEAT/MRF
07	सूमो / एम्बुलेंश	195R15	प्रति पीस	CEAT/MRF
08	स्कॉर्पियो	235/70R16	प्रति पीस	CEAT/MRF
09	बोलेरो	215/75R15	प्रति पीस	CEAT/MRF
10	इनर्नेडर	185/85R16	प्रति पीस	CEAT/MRF
11	कमाण्डर	185/85R16	प्रति पीस	CEAT/MRF
12	थार जीप	185/85R16	प्रति पीस	CEAT/MRF
13	मोटरसाइकिल (TVS अपाची)	90/90(Front) 110/80(Rear)	प्रति पीस	CEAT/MRF
14	मोटरसाइकिल (TVS स्टार सिटी)	2.75X17(Front) 3.00X17(Rear)	प्रति पीस	CEAT/MRF

बैट्री के प्रकार की विवरणी :–

क्र०	बैट्री का प्रकार	अद्दद	कंपनी का नाम
01	100 Ah	प्रति पीस	EXIDE
02	80 Ah	प्रति पीस	EXIDE
03	70 Ah	प्रति पीस	EXIDE
04	5 LB	प्रति पीस	EXIDE
05	9 Ah	प्रति पीस	EXIDE

निविदा में भाग लेने वाले शर्त निम्नवत है:–

1.उक्त मद में वैसे फर्म निविदा दे सकते हैं, जो झारखण्ड राज्य कर में निबंधित हो ।
2.निविदा दाता के निविदा में GST NO. होना अनिवार्य है।
3.उपरोक्त वर्णित सामग्री बाजार दर के अनुरूप होनी चाहिए।
4.टायर एवं बैट्री की गुणवत्ता उच्च कोटी की होनी चाहिए।
5.निविदा खोलने के समय निविदादाता स्वयं या अपने प्रतिनिधि को रख सकते हैं।
6.टायर एवं बैट्री कंपनी का Authorization/Authorised Dealer होना आवश्यक है।
7.निविदा में GST एवं PAN कार्ड का छायाप्रति साथ मोबाईल नं0 अंकित होना अनिवार्य होगा।
8.कार्यालय के क्रयादेश के 7(सात) दिनों के अन्दर झारखण्ड जगुआर(एस०टी०एफ०) में टायर एवं बैट्री आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
9.पुलिस विभाग में पूर्व में टायर एवं बैट्री आपूर्ति करने से संबंधित प्रमाण पत्र / दस्तावेज समर्पित करने की स्थिति में प्राथमिकता दी जाएगी।
10.स्वीकृत / सफल फर्म द्वारा समय पर टायर एवं बैट्री आपूर्ति नहीं करने पर उसी दर पर दूसरे फर्म से टायर एवं बैट्री क्रय किया जा सकेगा।
11.टायर एवं बैट्री का Warranty/Guarantee and Expiry की अवधि की शर्तें स्पष्ट होनी चाहिए।
12.पुलिस महानिरीक्षक, जे०जे०(एस०टी०एफ०), राँची को यह अधिकार सुरक्षित है कि बिना कारण बताए एक या एक से अधिक या सभी निविदाओं को आंशिक या पूर्ण रूप से अस्वीकृत कर सकेंगे।

पुलिस उप–महानिरीक्षक
झारखण्ड जगुआर (एस०टी०एफ०),राँची

PR 343953 (Police)24-25*D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा

अल्प कालीन ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 09(RI)/2024-25/RWD/EE/KODERMA दिनांक :-08.01.2025

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

क्र0 सं0	आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि	टेन्डर कॉल
1.	RWD/KODERMA/ 28/2024-25	प्रखण्ड सतगांवां अन्तर्गत पंचायत टेहरो में ग्राम नन्दुडीह से ग्राम भूताही स्कूल होते हुए आर0सी0डी0 रोड ग्राम खाब तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–2.300 कि0मी0)	2,24,26,700/-	दो करोड़ चौबीस लाख छब्बीस हजार सात सौ रू0 मात्र।	09 (नौ) माह	द्वितीय

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–11.01.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–25.01.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–27.01.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, कोडरमा झारखण्ड, पिन– 825410
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8709561933 / 06534–297102
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0 / –
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा।

PR.NO.343870 Rural Work Department(24-25):D

सन्मार्ग प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक प्रेम शंकर द्वारा सन्मार्ग झारखंड मीडिया प्रा. लि., सन्मार्ग बिल्डिंग, हरमू बाईपास रोड, रांची-834001 से प्रकाशित तथा सन्मार्ग झारखंड मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, हरमू बाईपास रोड, रांची-834001 से मुद्रित।
संपादक : प्रेम शंकर, स्थानीय संपादक : ज्ञान रंजन कुमार*, फोन नं. : 0651- 2212677, रजि. नं.- \JHAHIN/2009/28606, पोस्टल रजि.नं. \RNC-156/2009 (* पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)

बंगाल को 72 रनों से हराकर हरियाणा क्वार्टर फाइनल में

विजय हजारे ट्रॉफी

पार्थ वत्स का हरफनमौला प्रदर्शन

बड़ौदा/एजेंसी। पार्थ वत्स (62 रन और तीन विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत हरियाणा ने गुरुवार को विजय हजारे ट्रॉफी के प्री क्वार्टरफाइनल में बंगाल को 72 रनों से हराकर टूनार्मेंट के अगले दौर में जगह बना ली है। हरियाणा के 298 रन के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बंगाल के लिए अभिषेक पोरेल और कप्तान सुदीप कुमार घरमी की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। सुमित कुमार ने सुदीप कुमार (36) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद 18वें ओवर में अमित राणा ने अभिमन्यु ईश्वरन (10) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। अभिषेक पोरेल (57) को आदित्य कुमार ने आउट किया। बंगाल का चौथा विकेट अनुस्तुप मजुमदार (36) के रूप में गिरा। उन्हें पार्थ वत्स ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद नियमित अंतराल पर बंगाल के विकेट गिरते रहे। सुदीप चटर्जी (14), करण लाल (28), प्रदीप्त प्रमाणिक (पांच), कौशिक माइती (छह), मोहम्मद शमी (दो), सायन

घोष (चार) रन बनाकर आउट हुये। मुकेश कुमार 12 गेंदों में 13 रन बनाकर नाबाद रहे। हरियाणा के गेंदबाजों ने बंगाल की पूरी टीम को 43.1 ओवर में समेट कर मुकाबला 72रनों से जीत लिया। हरियाणा की ओर से पार्थ वत्स ने तीन विकेट लिये। अंशुल काम्बोज और निशांत सिंधु ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। आदित्य कुमार, सुमित कुमार और अमित राणा को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले बंगाल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा अर्श रंगा और हिमांशु राणा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। छठें ओवर में मुकेश कुमार ने अर्श रंगा (23) को आउटकर बंगाल को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद सातवें ओवर में मोहम्मद शमी ने हिमांशु राणा(14) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। कप्तान कुमार (18) रन बनाकर कर आउट हुये।

प्री क्वार्टर फाइनल में राजस्थान ने तमिलनाडु को 19 रनों से हराया

वड़ोदरा/एजेंसी। अभिजीत तोमर (111) की शतकीय महिपाल लोमरोर (60) की अर्धशतकीय पारियों के बाद अमन शेखावत (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर राजस्थान ने गुरुवार को विजय हजारे ट्रॉफी के प्री क्वार्टरफाइनल में तमिलनाडु को 19 रनों से हराकर टूनार्मेंट के अगले दौर में जगह बना ली हैं। राजस्थान के 267 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी तमिलनाडु के लिए तुषार रहेजा और नारायण जगदीशन की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। सातवें ओवर में खलील अहमद ने तुषार रहेजा (11) को आउटकर राजस्थान को पहली सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में अनिकेत ने भूपति कुमार (शून्य) को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। तमिलनाडु का दूसरा विकेट नारायण जगदीशन (65) के रूप में गिरा। बाबा इन्द्रजीत (37), विजय शंकर (49) और मोहम्मद अली (34) ने कुछ देर तक संघर्ष किया। संजय यादव (दो), कप्तान साई किशोर (13), वरुण चक्रवर्ती (18) और संदीप वारियर (दो) रन बनाकर आउट हुये। राजस्थान के गेंदबाजी आक्रमण के आगे तमिलनाडु की पूरी टीम 47.1 ओवर में 248 रनों पर सिमट गई और राजस्थान ने 19 रनों से मुकाबला जीत लिया। उन्हें कौशिक माइती ने आउट किया। पार्थ वत्स और निशांत सिंधु ने पारी को संभाला। इन दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट लिए 84 रनों की साझेदारी हुई। 32वें ओवर में करण लाल ने पार्थ वत्स (62) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। निशांत सिंधु (64) को सायन घोष ने अपना शिकार बनाया। राहुल तेवतिया (29) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद तो मोहम्मद शमी और मुकेश कुमार ने हरियाणा के बल्लेबाजों को पिच पर अधिक देर टिक ही नहीं दिया। दिनेश बाना (15), अंशुल काम्बोज (चार) को शमी ने आउट किया। अमित राणा (पांच) को मुकेश कुमार ने बोल्ड आउट किया। सुमित कुमार 32 गेदों में (41) रन बनाकर नाबाद रहे। हरियाणा की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 298 रन का स्कोर खड़ा किया। बंगाल की ओर से मोहम्मद शमी ने तीन और मुकेश कुमार ने दो विकेट लिये।

चंबल मैराथन 12 जनवरी से, तैयारियां चरम पर

42.195 किमी का होगा मैराथन

इटावा, भिंड, और जालौन जिलों के गांवों और जंगलों से होकर गुजरेगा मैराथन

जालौन/एजेंसी। उत्तर प्रदेश में जालौन के पंचानंद क्षेत्र में जालौनः राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में चंबल संग्रहालय द्वारा आयोजित चंबल मैराथन का पांचवां संस्करण 12 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। इस अनूठी मैराथन की तैयारियां जोरों पर हैं, जिसमें प्रतिभागियों के जोश और आयोजन की भव्यता ने इसे खास बना दिया है। चंबल मैराथन की शुरुआत सुबह आठ बजे इटावा के डॉल्फिन सफारी, सहसो से होगी और यह पांच नदियों के संगम पंचनद पर समाप्त होगी। मैराथन का मार्ग बल्लो गढ़िया, हरके पुरा, चंबल आश्रम हुकुमपुरा, जायघा, मई, और जगम्मनपुर जैसे ऐतिहासिक स्थलों से गुजरते हुए न केवल धावकों को रोमांचित करेगा, बल्कि चंबल क्षेत्र के प्राकृतिक और सांस्कृतिक महत्व को भी उजागर करेगा। इस आयोजन में औरैया, इटावा, जालौन, भिंड, मुरैना, ग्वालियर, धौलपुर, आगरा और अन्य क्षेत्रों के सैकड़ों धावक भाग लेंगे। चंबल संग्रहालय के महानिदेशक डॉ. शाह आलम राना ने बताया कि चंबल मैराथन का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देना और चंबल के बीहड़ी गांवों, प्राकृतिक सौंदर्य, और ऐतिहासिक महत्व को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। 42.195 किमी की इस मैराथन का रूट इटावा, भिंड, और जालौन जिलों के गांवों और जंगलों से होकर गुजरेगा। डॉ राना ने कहा, इस आयोजन के माध्यम से धावकों को चंबल अंचल की अनोखी विशेषताओं का अनुभव होगा। यहां की सरसों के पीले फूल, बलखाती नदियां, औषधीय पौधों से भरे जंगल, प्रवासी पक्षियों के झुंड, और मगरमच्छों व डॉल्फिन की अठखेलियां धावकों को एक अलग अनुभव प्रदान करेंगी। बीहड़ों से होकर गुजरने वाले इस मार्ग में प्रतिभागी उन स्थानों को देख सकेंगे, जो कभी डाकुओं और बागियों की शरणगाह हुआ करते थे। मैराथन का अंतिम पड़ाव पंचनद संगम, जहां चंबल, यमुना, सिंध, पहुंज और क्वारी नदियों का मिलन होता है, अपने आप में एक अद्वितीय स्थान है। चंबल मैराथन के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है।

चोटिल कमिंस का चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने पर संशय

बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के दौरान टखने में लगी थी चोट

सिडनी/एजेंसी। बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के दौरान टखने में लगी चोट के कारण ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस का चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने पर संशय है। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट (सीए) ने गुरुवार को कहा कि चोटिल कमिंस श्रीलंका के दो टेस्ट मैचों के दौरे पर नहीं जायेंगे। इस दौरान वह पितृत्व अवकाश पर रहेंगे और आने वाले दिनों में उनके टखने का स्कैन किया जाएगा। स्कैन के बाद पता चल पायेगा कि वह 16 फरवरी से पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में टीम की अगुवाई करेंगे या नहीं। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने आज यहां श्रीलंका दौरे के लिए टीम की घोषणा के दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पैट दूसरी बार पिता बनने वाले हैं, वह पितृत्व अवकाश पर हैं। उनके टखने में हल्की चोट है। अगले सप्ताह उनके टखने का स्कैन होगा इसके बाद ही उनकी चोट की स्थिति का पता चल सकेगा। उन्होंने कहा कि कमिंस चैंपियंस ट्रॉफी में खेल पायेंगे या नहीं इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। स्कैन की रिपोर्ट देखने के बाद ही फैसला किया जायेगा।

जनता को लूटकर पूंजीपतियों को फायदा दे रहा जीएसटी : कांग्रेस

जीएसटी को बताया आम लोगों के लिए आतंक

नयी दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के जरिए आम लोगों की जेब पर डाका डाल रही है और सामान्य लोगों से ज्यादा कर वसूल कर पूंजीपतियों की पूंजी में बढ़ोतरी कर रही है। कांग्रेस नेता शक्ति सिंह गोहिल ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में जीएसटी को आम लोगों के लिए आतंक करार दिया और कहा कि सरकार किसान से कॉटन पर एडवांस कर ले रही है तथा इसके बदले ब्याज भी नहीं दिया जा रहा है। खेती किसानी में प्रयोग होने वाले उपकरणों और कीट नाशक

रसायनों पर भारी कर लगाया जा रहा है और पूंजीपतियों को करों से राहत दी जा रही है। जीएसटी का आधार सरलीकरण था और इसका आधार एक ही होना चाहिए था लेकिन मोदी सरकार ने इसमें स्लैप बढ़ाकर जीएसटी का आतंक खड़ा कर दिया है जिससे आम आदमी परेशान हो गया है। पॉपकॉर्न पर तीन स्लैब में कर लिया जा रहा है और ऐसा कर सरकार आम लोगों के साथ अत्याचार कर रही है। श्री गोहिल ने कहा कि मोदी सरकार में गरीब और आम लोगों से जीएसटी जमकर लिया जा रहा है लेकिन जो लोग अरबों-खरबों की कमाई कर रहे हैं उन पूंजीपतियों को कर से छूट दी जा रही है। इसी का परिणाम है कि आज गरीबों और अमीरों के बीच जबरदस्त खाई बढ़ गई है और यह अंग्रेज शासन के समय से भी ज्यादा चौड़ी हो गई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पूंजीपतियों को दो लाख करोड़ रुपए के कर में छूट दी है। यहीं नहीं, बड़े उद्योगपतियों का सरकार ने 17 लाख करोड़ रुपए का एनपीए माफ किया है और इस माफी के बदले इन पूँजीतियों ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड खरीदकर भाजपा को चंदा दिया है।

राष्ट्रपति भवन 21 से 29 जनवरी तक आम लोगों के लिए रहेगा बंद

नयी दिल्ली/एजेंसी। गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोह के कारण 21 से 29 जनवरी तक राष्ट्रपति भवन में आम लोगों का प्रवेश बंद रहेगा। राष्ट्रपति सचिवालय ने गुरुवार को यहां बताया कि यह निर्णय सुरक्षा कारणों से लिया गया है। इस अवधि के दौरान लोग राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान नहीं देख सकेंगे। सचिवालय ने बताया कि गणतंत्र दिवस परेड के पूर्वाभ्यास के कारण राष्ट्रपति भवन में 11, 18 और 25 जनवरी को गार्ड परिवर्तन समारोह भी नहीं होगा।

श्रीलंका दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया ने की 16 सदस्यीय टीम की घोषणा

कोनोली, मैकस्वीनी और कुहनेमन की वापसी

सिडनी/एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका दौरे के लिए कूपर कोनोली, नाथन मैकस्वीनी को टीम में वापस बुलाया है तथा सैम कोंस्टास और ब्यू वेबस्टर को भी टीम में जगह दी गयी हैं। ऑस्ट्रेलियाई चयनकताओं ने श्रीलंका दौरे के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम के नियमित कप्तान पैट कमिंस अपने दूसरे बच्चे के जन्म और टखने की चोट के इलाज के लिए घर पर ही रहेंगे। उनकी जगह स्टीवन स्मिथ को कप्तान बनाया गया है। ऑस्ट्रेलिया चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, खिलाड़ियों को अलग-अलग परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है, श्रीलंका दौरा करना चुनौतीपूर्ण और रोमांचक है। यह टीम किस प्रकार के विकेट का सामना करने में सक्षम है। उन्होंने कहा, हम उन टीम के सदस्यों के लिए आगे के अवसर को लेकर उत्साहित हैं, जो अपने टेस्ट करियर की शुरूआत में हैं, ताकि वे उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में अपने खेल को आगे बढ़ा सकें, जहाँ आने वाले वर्षों में हमारे पास कई महत्वपूर्ण दौरे हैं।

झारखंड आंदोलन के बौद्धिक ऊर्जा जस्टिस एलपीएन शाहदेव

एक न्यायाधीश का संघर्ष लाया था रंग, जिसने झारखंड आंदोलन की लौ जलाये रखी थी

ज्ञान रंजन

झारखण्ड अलग राज्य के निर्माण की गाथा कुछ पन्नों में नहीं लिखी जा सकती। जनजातीय बहुल इस प्रदेश के निर्माण में कई महानुभावों का योगदान अविस्मरणीय है। ऐसे ही एक झारखण्ड आन्दोलन के महानायक थे जस्टिस एलपीएन शाहदेव। आम आवाम के बीच जज साहेब के नाम से प्रसिद्ध जस्टिस एलपीएन शाहदेव ने झारखंड आंदोलन को बौद्धिक ऊर्जा प्रदान की। झारखंड के वजूद में आए ढाई दशक होने को है। लेकिन, इसे अलग राज्य बनाने की लड़ाई में, कईयो ने कुर्बानियां और खून बहाया। तब लंबे आंदोलन, संघर्ष और दिन-रात की मेहनत के बाद अलग जल,जंगल जमीन का प्रदेश झारखंड बना। इसी झारखंड आंदोलन में शरीक एक जस्टिस भी थे, एलपीएन शाहदेव, जिनकी आज 13 वीं पुण्यतिथि है। जिन्हें हर कोई याद कर रहा है और उनकी बताए मार्ग को अपना रहा है। दिवंगत एलपीएन शहदेव, जो इस प्रदेश के आदिवासी-मूलवासी समुदाय के पहले जज थे। जिन्हें उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनने का गौरव हासिल हुआ था। न्यायिक सेवा में भी उन्होंने बड़ी शालीनता और साफगोई से आपना काम किया। इससे अलग हटकर , उन्होंने झारखंड के अलग राज्य बनाने के लिए भी महत्वपूर्ण किरदार अदा किया। आंदोलन की आग जलाकर और लोगों को एकजुट करके इसकी अगुवाई करते रहें और आवाज बुलंद रखा। नतीजा ये रहा कि काफी लंबे अरसे की तपस्या और संघर्ष के बाद झारखंड का निर्माण हुआ।

अलग राज्य की लड़ाई में निभाया अहम किरदार

भूमिपुत्रों के हक की लड़ाई : अलग झारखंड के बनने बाद भी आदिवासियों-मूलवासियों के लेकर काम करते रहते थे। उनके हक की आवाज बुलंद रखते थे। उनकी चिंता यही रहती थी कि झारखंड के मूलवासियों को उनके हक को माराकर उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। उनके साथ नाइंसाफी की जा रही है। बाहर के लोगों के द्वारा की जा रही हकमारी को लेकर अक्सर गोष्ठियों और चचाओं में बोला करते थे। उनका साफ मानना था कि भूमि पुत्रों को उनका हक मिलना चाहिए, क्योंकि इसके असली हकदार वहीं हैं। जस्टिस शहदेव चाहते तो आराम से रिटायर होने के बाद अपनी जिंदगी गुजार सकते थे। सेवानिवृति के साथ ही किसी आयोग या कमीशन के अध्यक्ष बन सकते थे । लेकिन, एक जुझारु इंसान की तरह हमेशा आखिर सांस तक संघर्ष का ही रास्ता चुना। बेशक आज दुनिया में जस्टिस शहदेव नहीं है, लेकिन, उनके बताए रास्ते, उनका संघर्ष और जिंदगी क्या है। ये सीखा कर चले गये।

हरमू आवास आन्दोलनकारी नेताओं का अड्डा : जस्टिस शाहदेव झारखंड के पहले भूमि पुत्र थे जिन्हें उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बनने का गौरव प्राप्त हुआ था। रिटायरमेंट के बाद वो खुलकर अलग राज्य के आंदोलन से जुड़ गए। इनका हरमू आवास आन्दोलनकारी नेताओं का अड्डा होता था। आंदोलन की रूपरेखा से लेकर स्वरूप तक पर व्यापक चर्चा होती थी।जब जब केंद्र सरकार ने आंदोलन को संवैधानिक भूलभुलैया में फंसाने की कोशिश की तो न्यायमूर्ति शाह देव कानून विशेषज्ञ के रूप में सामने आए थे। 1998 में तो इन्होंने सर्वदलीय अलग राज्य निर्माण समिति के संयोजक के रूप में आंदोलन की कमान भी संभाल ली थी।यह वह दौर था जब झारखंड में भाजपा, झारखंड मुक्ति मोर्चा, आजसू, वामदल, जदयू सहित विभिन्न विचारधारा के दल अलग राज्य के गठन के लिए एक मंच पर आए थे। आंदोलन के इसी दौर में 21 सितम्बर को बंद के दौरान जुलूस का नेतृत्व करते हुए न्यायमूर्ति शाह देव को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था। इनकी गिरफ्तारी से पूरे देश में हड़कंप मच गया था। क्योंकि पहले कभी ऐसा नहीं हुआ था कि उच्च न्यायालय का कोई न्यायधीश को आंदोलन के क्रम में गिरफ्तार किया गया हो। कोतवाली थाने में पूरा प्रोटोकोल का पालन हुआ। सबों की मेडिकल जांच हुई और समय पर सारे आंदोलनकारियों को भोजन उपलब्ध कराया गया। यह वह दौर था जब बिहार सरकार का दमन चरम पर था। बिहार सरकार अलग राज्य नहीं देना चाहती थी और आंदोलनकारी अलग राज्य के लिए मर मिटने को तैयार थे। आंदोलन के इस दौर में न्यायमूर्ति शाहदेव ने एक नई ऊर्जा का संचार किया था। सदानों का एक बड़ा वर्ग जो इस आंदोलन को शंका से देखता था वह भी इस आंदोलन से पूरे तरीके से जुड़ गया था। उसके बाद केंद्र भी झारखंड आंदोलन की व्यापकता के कारण इसे नजरअंदाज नहीं कर पाया।

जस्टिस एलपीएन शाहदेव पुण्यतिथि पर विशेष

राजपरिवार के वैभव को ठुकराया : न्यायमूर्ति शाह देव ऐसे तो राजपरिवार से संबंध रखते थे, लेकिन उनका आचरण और रहने की शैली पूरे तरीके से आम जनों जैसी थी। लातेहार के चंदवा प्रखंड के रोल गांव से में उनका जन्म हुआ था। गांव के स्कूल में से उन्होंने उच्च न्यायालय तक के न्यायाधीश का लंबा सफर तय किया था।आज भी उनके विचार प्रासंगिक है। जस्टिस एलपीएन शाहदेव मानते थे कि झारखंड सिर्फ विकास की नहीं बल्कि सत्ता की भी लड़ाई है। उनका स्पष्ट मानना था कि झारखंड के आदिवासी-मूलवासी वर्ग को बिहार के नेताओं ने सत्ता से दूर कर रखा है, जिसके कारण झारखंड का विकास नहीं हो पा रहा था। वह हमेशा कहते थे कि झारखंड का विकास तभी संभव है, जब सत्ता यहां के आदिवासी मूलवासी के हाथ में होगी।

बिहार की लॉबी ने न्यायाधीश बनने में रोड़ा लगाया था : न्यायमूर्ति शाहदेव एकीकृत बिहार में झारखंड क्षेत्र के आदिवासी मूलवासी समुदाय के पहले व्यक्ति थे, जिन्हें उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बनने का गौरव प्राप्त हुआ। उस समय भी बिहार की लॉबी ने इनके न्यायाधीश बनने में रोड़ा लगाया था, लेकिन इनके बेदाग कैरियर ने इन्हें अपने जीवन के शिखर तक पहुंचाया। आज झारखंड में सभी दल आदिवासी-मूलवासी को सत्ता में भागीदारी देने की घोषणा कर रहे हैं। यही सपना कभी न्यायमूर्ति शाहदेव ने भी देखा था। झारखंड आंदोलन में जस्टिस एलपीएन शाहदेव की प्रखर भूमिका रही। जस्टिस शाहदेव ने इस आंदोलन को बौद्धिक खुराक दी। झारखंड आंदोलन जब अपने अंतिम दौर में था और अलग राज्य लेने के लिए एक सामूहिक व संगठित प्रहार की जरूरत थी, तब जस्टिस शाहदेव ने बौद्धिक नेतृत्व किया। पूरे एक दशक तक सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति ने सड़कों पर उतर कर आंदोलन किया। उनके अंदर झारखंड अलग राज्य के लिए एक छटपटाहट थी। एक समय झारखंड आंदोलन पूरी तेवर और आक्रमकता के साथ चल रहा था। तब जस्टिस शाहदेव ने कहा था कि कोई आंदोलन अहिंसक और लोकतांत्रिक रहे, इसके लिए हमेशा अनुशासन में बंध कर संगठित रूप से काम करना होगा। वे यह भी बोलने में नहीं हिचकते थे कि कोई आंदोलन तब तक अहिंसक और लोकतांत्रिक रहता है, जब तक कि सत्ता में बैठे लोग उनकी आवाज सुने।

संक्षिप्त समाचार

ई-बाइक ब्लास्ट से मौत के बाद छोड़ा घर, टेंट में रह रहा परिवार

रतलाम। चार्जिंग के दौरान ई-बाइक में ब्लास्ट से 11 साल की बच्ची को खोने वाला परिवार टेंट में रह रहा है। इस हादसे में घर का सामान जलकर खाक हो गया। घर में जहां ब्लास्ट हुआ वहां का फर्श उखड़ चुका है। परिवार के लोगों की खाने-पीने से लेकर कपड़े और आर्थिक मदद पड़ोसी कर रहे हैं। वहीं घर की मरम्मत, साफ-सफाई व रंगाई-पुताई भी करा रहे हैं। पीड़ित परिवार को इस बात का मलाल है कि जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन ने उनका हाल-चाल जानने तक की जरूरत नहीं समझी। 4 जनवरी रात हुई घटना को परिवार के लोग भूल नहीं पा रहे। उन्हें घर आकर रहने में करीब एक हफ्ता और लग सकता है। तब तक के लिए रात को पुरुष टेंट में और महिलाएं पड़ोसियों के घर में सो रही हैं। दिन के समय वह भी टेंट में ही आ जाती हैं। इस मामले में पुलिस ई-बाइक शोरूम के संचालक को नोटिस देकर पूछताछ करेगी।

भाजपा नेता की चलती कार में लगी आग, टला हादसा

रतलाम। भाजपा नेता व पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अशोक जैन चौटाला की चलती कार में आग लग गई। कार में भाजपा नेता, उनकी पत्नी और बेटा सवार था। समय रहते वह कार से नीचे उतर गए नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना कस्तुरबा नगर से राम मंदिर की तरफ आने वाले टर्न पर हुई। भाजपा नेता चौटाला 80 फीट स्थित एक हॉस्पिटल में भर्ती अपने रिश्तेदार से मिलकर अपने घर लौट रहे थे। कार बेटा गौरव चला रहा था। चौटाला भी आगे बैठे थे। पीछे की सीट पर पत्नी उषा जैन बैठी थी। कस्तुरबा नगर टर्न पर अचानक से कार के बोनट से धुआं उठता देख बेटे ने गाड़ी रोकी। गाड़ी लॉक ना हो जाए, इसलिए तीनों तुरंत कार से बाहर निकले। देखते ही देखते कार के बोनट में लगी बैटरी से आग की लपटे निकलने लगी। टर्न पर चाय की होटल पर पानी के ड्रम भरे थे। वहां के कर्मचारियों ने दूध की केन व तपेलों से पानी भरकर बोनट में डाला।

झगड़ा सुलझाने गई बहू को जेठ ने सीने पर दराती मारी, मौत

खंडवा। खंडवा में एक महिला को उसी के जेठ ने मौत के घाट उतार दिया। जेठ ने आपसी विवाद के दौरान बहू के सीने पर दराती फेंककर मार दी। महिला ने उसी समय पति और ससुर के सामने दम तोड़ दिया। इसके बाद आरोपी जेठ मौके से फरार हो गया। घटना बुधवार देर रात की है, ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। गुरुवार सुबह शव बरामद कर मूंदी अस्पताल लाया गया। जहां दोपहर 12 बजे पोस्टमार्टम हुआ। मूंदी टीआई राजेंद्र नरवरिया के मुताबिक, महिला की दराती मारकर हत्या की गई है। आरोपी जेठ के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। मामला ग्राम चिराखान का है, मीराबाई पति राहुल (26) की हत्या उसके जेठ महेश (32) ने की। ससुर शोभाराम ने बताया कि भाई-भाई का झगड़ा हो रहा था, इसी बीच बहू छुड़ाने आ गई थी। तब ही गुस्से में बड़े बेटे महेश ने उस पर दराती से हमला कर दिया।

10 साल से लावारिस मंडी को 'प्याज' से मिलेगी पहचान

खंडवा। छैगांव माखन में 10 साल पहले करोड़ों रूपए खर्च कर बनाई कृषि उपज मंडी का उपयोग नहीं हो पाया हैं। 10 एकड़ जमीन में फैली मंडी का प्रांगण नेशनल हाईवे से लगा हुआ हैं। लावारिस मंडी का मामला पिछले सत्र के दौरान विधानसभा में उठ चुका हैं। अब इस मंडी को प्याज के नाम से देशभर में पहचान मिलने वाली हैं। इसके लिए सरकार ने तैयारी शुरू कर दी हैं। पंधाना विधायक छाया मोरे के द्वारा विधानसभा में सवाल पूछने के बाद सरकार ने इस ओर ध्यान दिया हैं। हालांकि, प्रशासनिक स्तर पर पिछले एक साल से मंडी के भविष्य को लेकर कार्रवाई हो रही हैं।

वृद्धा की जमीन पर पटवारी अन्य को दिला रहा पट्टा

रामबाग। रीवा जिले में राजस्व के अधिकतर मामलों में झगड़े की जड़ पटवारी ही होते हैं, वह अपने कमरे में बैठकर अधिकतर राजस्व के मामलों को सीधे निपटारा कर देते हैं। मौका स्थल पर निरीक्षण करने जाते नहीं है। इससे वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसी तरह का मामला जवा तहसील अंतर्गत ग्राम अतरैला से आया है, जहां शासकीय आबादी की जमीन पर धुनिया देवी राजकुमारी सहित अन्य लोगो का मकान और निस्तार है जिस पर ड्रोन सर्वे करवाकर उस जमीन का पट्टा किसी और को दिया जा रहा है। फरियादी प्रभात कुमार पांडेय, रामायण प्रसाद पांडेय निवासी अतरैला ने बताया कि ग्राम अतरैला की आराजी नंबर 68 रकवा 1.068 जो शासकीय आबादी राजस्व अभिलेख में दर्ज है।

निःशक्त विवाह की राशि में गबन, दो कर्मचारी को नोटिस जारी

दंपत्ति ने की दो लाख रुपए नहीं मिलने की शिकायत, अपर कलेक्टर ने की कार्रवाई

स्वदेश संवाददाता ■ सतना

निःशक्त विवाह प्रोत्साहन राशि में गबन का मामला पाए जाने पर अपर कलेक्टर मैहर शैलेन्द्र सिंह ने मध्यांचल ग्रामीण बैंक शाखा गोरहाई के शाखा प्रबंधक तथा जनपद पंचायत रामनगर के ग्राम पंचायत देवरी के रोजगार सहायक नागेन्द्र सिंह उर्फ रिंकू को कारण बताओ नोटिस जारी कर जबाव मांगा है। जारी नोटिस में कहा है कि मोहनिया सिंह गोड एवं भगवान सिंह को 2 लाख रुपये की निःशक्त विवाह प्रोत्साहन राशि जारी की गई थी, जोकि दंपत्ति को अभी तक नहीं मिली है।

मिली जानकारी के अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामनगर की जांच में पाया कि रोजगार सहायक नागेन्द्र सिंह उर्फ रिंकू ने आदिवासी निःशक्त दिव्यांग दम्पत्ति के साथ धोखाधड़ी कर बैंक से 2 लाख रुपये की राशि का आहरण किया. दुर्भावनापूर्वक किया यह कार्य शासकीय कर्मचारी के पदीय दायित्व के विरूद्ध है तथा एक अपराध है। इस कार्य में मध्यांचल ग्रामीण बैंक शाखा गोरहाई के बैंक मैनेजर, संबंधित स्टाफकी भूमिका भी संदिग्ध है, क्योंकि यह राशि बिना जांच के दिव्यांग दम्पत्ति को देने की बजाय किसी अन्य व्यक्ति को देने पर संदेह उत्पन्न करता है।



जवाब नहीं दिया, तो दर्ज होगी एफआईआर

अपर कलेक्टर मैहर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि बीएनएस के नवीन प्रावधान चोरी, अमानत में खयानत, धोखाधडी, शासकीय कर्मचारी द्वारा गलत जानकारी देना शासन को क्षति पहुंचाना आर्थिक गबन आदि के भारतीय न्याय संहिता 2003 की धारा 198, 199, 201 के अंतर्गत कृत्य दण्डनीय अपराध एवं पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराये जाने योग्य है। अपर कलेक्टर ने शाखा प्रबंधक और रोजगार सहायक को 3 दिवस के अंदर समक्ष में उपस्थित होकर कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। समय सीमा में जवाब प्रस्तुत न करने अथवा अनुपस्थित की दशा में संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।

मांगा अपने नाम से ड्रायविंग स्कूल का लायसेंस, दे दिया फर्म के नाम

फाइल फर्राटा रफ्तार से दौड़ाई और बना दिया लायसेंस, परिवहन विभाग में सब कुछ गोलमाल

स्वदेश संवाददाता ■ ग्वालियर

भोपाल में पकड़े गए सौरभ शर्मा कांड के बाद से ग्वालियर के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में भी कई मामले उजागर हो रहे हैं। ग्वालियर में भी बड़े पैमाने पर दलालों के जरिए सबकुछ गोलमाल तरीके से हो रहा है। इससे जुड़ा रोचक मामला सामने आया है, जिसमें एक ने व्यक्तिगत नाम से मोटर ड्रायविंग स्कूल लाइसेंस के लिए आवेदन किया था, लेकिन ड्रायविंग लाइसेंस शाखा के बाबुओं ने आवेदन को पढ़े बगैर ही उस नाम के बजाए एक निजी फर्म के नाम से मात्र कुछ दिन में लाइसेंस जारी कर दिया इसके साथ ही आवेदन में लगाई गईं तमाम जरूरी जानकारियां भी गलत निकली हैं।

सूत्रों के मुताबिक, आवेदक निकुंज शिवहरे ने तीन जनवरी 2024 को एक हजार रुपए ऑनलाइन फीस जमा कर ड्राइविंग स्कूल लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। खास बात यह है कि इस आवदेन की फाइल इतनी तेजी के साथ दौड़ी कि इसी दिन दस्तावेजों का सत्यापन किए बगैर नोटशीट बना दी गई। नोटशीट से निकुंज शिवहरे का नाम के स्थान पर रिलेक्स मोटर्स का नाम दर्ज था। यही नहीं, 18 फरवरी 2024 को तत्कालीन आरटीओ एचके सिंह ने भी बिना पड़ताल किए रिलेक्स मोटर्स के स्थान पर निकुंज मोटर्स के नाम मोटर ड्रायविंग स्कूल का लाइसेंस जारी कर दिया। इस पूरे मामले की शिकायत आरटीआई

कार्यकर्ता अनूप सिंह यादव ने सात जनवरी 2025 को लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक से की है, जिसमें इस लाइसेंस को जारी करने में तमाम अनियमितता के आरोप लगाए गए हैं। यादव के अनुसार व्यक्तिगत नाम से आवेदन को बदलकर पहले रिलेक्स मोटर्स और फिर निकुंज मोटर्स कर दिया गया। जबकि निकुंज मोटर्स के पास न तो वाहन चलाना सिखाने के लिए ट्रेक है और न ही पर्याप्त स्थान। आवेदन में जिस स्थान पर स्कूल संचालित करना बताया गया है, वह तैयार नहीं है। इसमें एक खास बात और यह है कि लाइसेंस पांच वर्ष के लिए बनता है, लेकिन इसे आठ फरवरी 24 से सात फरवरी 25 तक एक वर्ष का बनाया गया, लेकिन शिकायत के बाद कांट-छांट कर इसे पांच वर्ष कर दिया गया है। प्रकरण में प्रशिक्षण चालकों की सूची लगाई गई है उनमें से न तो किसी के पास पांच वर्ष का अनुभव है न ही कमर्शियल लाइसेंस। प्रशिक्षिका का लाइसेंस वर्ष 2023 का लगाया गया है। यानि कि योग्यता के पैमाने पर ऑफिस स्टॉफ एवं कर्मचारियों के पास योग्यता नहीं है। प्रशिक्षण के लिए दो वाहन बैगन आर और ऑटोमेटिक विटारा ब्रेजा का पंजीयन लगाया गया, जबकि दोनों गाड़ियों का कमर्शियल रजिस्ट्रेशन नहीं है। इसमें हाइब्रिड ऑटोमेटिक वाहन भी बताया गया है, जिससे वाहन चलाना और सीखना सभी के बूते का नहीं है।

इनका कहना है

'निकुंज शिवहरे के मोटर ड्रायविंग स्कूल लाइसेंस के आवेदन के बाद किसी फर्म के नाम लाइसेंस जारी होने की शिकायत हमारे पास भी आई है। इस मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।'

विक्रम सिंह कंग, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी

मैं अब सेवानिवृत्त हो चुका हूं। इसलिए निकुंज शिवहरे के आवेदन के बाद फर्म के नाम से लाइसेंस जारी होने की जानकारी मुझे नहीं है फिर मैं पता करता हूं ऐसा क्यों हुआ।

एचके सिंह, पूर्व आरटीओ

तूने मेरा नाम कैसे लिया संगठन गया चूल्हे में...।

महापौर परिषद सदस्य जीतू यादव व कमलेश कालरा विवाद में सुर्खियों में आया आडियो

स्वदेश संवाददाता ■ इंदौर

महापौर परिषद सदस्य जीतू यादव व भाजपा पार्षद कमलेश कालरा के बीच हुए विवाद का वीडियो-आडियो सामने आया है. इसमें जीतू यादव धमकाते हुए कमलेश कालरा को बोल रहे है कि आपने मेरा नाम कैसे लिया हैं, संगठन-वंगठन गया चूल्हे में...। संगठन अपनी जगह हैं और मैं अपनी जगह..। हालांकि स्वदेश इस आडियो की पुष्टि नहीं करता हैं।

बताया जा रहा हैं कि इस ऑडियो में जो व्यक्ति यह बोल रहा है कि संगठन-वंगठन चूल्हे में गया, वह महापौर परिषद सदस्य जीतू यादव हैं। ये व्यक्ति यहीं नहीं रूका हैं, वो बोला कि मेरे से बात करने की औकात हैं, सुबह मेरे आफिस आकर मिल लेना, अगर मैं आ गया ना वहां...। जबकि दूसरी आवाज पार्षद कमलेश कालरा की हैं,जो बचाव की मुद्रा में बात कर रहे हैं। आडियो को लेकर जीतू यादव व कमलेश कालरा का पक्ष सामने नहीं आ सका हैं। कालरा ने जीतू यादव पर उनके परिवार पर हमले करने का आरोप लगाया हैं। जूनी इंदौर पुलिस ने कमलेश के बेटे दीपेश कालरा की शिकायत पर 30 से 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया हैं। उन्होंने पुलिस कमिश्नर से भी जीतू यादव पर प्रकरण दर्ज करने की मांग की हैं। हालांकि पुलिस ने अभी मामले को जांच में लिया हैं।

कांग्रेस ने चुप्पी साधी

साल 2018 में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी पार्टी गई तेल लेने जैसी बात कही थी, जिसका भी वीडियो जमकर वायरल हुआ था। इस पर तब भाजपा ने पटवारी और कांग्रेस की खूब फजीहत की थी। उसके बाद अब जीतू यादव का संगठन-वंगठन गया चूल्हे में... का आडियो वायरल हुआ हैं। आए दिन भाजपा पर जुबानी हमले बोलने वाले कांग्रेस के नेता भाजपा के ताजा गुटीय घमासान पर चुप हैं, जबकि भाजपा में ही इसको लेकर खूब सुर्खियां जारी हैं।

12 साइबर ठग, दो करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के तथ्य उजागर

स्वदेश संवाददाता ■ सतना

स्टेट साइबर सेल जबलपुर और एसटीएफ टीम के द्वारा पकड़े गए 12 साइबर ठगों से शुरूआती पूछताछ में करीब दो करोड़ से अधिक की साइबर ठगी के तथ्यों का खुलासा हुआ है। सबसे अधिक आरोपी सतना जिले से हैं। इसके अलावा मैहर, कटनी और जबलपुर से कुछ आरोपियों को पकड़ा गया है।

साइबर टीम ने शुरुआती जांच में पाया कि अभी तक दो करोड़ रुपए से अधिक की ठगी इन साइबर ठगों ने की थी। अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ के दौरान आरोपियों की संख्या और भी बढ़ सकती है। दोनों ही टीम इन ठगों के पीछे बीते एक माह से लगी हुई थी।

निशाने पर थे कम पढ़े-लिखे और बुजुर्ग

बताया जाता है कि स्टेट साइबर सेल को इस संबंध में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रहीं थीं। गिरोह के अधिकांश युवा और पढ़े-लिखे लोग हैं। जिनके द्वारा कम पढ़े लिखे और बुजुर्गों को निशाने पर लिया जाता था। इनका तरीका यह था कि फोन लगाकर पहले तो लोगों को पुलिस अधिकारी बनकर धमकाते और उन्हें अरेस्ट कर लाखों-करोड़ों रुपए ऐंठ लेते थे. एसटीएफ निरीक्षक निलेश ने बताया कि इन आरोपियों की संख्या अभी और भी बढ़ सकती है। इन 12 आरोपियों को जबलपुर के अलावा कटनी, सतना से गिरफ्तार कर चुके हैं। इस मामले में इनके गैंग के और भी सदस्य शामिल होने की सूचना मिली है, जल्द ही उन लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

डिजिटल अरेस्ट नहीं,सायबर फ्राड के जाल में फंसी थी महिला

रीवा। पुराने सिक्कों के बदले लाखों रूपये कमाने की चाह में महिला शिक्षिका के आत्महत्या मामले में नया मोड़ आया है। पुलिस जिसे पहले डिजिटल अरेस्ट की घटना मान रही थी, गहन जांच के बाद सायबर फ्राड का पता चला है. सायबर फ्राड से पीड़ित होकर उक्त महिला ने अपनी इहलीला समाप्त कर ली है।

पुलिस के अनुसार साइबर फ्रॉड में फंसी मृतका शिक्षिका को बदमाशों ने न सिर्फ पैसों की वसूली की, बल्कि उसे पुलिसिया मामलों में फंसाने की धमकी दी और वीडियो कॉल पर वर्दीधारी पुलिस दिखाकर डराया, जिससे घबराकर डर के मारे शिक्षिका ने मौत को गले लगा लिया। मऊगंज के वार्ड 12 निवासी रेशमा पांडे नाम की महिला की संजय गांधी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। महिला की मौत पर परिजनों ने डिजिटल अरेस्ट का शिकार होने की बात कही, लेकिन जब इस पूरे मामले का खुलासा हुआ तो शिक्षिका साइबर फ्रॉड का शिकार होना पाई गई। मामले में शिक्षिका के परिजनों की माने, तो ठगों ने पुराने सिक्कों के बदले1 करोड़ 75 लाख रुपए देने का लालच दिया।, जिनके झांसे में फंसकर शिक्षिका से बारी-बारी से रकम की वसूली करते रहे. अंत में जब महिला ने साइबर फ्रॉड से मांगे जाने वाली 50 हजार की रकम को देने से इंकार किया, तो वह उसे तरह-तरह से डराने और धमकाने लगे।

उज्जैन में खुलेंगे तपोभूमि व महाकाल महालोक के नाम से दो नए थाने

उज्जैन। उज्जैन में अब तपोभूमि और महाकाल महालोक थाना खोले जाएंगे। इससे महाकाल थाना पर दबाव कम होगा, वहीं इंदौर मार्ग पर तेजी से बढ़ती कालोनियों एवं होटल्स, मांगलिक परिसरों, शैक्षणिक संस्थानों की कानून व्यवस्था का दबाव नानाखेड़ा थाना पर कम होगा। इस मार्ग पर सड़क दुर्घटनाएं भी बहुत अधिक हो रही हैं। सिक्स लेन बनने के बाद पुलिस का काम और बढ़ जाएगा। यह निर्णय भोपाल में प्रदेश के मंत्री-मंडलीय समिति की बैठक में लिया गया। इससे पूर्व शिवराजसिंह सरकार ने शहर में चार नए थाने खोले थे, जिनमें पंवासा, चिंतामण, नागझिरी, नानाखेड़ा शामिल हैं। पंवासा थाना खुलने से चिमनगंज मंडी थाना का कामकाज कम हुआ, वहीं चिंतामण थाना खुलने से महाकाल और नीलगंगा थाने का बोझ कम हुआ।

कार्यालय थाना प्रभारी थाना अवधपुरी, जिला भोपाल

फोन नं. 0755-2599345 E-Mail psawadhpuri@gmail.com

जाहिर सूचना / पम्पलेट

थाना अवधपुरी भोपाल गुम इंसान क्रमांक 35/2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.07.23 सूचनाकर्ता रेनू प्रसाद पिता स्व. श्री रामविलास उम्र 36 साल निवासी म.न. 47 कंचन नगर अवधपुरी भोपाल मो.नं. 6267311678 ने थाना उपस्थित आकर सूचना दिया कि मैं उक्त लिखाये पते पर निवास करती हूँ तथा पढाती हूँ। मेरी बड़ी बहन सरिता उफ रानी पिता स्व. श्री रामविलास प्रसाद उम्र 39 साल निवासी सदर की घर से आज दिनांक 22.07.2023 के दोपहर 12.00 बजे बिना बताये कहीं चली गई है जिनकी मानसिक स्थिती ठीक नहीं है। जिसकी सूचना पर थाना अवधपुरी में गुम इंसान क्र. 34/2023 पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है।

अतः गुमशुदा रूकसाना बी पति रहमत शाह उम्र 45 वर्ष के संबंध में कोई भी जानकारी प्राप्त होती है तो थाना अवधपुरी के दूरभाष क्रमांक 0755-2599345, 9479990584, 7049104309 (जांच कर्ता) पर सूचित करने का कष्ट करें।

गुमशुदा का हुलिया चेहरा लम्बा, बदन सामान्य, कद 05 फीट, क्रीम कलर की फ्राक, सफेद रंग की लेगी, सफेद दुपट्टा व मेहरून रंग की स्लीपर पहने है

थाना प्रभाशारी
थाना अवधपुरी, भोपाल

जी-21343/24

फॉर्म – जी

जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड

के लिए रूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण
भारत और विदेशों स्थानों में रियल एस्टेट, ईएंडसी, सीमेंट, आतिथ्य और अन्य उद्योगों में परिचालन

[भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड के विनियम 36ए के उप–विनियम (1) के अधीन (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के तहत]

क्र सं.	प्रासंगिक विवरण	
1.	कार्पोरेट देनदार का नाम पैन एवं सीआईएन नंबर/एलएलपी सहित	**जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड** **पैन : AABCB1562A** **सीआईएन : L14106UP1995PLC019017**
2.	पंजीकृत कार्यालय का पता	**सेक्टर 128, नोएडा - 201304 (उत्तर प्रदेश)**
3	वेबसाइट का यूआरएल	**http://jalindia.com/index.html**
4.	उस स्थान का विवरण, जहां पर अधिकांश अचल संपत्तियाँ स्थित हैं	कॉर्पोरेट देनदार का व्यवसाय विविधतापूर्ण है, और परिसंपत्तियाँ भारत और कुछ विदेशी स्थानों पर स्थित हैं। अधिक जानकारी के लिए, कृपया ऊपर दी गई वेबसाइट देखें।
5.	कार्पोरेट देनदार के मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता	कॉर्पोरेट देनदार एक समूह है जिसके विविध व्यावसायिक हित रियल एस्टेट, इंजीनियरिंग और निर्माण, सीमेंट और आतिथ्य सहित हैं। कृपया ऊपर दी गई वेबसाइट देखें।
6.	पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए प्रमुख उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य	कॉर्पोरेट देनदार के बारे में विवरण युक्त निवेश टीज़र यहां **http://jalindia.com/cirp.html** पर उपलब्ध है।
7.	कर्मचारियों/श्रमिकों की संख्या	कॉर्पोरेट देनदार के सीआईआरपी में रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने की प्रक्रिया और तरीके के बारे में विस्तृत जानकारी रुचि की अभिव्यक्ति के लिए विस्तृत आमंत्रण में दी गई है।
8.	दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूचियों के साथ), ऋणदाताओं की सूची सहित अन्य विवरण यहां यूआरएल पर उपलब्ध हैं:	इन विवरणों सहित रुचि की अभिव्यक्ति के लिए विस्तृत निमंत्रण प्राप्त करने के लिए, कृपया आवेदक का नाम, कंपनी का नाम, पदनाम और संपर्क नंबर के साथ, **cirpjal@gmail.com** पर विषय पंक्ति के साथ **"जेएएल: रूचि की अभिव्यक्ति के लिए विस्तृत आमंत्रण के लिए अनुरोध"** एक ईमेल भेजें।
9.	संहिता की धारा 25(2)(एच) के अधीन समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां यूआरएल पर उपलब्ध है।	
10.	अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि	**09 फरवरी 2025**
11.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	**19 फरवरी 2025**
12	अंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	**24 फरवरी 2025**
13.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	**06 मार्च 2025**
14	संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा समाधान योजना हेतु अनुरोध जारी करने की तिथि	**11 मार्च 2025**
15.	समाधान योजना प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	**25 अप्रैल 2025**
16.	ईओआई जमा करने के लिए ई–मेल करें	**cirpjal@gmail.com**

नोट – इस फॉर्म जी में समयसीमा जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के समाधान पेशेवर द्वारा माननीय एनसीएलटी, इलाहाबाद बेंच के समक्ष दायर आईए (आईबीसी) 21/ए एल डी/2025 में विस्तार/बहिष्कार के अनुदान के अधीन है, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है।

हस्ताक्षर/-
भुवन मदन
IBBI/IPA-001/IP-P01004/2017-2018/11655
पंजीकृत पता: ए–103 अशोक विहार फेज–3 (लक्ष्मी बाई कॉलेज के पीछे), नई दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली–110052

(10 जनवरी 2025, नोएडा)

जय प्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के लिए

कोहरे के कारण रेल यात्रियों ने लिए आठ लाख रिफंड

ग्वालियर। उत्तरभारत में कोहरे के कारण अधिकांश लंबी दूरी की ट्रेन देरी से चल रही हैं। इसका असर अप और डाउन ट्रैक की ट्रेनों पर पड़ रहा है। रेल यात्रियों को तो परेशानी का सामना करना ही पड़ रहा है, साथ ही रेलवे की आमदनी पर भी इसका काफी प्रभाव पड़ा है। पिछले सात दिन में ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर लगभग 200 से अधिक यात्रियों को रेलवे ने लगभग 2 लाख 70 हजार रुपए टिकट रिफंड के दिए गए हैं, वहीं ऑनलाइन में लगभग 6 लाख रूपए रिफंड हो चुके हैं। ग्वालियर- चंबल संभाग में कोहरे का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है।

प्रदर्शनी विद्यार्थी, युवा, बुजुर्ग और अधिकारी-कर्मचारी इतिहास से हो रहे रूबरू

मुद्रा महोत्सव में प्राचीन सिक्के व नोटों की दिखी झलक

स्वदेश संवाददाता ■ खरगोन

खंडवा शहर में पहली बार राधाकुंज में आयोजित मुद्रा महोत्सव के तहत अनूठी प्रदर्शनी में प्राचीन सिक्कों और नोट के इतिहास से नागरिक रूबरू हो रहे हैं। इसमें स्कूली विद्यार्थी के अलावा युवा, बुजुर्ग, अधिकारी- कर्मचारी पुराने सिक्के और नोट देख लोग आश्चर्य जता रहे हैं।

दो दिवसीय प्रदर्शनी में विश्वभर के करीब 150 देशों के पुराने नोटों और सिक्कों के साथ ही मोहरे, स्टॉम्प, चेक आदि का संग्रह रखी गई है, जिसमें गुप्तकाल, मुगलकाल और ब्रिटिश समय के नोट और सिक्के शामिल इस प्रदर्शनी की खासियत ये है कि

इसे 44 वर्षीय सराफा कारोबारी ने करीब 20 सालों के लंबे अरसे तक अलग-अलग देशों, राज्यों से संग्रह करने के बाद आम जनता के लिए निःशुल्क प्रदर्शित किया है। इसमें दुनियाभर के सिक्के रखे गए हैं। पुरातन काल के वो सिक्के भी यहां पर देखने को मिल रहे हैं, जिनके बारे में अभी तक सिर्फ किताबों में ही पढ़ा गया या देखा गया। लोकमाता देवी अहिल्या जन्म त्रयोदशी महोत्सव के उपलक्ष्य में जिला पुरातत्व, पर्यटन और संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ विधायक बालकृष्ण पाटीदार, कलेक्टर कर्मवीर शर्मा, जिला पंचायत सीईओ आकाश सिंह ने किया। विधायक ने उक्त प्राचीन मुद्राओं, दस्तावेजो के संग्रह के लिए महाजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी से निश्चित ही नई पीढ़ी को हमारे इतिहास को जानने का मौका मिलेगा।

भारत की धरोहर को संजोने का हो रहा काम

पर्यटन शाखा के नोडल नीरज अमझरे ने बताया कि प्रदर्शनी में अन्य कई दुर्लभ कलाकृतियों जैसे विभिन्न मैडल, मुगल कालीन सील, रियासत कालीन बाट, एन्शिएंट बीड्स, टोकन रखा गया है, जो न केवल भारत की धरोहर को संजोने का काम कर रही है। बल्कि समूचे विश्व के इतिहास से रुबरु करा रही है। महोत्सव में आम लोगों को जानकारी मिल रही है कि पुराने समय में किस तरह की मुद्रा चलती और किस तरह की होती थी। इसको लेकर आमजन में जागरूकता दिख रही है।

सार समाचार

छेर-छेरा पुन्नी 13 को

स्वदेश,रायपुर। इस वर्ष छत्तीसगढ़ का लोक पर्व छेर-छेरा पुन्नी 13 जनवरी सोमवार को है। इसे छेर-छेरा तिहार भी कहा जाता है। यह पर्व विशेषकर छत्तीसगढ़ के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मनाया जाता है। धान की नई फसल के दान से जुड़ी इस परंपरा को बच्चों की टोली घर-घर जाकर छेर-छेरा माई कोठी के धान ला हेर-हेरा किसानों के इस महत्वपूर्ण पर्व के दिन माता शाकम्भरी का प्रकटोत्सव भी है। धान लेने के रिवाज के पिछे मान्यता है कि दान करने से घरों में धन-धान्य की कमी नहीं होती। युवा इस दिन डंडा नृत्य करते हैं। छत्तीसगढ़ की संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शासन ने इस सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

पेंगोलिन तस्करों पर कसा शिकंजा, तीन तस्कर पकड़ाए

स्वदेश,रायपुर। छत्तीसगढ़ के वन विभाग ने एक बार फिर से वन्यजीव तस्करों के खिलाफ बड़ी सफलता हालिस की है। वनमंडल बस्तर, राज्यस्तरीय वन उडनदस्ता रायपुर और वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई में 43 किलो पेंगोलिन स्केल्स (साल खपरी का छाल) जब्त किए हैं। वन्य तस्करों की धरपकड़ का यह अभियान वन मंत्री श्री केदार कश्यप और प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री श्रीनिवास राव के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर 7 जनवरी को किए गए छापों में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से पहला आरोपी, जेम्स मैथ्यू, जगदलपुर रेंज के ग्राम तेली मारेंगा का निवासी है, जिसके घर से 32 किलोग्राम पेंगोलिन स्केल्स बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपी ने लॉकडाउन के दौरान बीजापुर के अंदरूनी इलाकों से इन स्केल्स को एकत्र किया था और खरीदार की तलाश में था। दूसरी कार्रवाई चित्रकोट रेंज के मारडूम-बारसूर मार्ग पर हुई, जहां चुन्नीलाल बघेल और राजकुमार कुशवाहा को 11 किलो पेंगोलिन स्केल्स के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया। हालांकि, इनके दो साथी जंगल का सहारा लेकर भागने में कामयाब रहे। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार

स्वदेश,नवापारा राजिम। तेलीबांधा और सिविल लाइन थाना पुलिस के टीम ने गांजा बेचते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 3 किलो 350 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने लाभांडी स्थित पुराना शराब दुकान के पास गांजा बेचते आरोपी दीपक बबलानी 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 3 किलो 10 ग्राम गांजा जब्त किया है। वहीं सिविल लाइन पुलिस ने आक्सीजोन गार्डन के पास आरोपी सूरज बंजारे 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 250 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

राजधानी में घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

स्वदेश,रायपुर। न्यू शांति नगर सिविल लाइन में घर के बाहर खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।
मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी त्रिभुवन संगेवार 52 वर्ष न्यू शांतिनगर सिविल लाइन का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमवी 3868 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मरीजों के अम्बेडकर अस्पताल में नई व्यवस्था शुरू

